मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.6 | 22.3 |
| जमशेदपुर | 32.1 | 22.0 |
| डालटनगंज | 32.7 | 19.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

रांची एवं पटना से प्रकाशित

रांची ● शनिवार, 04 नवंबर 2023 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 07, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 198

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

www.lagatar.in

सुर्खियां

**इंटरनेशनल**
- ईरान में नशामुक्ति केंद्र में लगी आग, 32 की मौत
- ईरान में व्यभिचार को लेकर महिला को मौत की सजा
- अमेरिका के विदेश मंत्री ब्लिंकन इजराइल पहुंचे
- पाक में पुलिस के गश्ती दल के पास धमाके में 5 की मौत

**नेशनल**
- केंद्रीय मंत्री मुरलीधरन ने केरल सरकार की आलोचना की
- फिल्म पाइरेसी के खिलाफ नोडल अधिकारी नियुक्त
- प्याज की कीमत क्यों बढ़ी, सरकार जवाब दे : प्रियंका
- श्रीकृष्ण की कृपा रही तो चुनाव लड़ूंगी : कंगना रनौत

**स्टेट**
- हेमंत ने किया चाइल्ड आर्टिस्ट एग्जीबिशन का उद्घाटन
- रांची के नगड़ी में ढाबा संचालक की हुई हत्या
- जेएसएससी परीक्षा में धांधली के खिलाफ राजभवन पर प्रदर्शन
- झारखंड में पहली बार हुई हॉकी इंडिया की एजीएम

**स्पोर्ट्स**
- बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की रावण जैसी दुर्गति होगी : योगी
- बाबरी विध्वंस में कांग्रेस की भी भूमिका थी : ओवैसी
- कांग्रेस की वजह से राजनीति में विश्वास का संकट : राजनाथ
- प्राइवेट एजेंसी का ऑफर लेटर बांट कर युवाओं छल रहे सीएम : सुदेश

## राज्य सरकार के कर्मियों को मिला दीपावली का तोहफा

# महंगाई भत्ता 4% बढ़ा

**कैबिनेट के फैसले**



### राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता 42 से बढ़ कर हुआ 46 प्रतिशत

### पेंशनभोगियों को भी मिलेगा लाभ

- दुमका एयरपोर्ट के लिए सरकार 30 बच्चों को दिलाएगी पायलट का प्रशिक्षण, 15 बच्चों को दी जाएगी स्कॉलरशिप
- राज्य के बचे हुए सभी गांव और टोलों का विद्युतीकरण कराएगी सरकार

कौशल आनंद। रांची

राज्य की हेमंत सरकार ने अपने कर्मचारियों को दीपावली का तोहफा दिया है. सरकार ने अपने वैसे कर्मचारी जो 7 वें वेतन पुनरीक्षण का लाभ ले रहे हैं, उनका महंगाई भत्ता 42 प्रतिशत से बढ़ा कर 46 प्रतिशत कर दिया है. इतना ही 1.1.16 से पुनरीक्षित दायरे में आए पेंशनधारियों को भी सरकार ने महंगाई भत्ता बढ़ा कर 42 से 46 प्रतिशत कर दिया है. बढ़ा महंगाई भत्ता कर्मचारियों को एक जुलाई 2023 से देय होगा. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगायी गयी. बता दें कि केंद्र सरकार के बाद हेमंत सरकार ने भी यह बड़ा निर्णय लिया है. इससे राज्य के कम से कम 3 लाख से अधिक कर्मी और करीब 3.50 लाख पेंशनधारियों को सीधा फायदा होगा.

-कैबिनेट के अन्य फैसले पेज 10 पर

### 30 बच्चों को कॉमर्शियल पायलट का प्रशिक्षण मिलेगा

राज्य सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लिया है. सरकार दुमका एयरपोर्ट पर 30 बच्चों को कॉमिर्शियल पायलट का प्रशिक्षण देगी. जिसमें 15 बच्चों को फ्री स्कॉलरशिप दी जाएगी. इसका खर्च सरकार उठाएगी. इस मद में सरकार 9.10 करोड़ रुपए खर्च करेगी. कुछ प्रशिक्षण दुमका में और कुछ प्रशिक्षण गड़गांव और नोएडा में दिया जाएगा. ये सभी वर्ग के बच्चों के लिए होगा. मगर इसका चयन तय आरक्षित कोटा के तहत ही होगा. इससे जुड़े प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी प्रदान की गयी है.

### मुख्यमंत्री उज्ज्वला योजना में छूटे गांव-टोलों का होगा विद्युतीकरण




राज्य सरकार एक नयी बिजली स्कीम मुख्यमंत्री उज्ज्वला झारखंड योजना शुरू करेगी. इसके तहत झारखंड के छूटे हुए सभी गांव-टोलों का विद्युतीकरण कराया जाएगा. इस पूरी योजना में सरकार 1485.39 करोड़ रुपए खर्च करेगी. इससे जुड़े प्रस्ताव को शुक्रवार को कैबिनेट से मंजूरी प्रदान की गयी. झारखंड में करीब 2,38, 565 गांव-टोले ऐसे हैं जिनका विद्युतीकरण कराया जाएगा.

### सरकार ने 2024 के लिए सरकारी अवकाश तय किए

शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 2024 के लिए सरकारी अवकाश के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी. एनआई एक्ट के तहत 2024 में कुल 21 सरकारी अवकाश और कार्यपालक आदेश के तहत कुल 12 अवकाश रहेंगे. 2024 में होलिका दहन 24 मार्च, अंबेडकर जंयती 14 अप्रैल, महावीर जंयती 21 अप्रैल को रविवार पड़ने के कारण अलग से अवकाश नहीं रहेगा. वहीं कार्यपालक आदेश के तहत घोषित अवकाश में 14 जनवरी सोहराय, 30 जुन हूल दिवस, रथ यात्रा 7 जुलाई, चित्रगुप्त पूजा 3 नवंबर को रविवार पड़ने के कारण अलग से अवकाश घोषित नहीं रहेगा.

### 13 न्यायाधीशों की होगी नियुक्ति

जिला जज के पद पर 13 न्यायाधिशों की नियुक्ति होगी. यह नियुक्ति सीधी भर्ती के आधार पर की जाएगी. इससे जुड़े प्रस्ताव को शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी प्रदान की गयी. कैबिनेट की बैठक में झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियामवली 2001 के तहत झारखंड उच्च न्यायालय की अनुशंसा के आलोक में यह निर्णय लिया गया.

### कला प्रदर्शनी साइलेंट कन्वर्सेशन का उद्घाटन



नयी दिल्ली में शुक्रवार को कला प्रदर्शनी साइलेंट कन्वर्सेशन के उद्घाटन समारोह के दौरान कलाकारों के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू. इस मौके पर राष्ट्रपति को एक कलाकृति भेंट करती युवती. -फोटो : पीटीआई

## आदिवासियों के लुगूबुरु पहाड़ को बचाने के लिए कल जनाक्रोश रैली

# प्रस्तावित हाइडल पॉवर प्रोजेक्ट रद्द हो

संवाददाता। रांची

संथाल जनजातीय समाज के धार्मिक स्थल लुगूबुरू पहाड़ (बोकारो ) में दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के प्रस्तावित 1500 मेगावट लुगू पहाड़ पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट के विरोध शुरू हो गया है. इसको लेकर संथाल समाज दिशोम मांझी परगना ने शुक्रवार को प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस की. महासचिव सोना राम हेंब्रम ने कहा कि 5 नवंबर को राज्य का संथाल समाज इस प्रोजेक्ट के विरोध में विशाल जनाक्रोश रैली निकाल कर प्रदर्शन करेगा. डीवीसी प्रबंधन व केंद्र सरकार से मांग है कि आदिवासियों के धार्मिक स्थल पर प्रस्तावित हाइडल पॉवर प्रोजेक्ट को रद्द किया जाए.



**बड़ा ऐलान**
- संथाल समाज दिशोम मांझी परगना करेगा आंदोलन
- सैकड़ों लोग लुगूबाबा गुफा में आकर करते हैं पूजा

### संथाल समाज का धार्मिक स्थल है लुगूबुरु पहाड़

बोकारो स्थित लुगूबुरु पहाड़ सदियों से पूरे देश के संथाल जनजातियों का धार्मिक स्थल रहा है. पहाड़ की चोटी में लुगूबाबा का गुफा व गर्भ गृह है. बारहों महीने संथाल समाज के लोग यहां आते हैं. पूजा- अर्चना करते हैं और सिद्धी प्राप्त करते हैं.

### अस्तित्व खत्म करने की चल रही है साजिश

सोना राम हेंब्रम ने कहा कि प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर दो दिवसीय संथालों का महाकुंभ यहां लगता है. लेकिन हमारे धार्मिक स्थल को समाप्त करने की नीयत से भारत सरकार के उपक्रम दामोदर घाटी निगम के प्रस्तावित 1500 मेगावट लुगूपहाड़ पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट को जबरन चालू करने योजना बनायी गयी है, जिसका हम संथाल आदिवासी विरोध करते हैं.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,900 |
| चांदी (किलो) | 75,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### हजारीबाग में फायरिंग कांग्रेस नेता घायल

**हजारीबाग।** जिले में जमीन विवाद में हुई गोलीबारी में कांग्रेस नेता डॉ. प्रकाश कुमार घायल हो गए हैं. पुलिस ने बताया कि कोर्रा थाना क्षेत्र के दीपूगढ़ा स्थित डीएवी स्कूल के पास प्रकाश कुमार अपनी जमीन पर काम करा रहे थे. इसी दौरान अशोक साव व अन्य ने उनको रोकते हुए मारपीट करने लगे. फायरिंग भी कर दी. जिसका छर्रा प्रकाश के पेट में लगा है. प्रकाश अस्पताल में भर्ती हैं. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. पूरी खबर पेज 6 पर

#### ओबीसी आरक्षण पर बने कमीशन में नियुक्ति कब

**रांची।** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से नाराजगी जताते हुए पूछा है कि ओबीसी को रिजर्वेशन दिए जाने को लेकर गठित कमीशन की नियुक्ति कब तक होगी. जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने शुक्रवार को यह सवाल किया है.

पूरी खबर पेज 4 पर

## जमीन घोटाला मामले में सबूत नष्ट करने की मिली थी सूचना

# बिरसा मुंडा कारा में ईडी की रेड

**ईडी को सूचना मिली थी कि अमित और प्रेम प्रकाश जेल में रहते हुए बाहर के लोगों से संपर्क में हैं**




सौरभ सिंह। रांची

ईडी की टीम ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार रांची में छापेमारी की. ईडी को सूचना मिली थी कि जेल में बंद जमीन घोटाले मामले के आरोपियों के द्वारा गवाहों को प्रभावित और सबूत नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है. मिली सूचना के आधार पर ईडी की एक टीम जेल पहुंच कर जेल के जिस वार्ड में जमीन घोटाले के आरोपियों को रखा गया है, उस वार्ड की तलाशी ली, इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया है. कोर्ट से सर्च वारंट मिलने का बाद ईडी शुक्रवार को जेल पहुंची थी. ईडी को सूचना मिली थी कि अमित अग्रवाल और प्रेम प्रकाश जेल में रहते हुए बाहर के लोगों से संपर्क में हैं. ईडी को इनपुट मिला था कि जमीन घोटाला मामले में गवाहों को प्रभावित किया जा रहा है, और सबूत नष्ट किए जा रहे हैं.

### ईडी को फर्जी केस में थी फंसाने की तैयारी



सूत्रों ने बताया कि जमीन, बालू, शराब और अवैध खनन जैसे घोटालों की जांच कर रहे ईडी के अधिकारियों को फर्जी केस में फंसाने की साजिश रची गई थी. सूचना के अनुसार ईडी के एक अफसर को धुर्वा थाने के द्वारा एसटी-एससी केस में आरोपित करने के बाद नए सिरे से गंभीर आरोप में फंसाने की साजिश जेल से ही रची गई थी. एक महिला को केस दर्ज कराने के लिए तैयार किया गया था, लेकिन एजेंसी को समय पर सूचना मिल गई. इस मामले में ईडी ने कई तथ्य और साक्ष्य जुटाए हैं. साजिश में प्रेम प्रकाश, अमित अग्रवाल समेत कई दूसरे कैदियों की भूमिका थी. सूचना यह भी है कि जेल में बंद आरोपियों को बाहर से भी मदद पहुंचाई जा रही थी. बता दें कि ईडी ने बीती 15 मई को जेल में छापा मारा था और फुटेज को कब्जे में ले लिया था. सीसीटीवी की जांच में पाया गया था, कि प्रेम प्रकाश ने सूरज डूबने के बाद पूर्व डीसी छवि रंजन से मुलाकात की थी. वह शाम 6:41 बजे छवि रंजन के वार्ड में घुसा और शाम 7:36 बजे बाहर निकला. इस दौरान प्रेम प्रकाश ने अपने चेहरे पर गमछा लपेट रखा था. ये मुलाकात 5 मई की शाम को हुई थी. जबकि छवि रंजन ने कहा था कि वह प्रेम प्रकाश को जानते ही नहीं हैं. कभी मिले भी नहीं हैं.

### फुटेज की मांग को ले चला था कानूनी विवाद

मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों द्वारा जेल में जश्न मनाने की सूचना के बाद ईडी ने जेल प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज मांगा था. जेल प्रशासन ने कोर्ट से ईडी की मांग पर रोक लगाने का अनुरोध किया. हालांकि, कोर्ट ने ईडी का पक्ष सुनने के बाद सीसीटीवी फुटेज देने का आदेश दिया. जेल प्रशासन ने पीएमएलए कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है, पर याचिका में खामियों की वजह से इस पर सुनवाई नहीं हुई है. कोर्ट ने खामियों को दूर करने का निर्देश जेल प्रशासन को दिया था, लेकिन जेल प्रशासन ने इसे दूर नहीं किया है.




## पहल सरकारी स्कूलों में पीटीएम से अभिभावकों की होगी काउंसिलिंग

# सुधरेगा शिक्षा का स्तर, घटेगा ड्रापआउट रेट

सत्य शरण मिश्रा। रांची

राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं. अब शिक्षा विभाग ने नई पहल की है. निजी स्कूलों की तर्ज पर पैरेंट्स-टीचर मीटिंग (पीटीएम) की शुरुआत की गई है, लेकिन यह निजी स्कूलों से थोड़ा अलग है. इसमें शिक्षक अभिभावकों से सिर्फ बच्चों पर बात नहीं करेंगे, बल्कि अभिभावकों को भी शिक्षा विभाग की योजनाओं की जानकारी देंगे. बच्चों को ले बने कानून और सामाजिक कुरीतियों को लेकर उन्हें जागरूक करेंगे. इसे एक तरह से अभिभावकों की काउंसिलिंग भी कह सकते हैं. इस पहल से ड्रॉपआउट रेट भी घटेगा. सरकारी स्कूलों में पीटीएम की शुरुआत 1 नवंबर से ही हो चुकी है.

### 18 तक चलेगी 2 घंटे की पैरेंट्स-टीचर मीटिंग

- क्लास 1 से 5 के बच्चों के लिए 7 नवंबर तक पीटीएम
- क्लास 6 से 12 के बच्चों के लिए 8 से 18 नवंबर तक होगा पीटीएम

**पीटीएम के लिए तय 7 एजेंडे**

1. हर्ष जोहार
2. प्रयास कार्यक्रम
3. पैरेंट एक्टिविटी कैलेंडर
4. बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता
5. प्रोजेक्ट रेल
6. जिज्ञासा चैट बॉट
7. पोक्सो



### पीटीएम में सात एजेंडों पर होगी बातचीत

झारखंड शिक्षा परियोजना ने पीटीएम के लिए 7 एजेंडे तय किये हैं. इसमें मुख्य रूप से अभिभावकों को शिक्षा विभाग की ओर से चलाये जा रहे हर्ष जोहार, प्रयास, प्रोजेक्ट रेल और जिज्ञासा चैटबॉट की जानकारी दी जाएगी.

### 100% अटेंडेंस वाले छात्र और अभिभावक होंगे सम्मानित

पीटीएम में 100 फीसदी उपस्थिति और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया जाएगा. अभिभावकों को होमवर्क में सहयोग करने का भी निर्देश दिया जाएगा. सभी स्कूलों को पीटीएम के लिए 800 रुपए उपलब्ध कराये गये हैं. 18 नवंबर तक होने वाले पीटीएम में 500 रुपए खर्च करने का निर्देश दिया गया है, जबकि अगले पीटीएम (10 जनवरी 2024 से 20 जनवरी 2024) में स्कूलों को 250 रुपए और इस वित्तीय वर्ष के अंतिम पीटीएम (4 मार्च 2024 से 15 मार्च 2024) में 250 रुपए खर्च करने हैं.

### ब्रीफ खबरें

#### डीसी की पहल पर छात्रा हुआ एडमिशन

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम प्रखंड में पिछले 31 अक्टूबर को आयोजित जनता दरबार में अंधारझोर गांव से आए शिल्पकारों के एक दल ने कई जनसमस्याओं से उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को अवगत कराया था. इसमें भवानी दास नामक बालिका के दादा ने पोती की पढ़ाई जारी रखने में आ रही समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया था. उपायुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल शिक्षा विभागी के पदाधिकारी को भवानी दास का नामांकन आवासीय विद्यालय केजीबीवी पटमदा में कराने का निर्देश दिया, जिसके बाद शुक्रवार को उसका नामांकन कराया गया.

#### शिक्षकों की कमी को लेकर अभाविप ने प्राचार्य को घेरा

**जमशेदपुर।** इंटरमीडिएट में शिक्षकों की कमी की समस्या को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के वर्कर्स कॉलेज इकाई अध्यक्ष शुभम राज के नेतृत्व में छात्रों ने कॉलेज के प्राचार्य का घेराव किया. परिषद नेताओं ने कहा कि अगले तीन महीने के बाद बोर्ड की परीक्षा है, लेकिन कंप्यूटर विज्ञान, अर्थशास्त्र विभाग के शिक्षक महीनों से नही हैं. हिंदी और अंग्रेजी विषयों के शिक्षक न होने के कारण पढ़ाई पूरी नहीं हो पा रही है. इसी समस्या को लेकर प्राचार्य का घेराव किया गया है. छात्र नेता बापन घोष ने कहा बार-बार जानकारी देने के बाद भी इंटरमीडिएट में शिक्षकों की बहाली की जा रही है.

#### ग्रिजली विद्यालय में एसडीएम अपेक्षा सम्मानित

**कोडरमा।** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में कॅरियर काउंसलिंग सेशन तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह विद्यालय की पूर्व छात्रा अपेक्षा मोदी को सम्मानित किया गया. बिहार लोक सेवा आयोग के द्वारा जारी की गई परीक्षा परिणाम मेंअपेक्षा मोदी को 7वीं रैंक प्राप्त हुई है और इस परिणाम के आधार पर अपेक्षा का चयन एसडीएम के पद पर हुआ है. मुख्य वक्ता का स्वागत विद्यालय के स्कूल कैप्टन शुभम कुमार और भूमि दक्ष के द्वारा पौधा देकर किया गया. कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए अपेक्षा ने छात्रों से कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास और कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी, तभी सफलता प्राप्त होगी.

#### राजेश शुक्ल गवर्निंग बॉडी के सदस्य नामित

**जमशेदपुर।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल को अरका जैन यूनिवर्सिटी में चौथी बार शासी निकाय एवं बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट का सदस्य नामित किया गया. राजेश कुमार शुक्ला इस विश्वविद्यालय के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं. राजेश को आशय का पत्र शुक्रवार को आरका जैन यूनिवर्सिटी के निदेशक सह कुलसचिव अमित कुमार श्रीवास्तव ने सौंपा.


**शपथ पत्र**



मैं कुमारी वीणा उर्फ वीणा पंडित, पति संतोष कुमार पंडित, उम्र करीब 38 वर्ष, ग्राम अशोक वाटिका कॉलोनी, दारूफानगर, थाना- चास, जिला बोकारो, राज्य झारखंड, राष्ट्रीयता भारतीय शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं :-

1. यह कि मैं उपरोक्त ग्राम की स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि शादी पूर्व मेरा नाम कुमारी वीणा, पिता लखन लाल पंडित है तथा पता क्वार्टर नं. 2050 सेक्टर नं. -12 डी. बोकारो स्टील सिटी जिला बोकारो है।
3. यह कि मेरी शादी संतोष कुमार पंडित, पिता राजेन्द्र पंडित के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से हुआ है।
4. यह कि शादी के उपरांत मेरा नाम वीणा पंडित, पति संतोष कुमार पंडित हो गया है।
5. यह कि मैं कुमारी वीणा व वीणा पंडित, पति संतोष कुमार पंडित दोनों ही नामों से जानी व पहचानी जाती हूं तथा दोनों ही नाम मेरा है।
6. यह कि मैं यह शपथ पत्र नियोजन नियुक्ति हेतु अपने प्रमाण पत्रों में नाम के सत्यापन हेतु कर रही हूं।

मैं कुमारी वीणा उर्फ वीणा पंडित शपथ पूर्वक एकरार करती हूं कि उपर वर्णित सारी बातें मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही, सत्य व दुरुस्त है।


**जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी : इंटरनल परीक्षा में शामिल होने के लिए डिपार्टमेंट पहुंची थी छात्रा**

# छात्रा को इंटरनल परीक्षा में बैठने से रोका गया

संवाददाता | जमशेदपुर



जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय में एक छात्रा को इंटरनल परीक्षा में शामिल होने से रोक दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है. छात्रा का नाम रीमा बताया जाता है, जो बीएड सत्र 2021-23 की छात्रा है. पिछले गुरुवार को इंटरनल परीक्षा में शामिल होने के लिए वह डिपार्टमेंट पहुंची थी. वहां विभाग के शिक्षक डॉ संजय भुइयां ने उसे परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया. इसे लेकर छात्रा ने उनसे काफी आग्रह किया. उसके बाद उसने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार व कुलपति से भी गुहार लगायी, लेकिन दिन भर इधर से उधर गुहार लगाने के बाद भी किसी ने उसकी एक न सुनी. बताया जाता है कि इस मामले को लेकर वह स्थानीय थाने में भी गयी थी. बावजूद उसे कोई सकारात्मक परिणाम नहीं मिला. उसके बाद थक-हार कर वह घर लौट गयी.

**खास बातें**

- बीएड सत्र 2021-23 की छात्रा है रीमा
- रजिस्ट्रार व कुलपति से भी लहायी गुहार पर किसी ने एक न सुनी

**क्या है मामला**

छात्रा रीमा ने तीन महीने की इंटर्नशिप नहीं की है. उसने बताया कि दो महीने बीमार होने के कारण वह इंटर्नशिप नहीं कर सकी. इसी का हवाला देते हुए उसे परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया. उसने बताया कि उससे विभाग की ओर से एक पत्र भी लिया गया कि इंटर्नशिप पूरा होने के बाद परीक्षा ली जायेगी. लेकिन परीक्षा में विलंब होने के कारण उसके करियर पर इसका प्रभाव पड़ सकता है.

**बगैर इंटर्नशिप के परीक्षा में शामिल नहीं हो सकते**

शिक्षा संकाय के शिक्षक डॉ संजय भुइयां ने कहा कि बगैर इंटर्नशिप किसी विद्यार्थी को इंटरनल परीक्षा में शामिल नहीं किया जा सकता है. इस वजह से रीमा को परीक्षा में शामिल होने से रोका गया. उन्होंने बताया कि ऐसी दो छात्राएं थीं. उनमें से एक छात्रा उनकी बातों को समझ कर लौट गयी, लेकिन रीमा अड़ी रही. इंटर्नशिप पूरा कर लेने पर इन्हें विशेष अनुमति लेकर यह परीक्षा ले ली जायेगी. रीमा इस मामले को लेकर थाने और किसी छात्र नेता के पास भी गयी थी, लेकिन नियमों के आगे सभी विवश हो गये.

**अभी तक नहीं हुआ है डॉ संजय भुइयां का कांट्रैक्ट**

डॉ संजय भुइयां समेत विभाग के छह शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ विश्वविद्यालय ने अनुबंध करने पर फिलहाल रोक लगा दी है. बताया जाता है कि इनके प्रमाण पत्रों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन को संदेह है. इसे लेकर उनके प्रमाण पत्रों की जांच चल रही है. इसी वजह से फिलहाल उनके साथ अनुबंध नहीं किया गया है. इस संबंध में पूछने पर डॉ संजय भुइयां ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से अब जल्द ही अनुबंध कर लिये जाने की बात कही गयी है.

**आपकी बात**



**नाम : अमरजीत वर्णवाल**
**पद : डायरेक्टर, होली एंजिल पब्लिक स्कूल**
**जन्मस्थल : चलकुशा (हजारीबाग)**
**कार्य क्षेत्र : चलकुशा**

> सबसे पहले सरकारी शिक्षक अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाएं, तभी सरकारी विद्यालयों की हालत में सुधार होगी.

हजारीबाग के चलकुशा में पिछले 11 वर्षों से होली एंजिल पब्लिक स्कूल संचालित कर ग्रामीण क्षेत्र के नौनिहालों को कन्वेंट की शिक्षा देनेवाले अमरजीत वर्णवाल इस स्कूल के डायरेक्टर हैं. वह कहते हैं कि बचपन से उन्हें शिक्षक बन बच्चों को पढ़ाने की इच्छा थी, इसलिए स्कूल खोल लिया. आज इस स्कूल में चलकुशा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 800 बच्चे दसवीं तक की शिक्षा अंग्रेजी माध्यम से ग्रहण कर रहे हैं. बिजनेसमैन पिता किशोर प्रसाद और गृहिणी माता आशा देवी की चार संतानों में बड़े बेटे अमरजीत कहते हैं कि सबसे पहले सरकारी स्कूल के शिक्षक अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाएं, तभी सरकारी स्कूलों की हालत में सुधार होगी. खुद को सरकारी स्कूल पर भरोसा करना होगा, तभी दूसरों को समझा सकते हैं. उन्होंने खुद चलकुशा के सरकारी हाई स्कूल से वर्ष 2005 में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की है. इसलिए सरकारी स्कूलों में पिछड़ी शिक्षा का मर्म समझते हैं. यही वजह है कि ग्रामीण सुदूर क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए उन्होंने स्कूल खोला. रामलखन सिंह यादव कॉलेज झुमरी तिलैया से इतिहास में ऑनर्स की डिग्री लेनेवाले अमरजीत ने इग्नू से पीजी की पढ़ाई पूरी की और फिर वर्ष 2012 से स्कूल संचालित कर रहे हैं. वह कहते हैं कि जब वह छठी-सातवीं कक्षा में पढ़ते थे, तो बोर्ड पर बच्चों को कभी-कभी पढ़ाते थे. तब शिक्षक कहते थे कि पहले खुद पढ़ लो, तब बच्चों को पढ़ाना. उनके पिता उन्हें एमबीबीएस डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन उनके मन में नौनिहालों का भविष्य संवारने की आकांक्षा बचपन से ही प्रबल थी. यही कारण रहा कि आगे चल कर वह शिक्षण के क्षेत्र में ही आए.

**जेएसएससी परीक्षा में धांधली के मामले में सीबीआई जांच की मांग**

# अभ्यर्थियों ने राजभवन के बाहर किया प्रदर्शन, घंटों जाम रही सड़क

संवाददाता | रांची

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) परीक्षा में धांधली और भ्रष्टाचार के खिलाफ छात्र संगठनों ने राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया. इससे पहले अभ्यर्थियों ने मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क से राजभवन तक अधिकार मार्च निकाला. राजभवन के समक्ष प्रदर्शन के दौरान अभ्यर्थियों ने परीक्षाओं में धांधली का आरोप लगाते हुए मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की. इस दौरान अभ्यर्थी घंटों सड़क पर बैठे रहे. जिस वजह से लालपुर से रातू रोड जाने वाली सड़क घंटों जाम रही.

छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने कहा की प्रतियोगिता परीक्षा में धांधली की निष्पक्ष जांच की मांग के लिए पूरे राज्य से मोरहाबादी मैदान में अभ्यर्थियों का जुटान हुआ. छात्र संगठनों ने कहा कि राज्यपाल से मिलकर मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई है. राजभवन मार्च के दौरान छात्र नेता मनोज यादव, देवेंद्रनाथ महतो, योगेश भारती, पुष्पा राज, चंद्रिका महतो, परशुराम मानकी, ऋतिक रजक, अनिल बेदिया आदि छात्र नेता मौजूद थे.



**खास बातें**

- प्रदर्शन के पहले अभ्यर्थियों ने अधिकार मार्च निकाला
- राज्यपाल से सीबीआई जांच करने की मांग की गई है

## परीक्षा में गड़बड़ी की हो न्यायिक जांच : अमर बाउरी

प्रमुख संवाददाता | रांची

झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त परीक्षा में हुई गड़बड़ी की न्यायिक जांच की मांग की है. उन्होंने सरकार से अभ्यर्थियों पर हुई एफआईआर को भी वापस लेने की मांग की है. बाउरी ने कहा कि परीक्षा में त्रुटियों के कारण पांच केंद्र की परीक्षा को रद्द कर दिया गया है. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की गलती के कारण बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है. यह राज्य की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी. उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार झारखंड की नौकरियों को बेचने की कोशिश कर रही है. अमर बाउरी ने कहा कि सिर्फ पांच परीक्षा केंद्रों पर ही गड़बड़ी क्यों हुई. यह एक अति संवेदनशील मामला है. सरकार इस मामले की न्यायिक जांच करवाये एवं आरोपी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे.



**जेएसएससी ने 5 केंद्रों में ली गयी परीक्षा की थी रद्द**

गौरतलब है कि नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 29 अक्टूबर को रांची, जमशेदपुर और धनबाद के विभिन्न केंद्रों पर ली गयी थी. गड़बड़ी की बात सामने आने के बाद जेएसएससी ने पांच केंद्रों पर ली गयी परीक्षा को रद्द करने का निर्णय लिया था, जिसमें रांची का संत पॉल कॉलेज रांची, संत थॉमस स्कूल, जमशेदपुर का वैली व्यू स्कूल, विद्या भारती चिनम्य विद्यालय और धनबाद का डीएवी पब्लिक स्कूल, अलकुसा शामिल है.

#### नेतरहाट आवासीय विद्यालय में ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन

**लातेहार।** भारत स्काउट और गाइड, झारखंड राज्य ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय में सात दिवसीय राज्य स्तरीय बेसिक और एडवांस कोर्स का आयोजन किया. मौके पर ग्रैंड कैंप फायर का आयोजन किया गया. इसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आये 85 स्काउट और गाइड ने कार्यक्रम प्रस्तुत किये. इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान और विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सचिव डॉ मोहन सिंह, राज्य संगठन आयुक्त (गाइड) आशा बागे, प्रधान राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) अमोद सिंह उपस्थित रहे. सभी ने संयुक्त रूप से ग्रैंड कैंप फायर में आग प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया. इस सात दिवसीय प्रशिक्षण में विनय मोहन चौधरी, डीके दूबे, शाकीर अंसारी और हरेंद्र प्रजापति बतौर प्रशिक्षक रहे. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेतरहाट विद्यालय के शिक्षक राधा कुमारी, डॉ निशी हेब्रोम, ओम प्रकाश तियु डॉ आर सी गुप्ता एवं शिशुपाल महतो ने प्रशिक्षण प्राप्त किया.



# भूगोल विभाग में अंतिम सेमेस्टर के छात्रों को विदाई



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं.

संवाददाता | जमशेदपुर

करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग में शुक्रवार को विदाई सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया. इसमें सत्र 2020-23 के छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए विदाई दी गयी. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मोहम्मद रियाज उपस्थि थे. कार्यक्रम की शुरुआत छोटानागपुर की संस्कृति को दर्शाते हुए सांस्कृतिक नागपुरी नृत्य के साथ की गयी. इसके बाद भूगोल विभाग के प्रमुख डॉ आले अली ने सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया. इस समारोह में छात्र-छात्राओं ने कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिसमें नृत्य, गीत, नाटक एवं कई तरह के खेल शामिल थे. समारोह में द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा अंजना कर्मकार एवं चौथे सेमेस्टर के छात्र बंटी झा ने भाषण के माध्यम से वरिष्ठ छात्र-छात्राओं के साथ अपने अनुभवों को साझा किया.

# प्रफुल्ल मिस्टर व सलोनी मिस फ्रेशर एमबीए

संवाददाता | जमशेदपुर

जमशेदपुर के पोखारी स्थित नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में शुक्रवार को विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग की ओर से फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया. इसमें कॉलेज के सीनियर छात्र-छात्राओं ने नवनामांकित छात्र-छात्राओं का समारोहपूर्वक अभिनंदन किया. इसका पर्यवेक्षण प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ पूजा प्रसाद एवं समस्त वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय की ओर से किया गया. इस अवसर पर सीनियर छात्र-छात्राओं ने कई रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. वहीं नवनामांकित छात्र-छात्राओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया. उनके लिए विशेष रूप से फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने रैंप पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. इसमें प्रफुल्ल तिवारी को मिस्टर फ्रेशर का खिताब दिया गया, जबकि सलोनी को मिस फ्रेशर एमबीए 2023 का ताज पहनाया गया. समारोह के दौरान टीजीई इवेंट में कई अन्य टैग शामिल थे और विजेताओं को अलग-अलग उपहारों से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया.

समारोह में विभागाध्यक्ष डॉ पूजा तिवारी ने नवनामांकित छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया. साथ ही उन्होंने छात्रा-छात्राओं को विश्वविद्यालय के कायदे-कानून की जानकारी दी. उन्हें अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए अनुशासन और समय की पाबंदी नितांत आवश्यक है.



चयनित मिस्टर व मिस फ्रेशर तथा उपस्थित शिक्षकों के साथ विद्यार्थी.

**खास बातें**

- नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी का हुआ आयोजन
- सीनियर छात्रों ने नवनामांकित छात्रों का किया स्वागत

#### एनआईटी का 13वां दीक्षांत समारोह आज

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर स्थित एनआईटी का 13वें दीक्षांत समारोह शनिवार को होगा. इसमें शामिल होने के लिए शनिवार की सुबह 10.45 बजे सड़क मार्ग से राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनआईटी पहुंचेंगे. राज्यपाल के अलावा दीक्षांत समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथियों में सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति क्षिति भूषण दास और भूषण पावर एंड स्टील के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह शामिल होंगे. समारोह की अध्यक्षता एनआईटी के पूर्ववर्ती छात्र आइएसटी कृष्ण प्रसाद करेंगे. अतिथियों का स्वागत भाषण संस्थान के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधर करेंगे. कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. बता दें कि 13वें दीक्षांत समारोह में कुल 1040 छात्रों को प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा. इनमें दो छात्र बीटेक की सायरी चटर्जी और पोस्ट ग्रेजुएट एमएससी के मैनाक भट्टाचार्य को गोल्ड मेडल दिया जाएगा. सभी ब्रांच के एक-एक विद्यार्थी यानि कुल 20 विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल दिया जाएगा.

# टाटा स्टील बर्मामाइंस टेक्निकल इंटीट्यूट में टेक फेस्ट 2023 शुरू

संवाददाता | जमशेदपुर

टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा टाटा स्टील बर्मामाइंस टेक्निकल इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय टेक फेस्ट 2023 का आयोजन किया गया. इसका उद्घाटन टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितुराज सिन्हा ने शुक्रवार को किया. इस टेक फेस्ट में शहर के लगभग 18 स्कूल व 12 कॉलेजों ने हिस्सा लिया. इस संबंध में इंस्टीट्यूट के सहायक प्रबंधक दीपक कुमार सिंह ने बताया कि टेक फेस्ट के आयोजन का उद्देश्य स्कूली बच्चों व कॉलेज के विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे विज्ञान से संबंधित किए गए नए आविष्कार को लोगों के समक्ष प्रदर्शित कर सकें. इस वर्ष टेक फेस्ट का थीम तकनीकी ज्ञान से जीवन आसान है. उन्होंने बताया कि आम जीवन में विज्ञान के माध्यम से जीवन को कैसे सुरक्षित व आसान बनाया जाए. इस थीम पर बच्चों द्वारा किए नए-नए आविष्कार को प्रदर्शित किया गया है. वहीं खेती को कैसे विज्ञान के सहयोग से उन्नत बनाया जाए इसको लेकर भी बच्चों द्वारा मॉडल के माध्यम से चीजों को आसानी से सम)न क प्रसाय किया गया. दो दिवसीय टेक फेस्ट को मनोरंजक बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज, डांस आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. सबी कैटेगरी में प्रथम द्वितीय और तृतीय को पुरस्कृत किया जाएगा. बच्चों द्वारा प्रदर्शित मॉडल को तीन सदस्यीय निर्णायक टीम द्वारा उनके उपयोगिता क्रिएटिविटी को देखते हुए प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा.



टेक फेस्ट का उदघाटन करते रितु राज सिन्हा.

**बीबीएमकेयू** उच्च शिक्षा में जीईआर का लक्ष्य सुधरने की जगह बिगड़ा

# पीजी में नामांकन लेने में रुचि नहीं दिखा रहे विद्यार्थी

संवाददाता | धनबाद

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) में संचालित स्नातकोत्तर (पीजी) में नामांकन लेने में विद्यार्थी रुचि नहीं दिखा रहे हैं. इससे उच्च शिक्षा में ग्रॉस एनरॉलमेंट राशियो सुधरने के जगह बिगड़ गया है. 4 नवंबर को दूसरे फेज के स्नातकोत्तर नामांकन के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तिथि समाप्त हो रही है, लेकिन अब तक नामांकन का आंकड़ा हजार तक नहीं पहुंचा है. बीबीएमकेयू के एडमिशन सेल की रिपोर्ट के अनुसार 24 अक्टूबर तक महज 529 विद्यार्थियों ने अपना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करवाया था.

**888 सीटें घटीं, लेकिन फिर भी हैं खाली**

बीबीएमकेयू में सत्र 2022-24 में 3488 सीटों पर नामांकन लिया गया था. इनमें एसएसएलएनटी महिला कॉलेज (408), आरएसपी कॉलेज (320) और बीएस सिटी कॉलेज बोकारो में पीजी की पढ़ाई बंद होने के बाद 888 सीटें घट गई हैं. इसके बावजूद इस वर्ष 2600 सीटों के लिए मात्र 3326 आवेदन प्राप्त हुए. उनमें भी विद्यार्थी नामांकन लेने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं.



**एनईपी 2020 के तहत जीईआर बढ़ाने में होगी परेशानी**

न्यू एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी)-2020 के अंतर्गत सरकार ने उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों का ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो (जीईआर) वर्ष 2018 के 26.3 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2035 तक 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य तय किया है. बीबीएमकेयू में यूजी और पीजी नामांकन में विद्यार्थियों की कम होती रुचि को देखते हुए लगता है कि यहां लक्ष्य पूरा करने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा.

**9 नवंबर से खुलेगा चांसलर पोर्टल**

बीबएमकेयू प्रशासन ने यूजी और पीजी की खाली सीटों के लिए 9 से 19 नवंबर तक चांसलर पोर्टल खोलने का निर्णय लिया है. बता दें कि विवि ने यूजी की खाली सीटें भरने के लिए अब तक चार बार जबकि पीजी की खाली सीटें भरने के लिए तीसरे फेज का प्रयास शुरू कर दिया है.

# बच्चों के लिए उपलब्धि जांच परीक्षा का हुआ आयोजन



संवाददाता | मैथन

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र के 30 चयनित स्कूलों में स्टेट एजुकेशन उपलब्धि सर्वे 2023 के तहत उपलब्धि जांच परीक्षा आयोजित की गई. मानक संचालन प्रक्रिया के तहत कक्षा 3, 6 व 9 के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने ओमएमआर शीट पर परीक्षा दी. फील्ड निरीक्षक बीआरपी रहमान अंसारी व सीआरपी पंकज कुमार सिंह ने परीक्षा का निरीक्षण करते हुए कहा कि छात्राओं की उपलब्धि जांच ओएमआर शीट पर ली जा रही है. परीक्षा के लिए एक घंटे का समय निर्धारित है. परीक्षा नियम के अनुकूल शांत माहौल में आयोजित की गई. उन्होंने कहा कि यह परीक्षा शिक्षा प्रणाली की दक्षता के संकेतक के रूप में बच्चों की प्रगति और सीखने की दक्षता का एक तरह से मूल्यांकन करना है.

## ब्रीफ खबरें

### छत्तीसगढ़ में मरांडी को नहीं उतरने दिया

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रचार में लगे हैं. शुक्रवार को बाबूलाल महासमंद जिला के बसना विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी संपत अग्रवाल के पक्ष में पिथोरा और बिंदनपागढ़ में जनसभा को संबोधित करने वाले थे, लेकिन प्रशासन ने उनके हेलीकाप्टर को निर्धारित स्थल पर उतरने की स्वीकृति नहीं दी. इससे नाराज मरांडी ने कहा कि अपनी हार को देखते हुए भूपेश बघेल सरकार भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चल रहे प्रचार अभियान को असफल करने की हरसंभव कोशिश कर रही है.

### आजसू ने उपायुक्त को भेजा मांग पत्र

**लातेहार।** लातेहार में डिग्री कॉलेज में पढ़ाई चालू कराने की मांग को ले कर आजसू पार्टी ने दो नवंबर को जिला मुख्यालय में आक्रोश रैली निकाली थी और धरना प्रदर्शन किया गया था. धरनो के बाद ज्ञापन सौंपने के लिए जिला अध्यक्ष अमीत कुमार पांडेय के नेतृत्व मे आजसू का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कार्यालय गया था. लेकिन उस समय उपायुक्त अपने कार्यालय वेश्म में नहीं थे. जानकारी मिलने के बावजूद भी कोई अधिकारी ज्ञापन लेने नहीं पहुंचे. तकरीबन एक घंटा इंतजार करने बाद आजसू नेता वापस लौट गये.

### झारखंड में मिले डेंगू के 22 मरीज

**रांची।** शुक्रवार को राज्य भर में डेंगू के 22 संक्रमित मरीज मिले हैं. इनमें सबसे ज्यादा 11 मरीज दुमका जिले के हैं. वहीं चतरा के चार, हजारीबाग में चार, पश्चिमी सिंहभूम में दो और सरायकेला में भी एक मरीज मिला है. बता दें कि राज्य भर में 143 संदिग्ध मरीज मिले. जांच के बाद 22 में डेंगू की पुष्टि हुई है. वहीं गुरुवार को भी राज्य भर में डेंगू के 45 मरीज मिले. इनमें सबसे ज्यादा 29 मरीज राजधानी रांची के थे. जबकि देवघर में 11, धनबाद में चार और पश्चिमी सिंहभूम में एक डेंगू मरीज मिला. वहीं चिकनगुनिया के भी 14 मरीज मिले. सभी मरीज रांची के हैं.

### संघर्ष समिति की अंचल अधिकारी से मुलाकात

**बालूमाथ (लातेहार)।** मगध विस्थापित रैयत संघर्ष समिति ने उप प्रमुख कामेश्वर राम के अगुवाई में एक प्रतिनिधि बालूमाथ अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर से मुलाकात की. उन्होंने सीओ को बुके भेंट कर स्वागत किया. इस दौरान संघर्ष समिति के सदस्यों ने मगध के आसपास क्षेत्र के भू-रैयतों की समस्याओं से अवगत भी कराया. मौके पर श्रीमती कुजूर ने कहा कि सरकार के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के आधार पर समस्या का निपटारा किया जाएगा. मौके पर उप प्रमुख कामेश्वर राम के अलावे संघर्ष समिति से अध्यक्ष शिवनारायण प्रसाद उपस्थित थे.

### विहिप की बैठक में दी गई जानकारी

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया विश्व हिंदू परिषद कोडरमा का जिला बैठक माहुरी भवन गौरी शंकर मोहल्ला झुमरी तिलैया में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता कार्यअध्यक्ष राजय वर्मा एवं मंच का संचालन जिला मंत्री पंकज दुबे ने किया. बैठक परंपरागत तरीके से आरंभ होने के पश्चात प्रांत बजरंग दल संयोजक दीपक ठाकुर के द्वारा पूर्व के कार्यक्रम मुख्य रूप से शौर्य जागरण रथ, महर्षि वाल्मीकि जयंती, संगठन विस्तार सूची जैसे पूर्व के अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की.

### समिति ने समस्याओं से अवगत कराया

**जमशेदपुर।** प्रखंड कार्यालय के पंचायत समिति भवन में शुक्रवार को प्रमुख पानी सोरेन की अध्यक्षता में पंससों एवं अधिकारियों की एक समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई. जिसमें नए बीडीओ सच्चिदानंद महतो के साथ विभिन्न विभाग के अधिकारी मौजूद थे. बीडीओ की पंससों के साथ यह पहली मासिक बैठक थी. इसमें पंचायत समिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से प्रखंड प्रमुख को अवगत कराया. इसमें बिजली, पानी, शिक्षा, सरकारी राशन नहीं मिलने समेत अन्य समस्याओं को रखा गया.

### विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में मोरहाबादी मैदान से निकाली गई रैली

# भारतीय मजदूर संघ ने राजभवन का घेराव किया

संवाददाता । रांची



झारखंड प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले शुक्रवार को सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार, झारखंड राज्य सहकारी बैंक की समस्याओं, मोटिया मजदूर, मनरेगा कर्मियों, कोयला उद्योगों में भ्रष्टाचार, कोयला चोरी रोकने समेत कई मुद्दों को लेकर राजभवन के सामने धरना- प्रदर्शन किया गया.

इसमें राज्य की हजारों आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया, बीटीटी कर्मचारी संघ, भवन निर्माण, अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, नगर पालिका, विद्युत वितरण व सफाई कर्मचारी शामिल हुए. संघ के उपाध्यक्ष अंगद उपाध्याय ने बताया कि वे लोग झंडा-बैनर के साथ प्रदर्शन करते हुए मोरहाबादी से रेडियम रोड होते हुए राजभवन पहुंचे. वहां धरना- प्रदर्शन के बाद प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह की अध्यक्षता में सभा की गई.

**खास बातें**

- मांगों को लेकर राज्यपाल को सौंपा 18 सूत्री मांग पत्र
- रैली में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाएं शामिल हुईं

सभा के बाद राज्यपाल को 18 सूत्री मांगों के साथ ज्ञापन सौंपा गया. कर्मचारियों की मांगों पर विचार करने की अपील की गयी.

**धरना-प्रदर्शन में ये हुए शामिल :** धरना-प्रदर्शन में आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की महामंत्री पुष्पा कुमारी, सहिया की महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, बृज किशोर राम, मजदूर संघ के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गणेश मिश्रा, उपाध्यक्ष रास बिहारी शर्मा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ल, समिति के सदस्य सुरेश सिंह, झारखंड प्रदेश महामंत्री बृज बिहारी शर्मा, सीसीएल के महामंत्री राजीव रंजन सिंह, प्रवीण झा, कार्यालय मंत्री सुनील पांडे, रामधारी सिंह, एचईसी के रमाशंकर प्रसाद, रामचंद्र गोप, रिक्शा ठेला यूनियन के मुन्ना कश्यप, दुकान कर्मचारी संघ के सुजीत कुमार, सुबोध कुमार यादव, संजय चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे.

## आओ जानें

### सिल्ली से कब कौन जीतकर पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | पार्टी | विधायक |
|---|---|---|
| 2000 | यूजीडीपी | सुदेश कुमार महतो |
| 2005 | आजसू | सुदेश कुमार महतो |
| 2009 | आजसू पार्टी | सुदेश कुमार महतो |
| 2014 | झामुमो | अमित कुमार महतो |
| 2018 | झामुमो | सीमा देवी |
| 2019 | आजसू पार्टी | सुदेश कुमार महतो |



### बिरसा मुंडा की जयंती पर पीएम का झारखंड दौरा

# 15 को उलिहातू आएंगे मोदी खूंटी में करेंगे जनसभा



प्रमुख संवाददाता । रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को झारखंड दौरे पर आएंगे. इस दौरान पीएम मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मतिथि पर उनकी जन्मस्थली उलिहातू जाकर उन्हें नमन करेंगे. सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री मोदी उलिहातु में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे. इसके बाद वे खूंटी में जनसभा को भी संबोधित करेंगे.प्रधानमंत्री मोदी के खूंटी दौरे की चर्चा कई दिनों से थी, लेकिन अबतक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं होने के कारण दौरे पर संशय बरकरार था. भाजपा के राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावित दौरे की आधिकारिक जानकारी दी है.

**खास बातें**

- सुबह दस बजे पीएम नरेंद्र मोदी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे
- सांसद आदित्य साहू ने दी आधिकारिक जानकारी
- पीएम के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

**पीएम के दौरे को लेकर भाजपा की बैठक :** प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर शुक्रवार को खूंटी में भाजपा के जिलाध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों और सभा को सफल बनाने को लेकर चर्चा हुई. इस दौरान आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री के झारखंड आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है. प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित कर झारखंड का सम्मान बढ़ाया है. इससे जनजाति समाज का स्वाभिमान और सम्मान बढ़ा है.

### 9 जिलों के पदाधिकारी बैठक में हुए शामिल

सांसद आदित्य साहू ने कहा कि झारखंड की जनता से प्रधानमंत्री का विशेष लगाव है. जनता का प्रेम उन्हें बार-बार झारखंड खींच लाता है. अपने मन की बात कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री बार-बार झारखंड को जगह देते हैं.उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने ही भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर अलग राज्य का सपना साकार किया था. बैठक में पद्म भूषण कड़िया मुंडा, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, महामंत्री प्रदीप वर्मा, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह के अलावा रांची महानगर, ग्रामीण, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर महानगर, चाईबासा, सरायकेला-खरसावां के जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारी शामिल हुए.

# युवाओं को छल रहे हैं मुख्यमंत्री : सुदेश

संवाददाता। रांची



आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के रांची स्थित आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित मिलन समारोह में शिक्षाविद वाईबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन रहे रामजी यादव व डॉ सुधीर यादव, डॉ कौशल किशोर, डॉ संजय कुमार, डॉ अंजनी कुमार, डॉ अनिल यादव, गोवर्धन गोस्वामी, माणिक गोप समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की. इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास न नीति है न नीयत.

मुख्यमंत्री प्राइवेट एजेंसी द्वारा दिये जा रहे ऑफर लेटर रोजगार मेले में बांट रहे हैं, जबकि यह काम जिले के उपायुक्त किया करते थे. उन्होंने प्रदेश के युवाओं को सिर्फ छला है. उनका भविष्य बर्बाद करने का काम किया है. आज जनता सरकार से स्थानीय नीति, नियोजन नीति, रोजगार पर जवाब मांग रही है. पर इनके पास कहने को कुछ भी नहीं है. सुदेश महतो ने कहा कि हेमंत सोरेन ने प्रदेश के युवाओं को हर वर्ष जेपीएससी, शिक्षक बहाली समेत अन्य खाली पदों को भरने समेत एक साल में पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था. लेकिन अब तक युवाओं को कितनी नौकरियां मिली हैं, यह सब जानते हैं.

**खास बातें**

- हेमंत सोरेन सरकार के पास न नीति है न नीयत
- सरकार युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का काम कर रही

**सभी तबके के काबिल लोगों को राजनीति में आगे आने की जरूरत :** पार्टी में शामिल हुए झारखंड के दोनों शिक्षाविदों का स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राम जी यादव और डॉ राजीव रंजन के लंबे शैक्षणिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा. इनके साथ मिलकर हम प्रदेश के हर बच्चे को गुणवत्ता शिक्षा मिले, इसके लिए काम करेंगे.

### कई सालों से सुदेश महतो के साथ जुड़ा हुआ हूं : रामजी यादव

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए रामजी यादव ने कहा कि पिछले कई सालों से सुदेश महतो के साथ जुड़ा हुआ हूं. इनके विचारों से प्रभावित होकर आज औपचारिक तौर पर पार्टी में शामिल हुआ हूं. डॉ. सुधीर यादव ने कहा कि आजसू पार्टी और सुदेश महतो के मिशन और विजन से प्रभावित हो कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है. भविष्य में पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसे नि:स्वार्थ रूप से पूरी मेहनत के साथ निभाने का प्रयास करूंगा. इस दौरान आंदोलनकारी नेता डॉ देवशरण भगत, रविशंकर मौर्य, ब्रजमोहन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

# झारखंड पैवेलियन का उद्घाटन

संवाददाता। रांची/दिल्ली

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में लगे वर्ल्ड फूड इंडिया फेस्टिवल में झारखंड पैवेलियन का उद्घाटन किया. इस मौके पर मंत्री ने कहा कि यह एक अच्छा प्लेटफार्म है, जहां पर झारखंड सहित पूरे देश की खाद्य सामग्रियों को एक साथ उद्यमियों को देखने का अवसर मिल रहा है. इंडस्ट्री एग्री समन्वय के तहत युवाओं को सारी फैसिलिटी दी जा रही है. उन्होंने कहा कि अगर कोई उद्यमी अपनी यूनिट झारखंड में लगाना चाह रहे हैं, तो उसके लिए झारखंड सरकार उन्हें हरसंभव मदद करेगी.



**खास बातें**

- कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने किया उद्घाटन
- झारखंड सरकार ने दिया हर संभव मदद का भरोसा दिया

### स्टॉल मील का पत्थर साबित होगा

कृषि मंत्री ने कहा कि उत्पादों की प्रोसेसिंग कर झारखंड के लोग आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन उन्हें उचित खरीदार नहीं मिलते हैं. ऐसे उद्यमियों के लिए यह एक अच्छा प्लेटफार्म है. उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन लगातार यह प्रयास कर रहे हैं कि छोटे-छोटे उद्यमी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाएं. इसमें प्रगति मैदान में लगाया गया यह स्टॉल मील का पत्थर साबित होगा.

### पूर्व कांग्रेस नेत्री पर लगा बच्चा चोरी का आरोप

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र में कांग्रेस की पूर्व नेत्री सविता राय समेत तीन महिलाओं पर बच्चा चोरी का आरोप लगा है. चोरी का आरोप लगाते हुए बच्चे के परिजनों ने सविता राय की पिटाई भी की. हालांकि मामला थाना जा पहुंचा जहां पुलिस मामले की जांच कर रही है. बच्चे के पिता पिंटू शादी-पार्टियों में फास्ट फूड बनाने का काम करते है. पिंटू ने बताया कि शुक्रवार दोपहर उनका दो साल का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था. इसी बीच अचानक वह लापता हो गया. देर शाम तक बच्चे की तलाश की पर वह नहीं मिला.

# आजाद समाज पार्टी ने भाजपा नेता का पुतला फूंका

संवाददाता। जमशेदपुर

राजस्थान के अलवर स्थित तिजारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार बाबा बालक नाथ के नामांकन के दौरान आयोजित चुनावी सभा में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी संदीप दायमा के द्वारा दिए गए विवादित बयान का चौतरफा विरोध शुरू हो गया है. इसके विरोध में शुक्रवार को साकची गोलचक्कर पर आजाद समाज पार्टी ने संदीप दायमा का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की. बता दें कि दायमा के द्वारा मुस्लिम और सिख समुदाय पर की गई टिप्पणी से दोनों ही समाज के लोग नाराज हैं. इसी को लेकर सिख व मुस्लिम समाज दायमा के विरोध में सड़कों पर उतर आया है.

हालांकि संदीप दायमा इस पूरे मामले में सिख समाज से माफी मांगते हुए डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश में लगे हुए हैं, लेकिन लोगों में इसे लेकर काफी आक्रोश है.



पुतला दहन करते पार्टी के कार्यकर्ता.

### हेट स्पीच के खिलाफ कानून बनाने की मांग

आजाद समाज पार्टी के जिला प्रवक्ता सरदार सुरजीत सिंह ने कहा कि भाजपा के लोगों की मुस्लिम और सिख विरोधी मानसिकता अब खुल कर सामने आ रही है. इनकी नफरती राजनीति के विरोध में पुतला जला कर विरोध दर्ज किया गया है. जमशेदपुर नगर अध्यक्ष नासिक अंसार ने हेट स्पीच के खिलाफ सख्त कानून बनाए और संदीप दायमा पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है. विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से रोहित दीप सिंह, मोनी रंधावा, प्रभजोत सिंह, हरप्रीत सिंह, जसप्रीत सिंह, कुलजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, मजहर खान, दिलशाद खान, नईम खान, मुहम्मद शमीम, वसीम, शोएब, विकास हेम्ब्रम, जिब्रान, शहीद और अन्य कई लोग शामिल थे.

### चाइल्ड आर्टिस्ट प्रदर्शनी का सीएम ने उद्घाटन किया

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के ऑड्रे हाउस में आयोजित तीन दिवसीय चाइल्ड आर्टिस्ट एग्जीबिशन का उद्घाटन किया. इस मौके पर सीएम ने राज्य के 24 जिलों के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चे-बच्चियों द्वारा अर्निंग फॉर लर्निंग थीम पर बनाई गई पेंटिंग और अन्य कलाकृतियों का अवलोकन किया. सीएम बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग से काफी प्रभावित हुए और बाल कलाकारों के कलाकृतियों की सराहना की. वहीं मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित और खुश नजर आए. गौरतलब है कि सीएम की पहल पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य में पहली बार 3 नवंबर से 5 नवंबर 2023 तक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई है. उद्घाटन के मौके पर सांसद महुआ माजी, सीएम के सचिव विनय चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव के रवि कुमार मौजूद थे.

# पेसा कानून के लिए किया प्रदर्शन



संवाददाता। बरही

बरही अनुमंडल कार्यालय परिसर में वन अधिकार कानून 2006 एवं पेसा कानून 1996 के क्रियान्वयन के लिए शुक्रवार को अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू हो गया. यह कार्यक्रम चौपारण वीर बिरसा मुंडा मंच के बैनर तले किया गया. इसमें चौपारण की विभिन्न पंचायत के आदिवासी समुदाय की महिलाएं एवं पुरुष इस धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए. कार्यक्रम के पूर्व आदिवासी समुदाय के लोग काफी संख्या में अपनी मांगों को तख्ती में लिख पैदल चल कर बरही अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गए. इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से चौपारण जिला परिषद सदस्य रविशंकर अकेला, युवा नेता संजय मेहता एवं अन्य लोग उपस्थित थे. उन्होंने उनकी मांगों का समर्थन किया. इस दौरान पेशा 1996 और वन अधिकार कानून के उल्लंघन को रोकने तथा कानून के उल्लंघन करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और बिचौलियों पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार एवं प्रस्तावना विवरण अधिनियम और अन्य कानून के तहत कानूनी कार्रवाई करने समेत कई मांगें की गईं. मौके पर प्रतिनिधि मंडल प्रभु सहाय मुंडी, चौले मुंडा, सुंदर मुंडा, मनोहर मुंडा, धनेश्वर रजवार, राजेश कुमार महतो उपस्थित थे.

**खास बातें**

- प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं शामिल
- प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए पैदल चल रहे थे

### जमशेदपुर देशव्यापी कार्यक्रम के तहत टाटानगर रेलवे स्टेशन के समक्ष जताया विरोध

# पीएसयू बचाओ दिवस पर सीटू और किसान सभा का प्रदर्शन

संवाददाता। जमशेदपुर

सीटू और किसान सभा ने शुक्रवार को सार्वजनिक उपक्रम बचाओ (पीएसयू बचाओ) दिवस मनाया. इसमें शामिल सदस्यों ने देशव्यापी कार्यक्रम के तहत टाटानगर रेलवे स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन किया और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण को रोकने व रेलवे तथा बिजली क्षेत्रों के निजीकरण की प्रक्रिया को रद्द करने की मांग की.

धरना प्रदर्शन के माध्यम से, भारतीय रेल सहित तमाम सार्वजनिक उपक्रमों और सेवाओं का निजीकरण तथा राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन योजना रद्द करने, प्रस्तावित बिजली बिल वापस तथा बिजली वितरण क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने जैसी बाजार आधारित सुधारों के सभी कदम वापस लेने, सार्वजनिक परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सेवाओं को सुदृढीकरण एवं सुलभता सुनिश्चित करने, अमीरों के कॉर्पोरेट टैक्स में बढ़ोतरी और सम्पत्ति कर लागू करने, रेलवे और बिजली विभाग के तमाम खाली पड़े पदों पर अविलंब बहाली करने की मांग की गईं.



टाटानगर स्टेशन के समक्ष प्रदर्शन करते लोग.

**खास बातें**

- सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का निजीकरण रोका जाए
- यूनियन ने खाली पड़े पदों को शीघ्र भरने की मांग की

### सभी को आंदोलन से जोड़ने का हो रहा प्रयास

सीटू झारखंड के महासचिव विश्वजीत देब ने बताया कि जनता के करों से बनी भारतीय रेलवे की पांच लाख करोड़ रुपए की संपत्ति को अपने कॉर्पोरेट मित्रों के हाथों में सौंपने की साजिश केंद्र सरकार कर रही है. ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं जो रेलवे के आम यात्रियों के हित के खिलाफ है. सरकार रेलवे सेवाओं की सब्सिडी वापस लेने की योजना बना रही है. ऐसे में रेल सेवा देश की अधिकांश जनता की पहुंच से बाहर हो जाएगी. सीटू एवं किसान सभा ने इसके विरोध में आंदोलन करने की घोषणा की है.

# क्राइम कैपिटल बनता जा रहा धनबाद : प्रतुल शाहदेव

संवाददाता । रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि ऐसा लगता है कि झारखंड की पूरी विधि-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है. ग्रामीण क्षेत्रों में नक्सलियों का टांडव मचा हुआ है और शहरी क्षेत्र में संगठित अपराध सर चढ़कर बोल रहा है. जिस सिस्टम का काम आम लोगों और व्यवसाइयों की रक्षा करना था, वह अब अवैध खनन के व्यापार को संरक्षण देकर बढ़ाने में लगा हुआ है.

झारखंड में हेमंत सरकार के कार्यकाल में हत्या, बलात्कार और किडनैपिंग के कुल पांच मामले रोज होते हैं जो राज्य बनने के बाद कभी नहीं हुआ था. इस सरकार में धनबाद झारखंड का क्राइम कैपिटल बनता जा रहा है. पुलिस इक्का-दुक्का अपराधियों की गिरफ्तारी कर अपनी पीठ थपथपा लेती है. अब तो हाईकोर्ट ने भी इस मामले में संज्ञान लेते हुए एसएसपी को पार्टी बनाते हुए रिपोर्ट तलब किया है. प्रतुल ने राज्य सरकार से मांग की कि वह धनबाद के पुलिस में बड़ा बदलाव करे और तेज तर्रार अधिकारियों की पोस्टिंग करें.



## ब्रीफ खबरें

### जागरूकता सप्ताह के तहत कार्यशाला

**कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक दो एवं बरोरा क्षेत्र द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत संयुक्त रूप से हरीना स्थित अतिथि गृह में शुक्रवार के दिन एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का शुभारंभ महाप्रबंधक ब्लॉक दो के जीएम क्षेत्र चितरंजन कुमार, एजीएम बरोरा जीके मेहता, ब्लॉक दो के एजीएम, एसबी कुमार, एपीएम संजय कुमार भारती, क्षेत्रीय प्रबंधक शंभु शरण एवं सतर्कता विभाग के प्रबंधक राजेश कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. कार्यशाला में प्रबंधक राजेश कुमार ने सतर्कता विभाग की कार्यप्रणाली से सभी को अवगत कराया.

### नगर आयुक्त ने गांधी उद्यान का किया निरीक्षण

**पलामू ।** मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने शुक्रवार को गांधी उद्यान का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने यहां अवस्थित संसाधनों का जायजा लिया. उद्यान में बेहतर लाइटिंग और मनोरंजक संसाधनों से लोगों को मनोरंजन करते देख खुशी जाहिर की. उन्होंने गांधी उद्यान को बेहतर तरीके से विकसित करने को लेकर निगम की पूरी टीम को बधाई दी. साथ ही कहा कि सुरक्षित तरीके से उद्यान का निर्माण किया गया है और इसका बेहतर संचालन भी किया जा रहा है.

### विभाग की लापरवाही की डीसी से होगी शिकायत

**मुसाबनी।** मुसाबनी प्रखंड के शांति नगर के निवासियों ने प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम से पेयजल समस्या की शिकायत की है. शुक्रवार को प्रमुख ने शांतिनगर में ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निरीक्षण किया. संवेदक द्वारा हर घर जलनल योजना के तहत गांव लोगों को घर-घर कनेक्शन नहीं दिया गया है. एक ही जगह 10 लाभुकों का पाइप को समेट कर रखा गया है. ग्रामीणों ने बताया की कुछ लोगों का पानी तो आता है लेकिन इतना काम आता है दिन भर में भी एक बाल्टी भर नहीं सकता. ग्रामीणों ने प्रमुख से गांव में एक जलमीनार निर्माण कराने की मांग की.

### छठ घाटों के पास बिजली के तार किए जाएंगे दुरुस्त

**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन अभी से ही तैयारियों में जुट गई है. जगह-जगह नदी घाटों का दौरान उन्हें दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी गई है. इसी कड़ी में बिजली विभाग की ओर से भी छठ घाटों के नजदीक के बिजली तारों को दुरुस्त करने का कार्य जल्द शुरू किया जायेगा. जर्जर तारों को बदलने व शिफ्ट करने की भी तैयारी है. तारों के नीचे जाली लगाने, ट्रांसफॉर्मर में एबी स्वीच लगाने के अलावा इंसुलेटर व जंफर बदलने का काम विभाग द्वारा किया जाएगा. जमशेदपुर प्रमंडल में 20 और मानगो प्रमंडल में 19 स्थानों को डेंजर के रूप में चिह्नित किया गया है.

### जब्त किए गए 40 हजार सीएफटी बालू की चोरी

**चाकुलिया।** चाकुलिया के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र में विगत एक नवंबर की रात अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया था. इस अभियान में डाकुई गांव के पास टीम द्वारा दो अलग-अलग स्थान पर 50 हजार सीएफटी बालू के भंडारण को जब्त किया गया था. जब्त बालू को श्यामसुंदरपुर थाना को जिम्मा सौंपा गया था.उक्त 50 हजार सीएफटी बालू में से लगभग 40 हजार सीएफटी बालू की चोरी अज्ञात लोगों द्वारा कर ली गई है. अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार ने स्थल पर जाकर मुआयना किया.

### डॉ. चितरंजन पंकज का इस्तीफा नामंजूर

**देवघर।** देवघर के जाने-माने चिकित्सा डॉक्टर चितरंजन पंकज ने अपनी सरकारी नौकरी से इस्तीफा के लिए सरकार को पत्र लिखा था, लेकिन सरकार ने उनके स्थिति को स्वीकार करने से मना कर दिया. यह हवाला दिया कि अभी डॉक्टर की कमी है, इसलिए आप सदर अस्पताल में ही फिलहाल सेवा दीजिए. पत्र जारी करते हुए सरकार के अपर सचिव ने देवघर के सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चितरंजन कुमार पंकज का त्यागपत्र नामंजूर किया गया है. उन्हें फिलहाल अपने पद पर योगदान देने का निर्देश दिया जा रहा है.

## रेल जिला पुलिस क्षेत्र में 21 थाने, कई थाना क्षेत्रों में महीनों से क्राइम नहीं

# 20 साल में 7 एफआईआर, बंद होंगे आधा दर्जन रेल थाने

**संवाददाता। धनबाद**



गोमिया स्टेशन की फाइल फोटो .

जिस रेल थाना में साल-दो साल में एक एफआईआर, होता है, वे अब बंद होंगे. पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव पर गृह विभाग से शीघ्र ही हरी झंडी मिलते ही संबंधित रेल थानों में ताले लटक जायेंगे. रेल पुलिस सूत्रों के अनुसार धनबाद रेल जिला पुलिस क्षेत्र में 21 रेल थाना है, जो झारखंड के 16 जिले तक फैला हुआ है. इसमें आधा दर्जन रेल थाना ऐसे हैं जहां साल-दो साल में मात्र एक ही एफआईआर होता है. इसमें कुसुंडा, गोमिया, पाथरडीह, भागा, पाकुड़ और गिरिडीह हैं. इन थानों के केस की समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर पूर्व रेल एसपी ने पुलिस मुख्यालय को भेजा था. फिर गृह विभाग को फाइल सौंपी गई. गृह विभाग ने जांच पड़ताल कर निर्णय लिया है कि ऐसे रेल थाने जहां एफआईआर नहीं के बराबर होते हैं और वहां तैनात पुलिस बल व अन्य मद में हर माह लाखों-करोड़ों रुपये वेतन व अन्य मद में खर्च हो रहे हैं, वैसे रेल थानों को बंद कर दिया जाए. संबंधित पुलिसकर्मियों को दूसरे थाना में शिफ्ट कर दिया जाएगा.

**खास बातें**

- थानों को चलाने में आता है दो करोड़ हर महीने खर्च
- गृह विभाग से हरी झंडी मिलते ही लटक जायेंगे ताले

**नजदीकी रेल थाना में विलय होंगे कुसुंडा, गोमिया, पाथरडीह, भागा, पाकुड़ और गिरिडीह :** सूत्रों के अनुसार दस-पंद्रह वर्ष पहले कुसुंडा, गोमिया, पाथरडीह, भागा, पाकुड़ व गिरिडीह रेल थाना क्षेत्र के स्टेशनों व ट्रेनों में आपराधिक व नक्सली घटनाएं होती थी, लेकिन इधर कई महीनों से इन थाना क्षेत्रों में क्राइम नहीं हो रहे हैं. इन थानों को बंद कर नजदीकी रेल थाना में क्षेत्र का विलय कर दिया जाएगा. धनबाद से चंद्रपुरा की दूरी 34 किमी है और इतनी कम दूरी में ही चार रेल थाना है, जिसमें धनबाद, कुसुंडा, कतरास व चंद्रपुरा रेल थाना है. कतरास रेल थाना में ही कुसुंडा जीआरपी को विलय कर दिया जाएगा. कुसुंडा जीआरपी में होने वाले एफआईआर कतरास में ही होंगे. ऐसे ही अन्य पांच रेल थानों को नजदीकी रेल थाना में विलय किया जाएगा.

### 50 से 60 पुलिसकर्मी तैनात , हो गए करोड़ों खर्च

कुसुंडा, गोमिया, पाथरडीह, गिरिडीह, पाकुड़ और भागा रेल थाना में 20 साल में मात्र सात एफआईआर हुए हैं. यहां 50 से 60 पुलिसकर्मी तैनात हैं. जिस पर हर महीने लगभग 2 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं. साल में 24 करोड़ रुपये वेतन व अन्य मद में विभाग को देना पड़ रहा है. पुलिस अधिकारी कहते हैं कि ये पुलिसकर्मी बैठ कर वेतन उठा रहे हैं. ऐसे पुलिसकर्मियों को अपराध प्रभावित क्षेत्र के थानों में शिफ्ट किया जाएगा.

## आओ जानें

### राज्य के भूमि संबंधित आंकड़े

| जिला | भौगोलिक क्षेत्र | वन क्षेत्र |
|---|---|---|
| दुमका | 379 .03 | 42 .71 |
| देवघर | 248 .15 | 34 .63 |
| गोड्डा | 231.84 | 31.32 |
| पाकुड़ | 181.70 | 20 .79 |
| साहेबगंज | 201.75 | 42 .74 |
| जामताड़ा | 179 .17 | 30 .20 |
| हजारीबाग | 604 .63 | 256 .66 |
| कोडरमा | 55 .23 | |
| चतरा | 375 .52 | 226 .82 |
| गिरिडीह | 493 .22 | 158 .42 |
| बोकारो | 288 .97 | 72 .23 |
| धनबाद | 204 .16 | 18 .93 |
| जिला | भौगोलिक क्षेत्र | वन क्षेत्र |
| रांची | 758 .25 | 159 .14 |
| लोहरग्गा | 153 .62 | 44 .36 |
| गुमला | 538 .92 | 81.14 |
| प्लामू | 524 .69 | 226.85 |
| गढ़वा | 428 .82 | 191.15 |
| सिमडेगा | 371.63 | 55 .94 |
| लातेहार | 319 .19 | 137 .97 |
| पू सिंहभूम | 556 .69 | 122 .82 |
| प सिंहभूम | 562 .70 | 227 .54 |
| सरायकेला | 237 .23 | 95 .96 |

स्रोत : (सांख्यिकी एवं मूल्यांकन निदेशालय, झारखंड, रांची)



## फुट ओवरब्रिज के अभाव में रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान गई थी जान

# ट्रैक पार करने में हुई दुर्घटना तो मिलेगा मुआवजा : हाईकोर्ट

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**



झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि फुट ओवरब्रिज और लाइट के अभाव में रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान जान गंवाने वाली महिला के परिवार को आठ लाख का मुआवजा दिया जाए. दरअसल रेलवे न्यायाधिकरण ने मृतका के परिजनों को मुआवजा देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद मृतका के परिजनों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. रेलवे ट्रिब्यूनल ने यह कहते हुए मुआवजा देने से इनकार किया था कि महिला की मृत्यु रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 123 के तहत परिभाषित "अप्रिय घटना" में नहीं हुई थी. इस पर प्रार्थी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यात्रियों को एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए रेलवे स्टेशन के पास कोई फुट ओवरब्रिज नहीं बनाया गया और न ही लाइट की व्यवस्था थी.

**ट्रेन से उतर कर ट्रैक पार करने के दौरान दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गयी थी महिला :** घटना तब हुई, जब महिला अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद ट्रेन से उतरकर अंधेरे में अपने घर जाने के लिए रेलवे ट्रैक पार कर रही थी. इस दौरान वह दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गयी और उसकी मौत हो गयी. अदालत ने पाया कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण रेलवे दुर्घटना थी. सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपने फैसले में कहा कि मृतका वास्तविक यात्री थी, जिसकी अप्रिय घटना के कारण मौत हो गयी. अपीलकर्ता मृतका के आश्रित होने के कारण रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 124 (ए) के तहत आवेदन दाखिल करने की तारीख (13 मार्च 2018) से मुआवजा राशि प्राप्त होने की तारीख तक 6% ब्याज के साथ आठ लाख मुआवजा राशि के हकदार हैं. हाईकोर्ट में इस संबंध में सुरेश राम ने याचिका दाखिल की थी.

### पूर्व पार्षद वेद प्रकाश पर हाईकोर्ट ने 20 हजार का जुर्माना लगाया

**रांची।** नगर निगम के वार्ड नंबर 39 के पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह पर हाईकोर्ट ने 20 हजार का जुर्माना लगाया है. अदालत ने जुर्माने की राशि तीन दिन के अंदर जमा करने का निर्देश दिया है. हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंदा सेन की खंडपीठ में वेद प्रकाश सिंह की ओर से अधिवक्ता कृष्ण मुरारी ने पक्ष रखा. वहीं अभिषेक कुमार की ओर से अधिवक्ता आकाशदीप ने पक्ष रखा. दरअसल हाईकोर्ट के एकल पीठ ने वार्ड नंबर 39 के पूर्व पार्षद वेद प्रकाश सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए नगर विकास विभाग के उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, जिसमें वेद प्रकाश सिंह को अयोग्य घोषित करते हुए पद से मुक्त किया गया था.

### शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर हाईकोर्ट में पीआईएल

**रांची।** झारखंड में 7000 से अधिक एकल विद्यालयों में शिक्षकों की अविलंब नियुक्ति और 4000 से अधिक जर्जर सरकारी स्कूलों को ध्वस्त कर नए स्कूलों के निर्माण को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी है. आरटीआई कार्यकर्ता पंकज कुमार यादव ने जनहित याचिका दायर कर मांग की है कि झारखंड में सरकारी स्कूलों की खराब व्यवस्था को ठीक करने के लिए सरकारी कर्मी व जनप्रतिनिधियों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाना अनिवार्य किया जाए. याचिका में कहा गया है कि झारखंड में सरकारी स्कूलों की व्यवस्था देश के बाकी राज्यों की तुलना में सबसे खराब है. झारखंड की प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की 50% सीटें खाली है. वहीं माध्यमिक में 42% और हाई स्कूलों में शिक्षकों की 55% से अधिक पद रिक्त हैं. इस परिस्थिति में छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है. सरकारी स्कूलों में 15 लाख से अधिक बच्चे प्रतिदिन अनुपस्थित रहते हैं. यह उदासीनता खराब शिक्षा गुणवत्ता के कारण है. अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं. अब तक डेढ़ लाख विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध नहीं करायी गयी है.

**प्राइमरी के बच्चों को एक ही शिक्षक एक ही कमरे में पढ़ाते हैं :** याचिका में स्कूलों में शौचालय, प्लेग्राउंड तथा साफ सफाई की कमी का घोर अभाव बताया गया है. किसी भी स्कूल में फायर सेफ्टी इक्विपमेंट नहीं है. साथ ही किसी भी स्कूल में बरसात में वज्रपात से बचने के लिए तड़ित चालक की व्यवस्था नहीं है. आठवीं, नौवीं और दसवीं के विद्यार्थी इंग्लिश, मैथ और साइंस के शिक्षक से बिना पढ़े मैट्रिक परीक्षा पास कर जाते हैं. राज्य में 7000 से अधिक ऐसे स्कूल हैं, जो सिर्फ एक-एक शिक्षक द्वारा संचालित हो रहे हैं.

### जेल में ही बीतेगी छवि रंजन की दिवाली

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की दिवाली जेल की सलाखों के पीछे ही बीतेगी. उनकी जमानत अर्जी पर रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुना दिया है. गुरुवार को हुई सुनवाई के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. अदालत ने छवि रंजन की जमानत याचिका को खारिज करते हुए, उन्हें बेल देने से इंकार कर दिया है. ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस की. वहीं छवि रंजन की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की. बहस के दौरान छवि रंजन के वकील ने उन्हें बेगुनाह बताते हुए जमानत दिए जाने की गुहार लगाई. ईडी रांची में लैंड स्कैम से जुड़े दो मामलों की जांच कर रही है.

### सूर्य मंदिर समिति के 16 लोगों को जमानत

**जमशेदपुर ।** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर में 2022 में छठ महोत्सव के दौरान सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों एवं निर्दलीय विधायक सरयू राय के समर्थकों के बीच हुए मारपीट मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने 16 लोगों की जमानत को मंजूरी दी. सूर्य मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष संजीव सिंह ने फैसले पर न्यायालय का आभार जताते हुए कहा कि इसे सत्य की जीत बताया है. उन्होंने कहा कि विधायक सरयू राय ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दौरान अनावश्यक विवाद पैदा कर छठ पूजा में विघ्न डालने की कोशिश की थी. जब इतने से उनका मन नहीं भरा तो उन्होंने शहर के सैकड़ों सूर्य भक्तों के ऊपर झूठे केस में फंसाने की साजिश की. संजीव सिंह ने कहा कि हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा है.

# माह के अंत तक सदर अस्पताल में मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के सदर अस्पताल में रेडियोलोजी विभाग शुरू करने की तैयारी की जा रही है. जिससे मरीजों को जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़े. इस माह के अंत तक अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने की तैयारी है. मुख्यालय से अल्ट्रासाउंड मशीन मिलने का रास्ता साफ हो गया है. इसके लिए जिला प्रशासन के डीएमएफटी फंड से जरूरी सामान और उपकरण भी लाए जाएंगे. बता दें की सदर अस्पताल में पहले से ही रेडियोलॉजिस्ट मौजूद हैं लेकिन जांच की व्यवस्था नहीं होने से दूसरे विभाग में काम लिया जा रहा है. जिला प्रशासन ने भी सदर अस्पताल में जल्दी रेडियोलॉजी सेवा शुरू करने के लिए कहा है.

### मशीन लगाने के लिए जगह चिन्हित

सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन ने बताया कि इस माह के अंत तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी. रेडियोलॉजी विभाग के लिए अस्पताल में जगह चिन्हित कर ली गई है. वहीं, सदर अस्पताल के नोडल पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल में बेहतर चिकित्सा सेवा के लिए लगातार प्रयासरत हैं. कहा की रेडियोलॉजी विभाग के लिए अलग से डॉक्टर के साथ कर्मचारियों की भी तैनाती की जाएगी. इसके लिए भी रोस्टर बनाए जा रहे हैं.

# सड़क किनारे खड़े वाहनों पर कार्रवाई का आदेश

**संजीव मेहता । आदित्यपुर**

सरायकेला जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए एसपी डॉ. विमल कुमार ने सभी थाना व ओपी और यातायात थाना प्रभारियों को कई निर्देश दिये हैं. एसपी ने मुख्य मार्ग पर खड़े वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया है. साथ ही भारी वाहनों की पार्किंग व्यवस्था खाली जगह पर कराने का निर्देश दिया है.

कार्रवाई के बावजूद अगर स्थिति में सुधार नहीं होता है तो यातायात थाना के सहयोग से सभी का फाइन काटने को कहा गया है. इसके बाद भी किसी थाना क्षेत्र में रोड जाम से निजात नहीं मिले तो उक्त थाना प्रभारियों के खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाने की बात कही. एसपी ने कांड्रा से आदित्यपुर खरकई पुल तक होने वाली वाहनों की पार्किंग को भी दुरुस्त करने का आदेश यातायात प्रभारी राजेश कुमार सिंह को दिया है.

**नशे के खिलाफ जांच अभियान चलाने का भी निर्देश :** एसपी ने समय-समय पर नशे के खिलाफ जांच अभियान चलाने को कहा है. साथ ही शराब के नशे में वाहन चलाने वालों का मेडिकल जांच करवाने और उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की बात कही.

डॉ. विमल कुमार ने कहा कि जागरुकता बढ़ने से दुर्घटनाओं में कमी आयी है लेकिन आंकड़े संतोषजनक नहीं है.

# लखीमाता कोलियरी प्रबंधन पर तानाशाही का आरोप

**संवाददाता। निरसा**



ग्रामीणों ने ईसीएल मुगमा क्षेत्र के लखीमाता कोलियरी के प्रबंधन पर मनमानी व तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया है. ग्रामीणों ने बताया कि लखीमाता कोलियरी प्रबंधन द्वारा एमपीएल से निकलने वाली फ्लाई ऐश गिरा देने से यहां के लोगों का रहना मुहाल हो गया है. बगल में गुरुकुल स्कूल है, जहां छोटे-छोटे बच्चे पढ़ते हैं. छाई के पॉल्यूशन से तरह-तरह की बीमारी के शिकार लोग हो रहे हैं.

वहीं कुआंनुमा गड्ढा भी हो गया है, जिसमें एक गाय गिर गई थी, जिसे बड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने निकाला था. समय रहते अगर इस गड्ढे की भराई नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. इसकी शिकायत कोलयरी प्रबंधन से की गई थी. शिकायत के बाद प्रबंधन के लोग उक्त स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे थे. निरीक्षण के बाद ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि जल्द ही फ्लाई ऐश के ऊपर मिट्टी डाल दी जाएगी और गड्ढे को भर दिया जाएगा. महीने भर से ज्यादा समय बीतने के बाद भी ना तो अबतक गड्ढा भरा गया, ना ही फ्लाई ऐश पर मिट्टी डाली गई. सरकार पेड़ लगाने और बचाने को लेकर लगातार जागरुकता अभियान चला रही है, मगर प्रबंधन अभियान में पलीता लगाने में जुटा है. लखीमाता कोलियरी प्रबंधन ने फ्लाई ऐश गिराकर सैंकड़ों पेड़ों की जीवन लीला ही समाप्त कर दी.

### एससी-एसटी के तहत दर्ज मामले को लेकर डीसी ने दिए आदेश

**गोड्डा।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामलों की समीक्षा के लिए उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया. समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित बैठक में जिला स्तरीय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति के पदाधिकारी शामिल हुए. बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी अविनाश कुमार के द्वारा यह जानकारी दिया गया कि वर्तमान में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कल्याण विभाग के समक्ष चौबीस मामले आए हैं. पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अधिनियम 1989 के तहत पीड़ितों को प्रथम किश्त किस्त एवं द्वितीय किश्त की राहत राशि प्रदान करने की अनुशंसा की गई.

## ओबीसी आरक्षण को लेकर बने कमीशन पर हाईकोर्ट ने पूछा

# डेडिकेटेड कमीशन के अध्यक्ष कब नियुक्त होंगे

**विनीत आभार उपाध्याय। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से नाराजगी जताते हुए पूछा है कि ओबीसी को रिजर्वेशन देने को लेकर गठित डेडिकेटेड कमीशन की नियुक्ति कब तक होगी. हाईकोर्ट में जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने शुक्रवार को यह सवाल किया है. इस मामले में अब शपथ पत्र दायर कर जवाब देने का आदेश दिया गया है. अगर समय रहते इसका जवाब नहीं दिया जाता है, तो कार्मिक सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया गया है. इस मामले में अब अगली सुनवाई आठ नवंबर को होनी है.

इससे पूर्व याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य में नगर निकायों का चुनाव अब तक लंबित है. निकायों में प्रशासक नियुक्त कर काम चलाया जा रहा है. जब तक नगर निकायों का चुनाव पूरा नहीं होता है, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रशासक की बजाय निकाय प्रतिनिधियों को अधिकार दिया जाना चाहिए. ओबीसी के आरक्षण को लेकर डेडिकेटेड कमीशन का गठन तो कर लिया गया है, लेकिन इसके चेयरमैन की नियुक्ति नहीं की गई है.

### ओबीसी आरक्षण पर लटका है मामला

मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि नगर निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों का टर्म पूरा होने के करीब छह माह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक सरकार ने डेडिकेटेड कमीशन के चेयरमैन की नियुक्ति नहीं की है, जबकि डेडिकेटेड कमीशन को ओबीसी के डेटा का अध्ययन कर उनके लिए आरक्षित सीटों पर निर्णय लेना है.

### छह महीने में होगा चुनाव

सरकार की ओर से कहा गया कि छह माह में राज्य में नगर निकायों का चुनाव कर लिया जाएगा. इससे पहले भी याचिकाकर्ता ने कहा था कि पंचायत चुनाव की निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद भी पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार दिया गया था, उसी तर्ज पर निकाय चुनाव की अवधि समाप्त होने के बाद पार्षदों को उनके अधिकार दिए जाए, जब तक की निकाय चुनाव ना हो जाए.

### ग्राम रोजगार व पंचायत सचिव सेवकों की बैठक

**गोविंदपुर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. जहीर आलम ने शुक्रवार को सभी पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सेवकों के साथ बैठक की. उन्हें समय पर सभी पंचायत सचिवालय मे बैठकर जनता के कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि यदि कोई ग्रामीण जॉब कार्ड बनाने आते हैं तो उनका तत्काल जॉब कार्ड बनाया जाए और यदि मनरेगा से काम मांगते हैं तो उन्हें काम भी उपलब्ध कराया जाए. उन्होंने पंचायत सचिवालयों को साफ-सुथरा रखने, प्रतिदिन सचिवालय खोलने तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र आदि कार्यों का यथाशीघ्र निष्पादन करने का भी निर्देश दिया. प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आगामी 16 नवंबर से 29 दिसंबर तक आयोजित सरकार आपके द्वारा कार्यक्रमों की भी तैयारी करने का निर्देश दिया. उन्होंने प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मियों एवं पर्यवेक्षकों से समय पर कार्यालय आने और विभागीय कार्यों का समय पर निष्पादन करने का भी निर्देश दिया.

## पहल | पुलिस दुकानदारों के साथ बैठक कर बनाएगी रणनीति, अपराधियों पर नजर

# नंबर लिखवाने से पहले देना होगा आरसी बुक व पहचान पत्र

**रोहित कुमार । जमशेदपुर**



पुलिस इन दिनों वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर लिखने वाले दुकानदारों के साथ बैठक कर उन्हें कई दिशा-निर्देश दे रही है. अब वाहन मालिकों को अपने वाहन पर नंबर लिखवाने से पहले दुकानदार को आरसी बुक, पहचान पत्र का फोटोकॉपी और फोन नंबर देना होगा. दुकानदार इन सभी चीजों को अपने रजिस्टर में इंट्री करेंगें और इसका रिकॉर्ड रखेंगे. जिले के एसएसपी किशोर कौशल ने सभी थानेदारों को रजिस्ट्रेशन नंबर लिखने वाले दुकानदारों का डेटा कलेक्ट करने का आदेश दिया है. इसके बाद पुलिस इन दुकानदारों के साथ बैठक कर रणनीति बनाएगी. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि इन दुकानदारों को एक रजिस्टर रखने को कहा जाएगा. इसमें रजिस्ट्रेशन नंबर लिखवाने आए लोगों की पूरी जानकारी होगी. रजिस्टर में वाहन का आरसी, नंबर लिखवाने वाले व्यक्ति का नाम, फोन नंबर और एक पहचान पत्र की जानकारी होगी. यह रजिस्टर समय-समय पर पुलिस जांच करेगी. इस रणनीति से शहर में अपराध कम करने में मदद मिलेगी.

**खास बातें**

- एसएसपी किशोर कौशल ने सभी थानेदारों को दिए निर्देश
- रणनीति से शहर में अपराध कम करने में मिलेगी मदद

**वाहनों का नंबर बदलकर होते हैं अपराध :** एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि ज्यादातर मामलों में यह देखा गया है कि अपराधकर्मी अपराध के लिए जिस वाहन का इस्तेमाल करता है, उसका नंबर बदल दिया जाता है. ये रजिस्ट्रेशन नंबर दुकानों में ही लिखे जाते हैं. आजकल दुकानदार बिना आरसी देखे वाहनों के नंबर प्लेट बना देते हैं. अब ऐसे वाहनों की जानकारी रहने पर अपराधियों को भी पकड़ने में मदद मिलेगी. शहर में छिनतई समेत अन्य घटनाओं में ऐसे ही वाहनों का इस्तेमाल किया जाता है. शहर में नंबर प्लेट बनाने वाले दुकानदारों को जल्द ही वेरिफाई किया जाएगा.

### मॉडिफिकेशन करने वाले दुकानदारों पर भी होगी कार्रवाई

एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि शहर में कई ऐसे दुकानदार हैं जो वाहनों मॉडिफिकेशन करते हैं. एमवी एक्ट के तहत वाहनों में मॉडिफिकेशन करने वाले और करवाने वालों पर पांच हजार से लेकर एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है. शहर में कई दुकाने हैं जो मॉडिफेकशन का सामान बेचती हैं और लगाती हैं. सबसे ज्यादा जरुरी है कि इन दुकानों पर छापेमारी कर कार्रवाई की जाए. शहर में मॉडिफिकेशन करने वाली कितनी दुकानें हैं, इसका भी पता लगाया जा रहा है.

# दल से अलग भटक रहे हाथी की तलाश में जुटा वन विभाग



**संवाददाता । चाकुलिया**

बड़ामारा पंचायत ज्वालभांगा के आसपास एक जंगली हाथी को दल से अलग अकेले ही भ्रमण करते देखा गया है. ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी है. इसके बाद वन विभाग के कर्मचारियों ने शुक्रवार की सुबह हाथी की तलाश की लेकिन हाथी कहीं नजर नहीं आया. ज्ञात हो कि पिछले दो दिन में हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर जख्मी हुई दो हथिनी की मौत हो गई है. एक हथिनी की मौत बुधवार को ज्वालभांगा के पास खेत में हुई थी. वहीं गुरुवार को एक हथनी की मौत जमुआ पंचायत के माचाडीहा के पास काजू जंगल में हुई थी. दोनों हथिनी भी दल से अलग होकर भ्रमण कर रही थी. ऐसे में दल से अलग होकर एक हाथी के भ्रमण करने की सूचना पाकर वन विभाग उसकी तलाश जुट गया है. ज्वालभांगा के आसपास के जंगलों में वन कर्मियों ने हाथी की तलाश की. वन कर्मियों ने ज्वालभांगा, पूर्णापानी, जमुआ, माचाडीहा, सुनसुनिया समेत अन्य कई गांव के आसपास हाथी की तलाश की.

**लातेहार :** एनएचएआई को बाइपास और फोरलेन का निर्माण कराना है, 10 गांवों से होकर गुजरेगी सड़क

# डीसी के साथ वार्ता बेनतीजा, अब आंदोलन के मूड में रैयत

आशीष टैगोर ।लातेहार

लातेहार में एनएचएआई द्वारा बाइपास और फोरलेन का निर्माण कराया जाना है. भूमि अधिग्रहण के लिए रैयतों को नोटिस दिया जा चुका है लेकिन एनएचएआई के द्वारा अधिग्रहण किये जाने वाली जमीन का मुआवजा कम होने और मुआवजे की राशि में एकरूपता नहीं होने के कारण रैयतों ने विरोध करना शुरू कर दिया है. लातेहार अंचल के दस गांवों से हो कर यह सड़क गुजरेगी. इन सभी दस गांवों में मुआवजा दर कम होने पर ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है. विरोध को एक मंच पर लाने के लिए फोरलेन सड़क विस्थापित संघर्ष समिति का गठन किया गया है. गुरूवार को संघर्ष समिति और उपायुक्त हिमांशु मोहन के साथ वार्ता हुई जो बेनतीजा रही.

### खास बातें

- मुआवजा दर कम होने पर ग्रामीणों ने किया विरोध
- लातेहार अंचल में दो फेज में बननी है बाइपास सड़क

**दो फेज में बनेगा बाइपास सड़क और फोरलेन :** बता दें कि लातेहार अंचल में दो फेज में बाइपास सड़क और फोरलेन का निर्माण किया जायेगा. कुड़ु से उदयपुरा तक पहले फेज में फोरलेन सड़क बनायी जायेगी. यह अभी निर्माणाीधीन है. इसके बाद उदयपुरा से भोगूडीह (सतबरवा) तक सड़क बनेगी. लातेहार शहर में बाइपास सड़क का निर्माण होगा. यह बाइपास सड़क उदयपुरा से शुरू होगी. उदयपुरा से कड़िमा, पांडेयपुरा, नावाडीह, कूरा, इचाक से डुडंगी खुर्द एनएच में निकलेगी. इसके बाद डुड़ंगी कला, होटवाग, मतनाग व पतकी होते हुए मनिका और भोगूडीह तक जायेगी.

### डीसी से बातचीत में नहीं बनी बात : गुजर उरांव



समिति के अध्यक्ष गुजर उरांव ने कहा कि उपायुक्त ने रैयतों को स्प्ष्ट कहा कि अधिग्रहित की जाने वाली जमीन का दर सरकार के द्वारा निर्धारित किया गया है. इस मामले में वे कुछ नहीं कर सकते हैं. जहां तक रसीद काटने की बात है तो बंदोबस्त जमीन का रसीद काटने के लिए सरकार को पत्र लिखा जाएगा. बंदोबस्ती जमीन का ऑनलाइन रसीद काटने को लेकर सरकार का स्पष्ट आदेश नहीं है.

### मुआवजे की राशि में एकरूपता ही नहीं



उपायुक्त के साथ हुई वार्ता विफल होने के बाद रैयत अब आंदोलन के मूड में हैं. संघर्ष समिति के संरक्षक लक्ष्मण यादव और राजधनी प्रसाद यादव ने कहा कि एनएचएआई द्वारा फोरलेन सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की जाने वाली जमीन का मुआजवा दर बहुत ही कम निर्धारित किया गया है. इसके अलावा दर में भी एकरूपता नहीं है. डुंड़गी खुर्द ग्राम में मुआवजा की राशि 79 हजार रूपये प्रति डिसमिल तय की गई है. जबकि डुड़गी खुर्द से सटे डुड़गी कला व होटवाग ग्राम में मुआवजा मात्र 12 हजार रूपये तय किया गया है. समिति के संयोजक वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि यह कैसे हो सकता है कि आधे किलोमीटर की दूरी में ही मुआवजा की राशि में इतना बड़ा अंतर आ जायेगा.

### आओ जानें

#### सामान्य ज्ञान

- छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम कब लागू किया गया था – 1908
- विश्व रेंजर दिवस हर साल किस दिन मनाया जाता है – 31 जुलाई
- जीवन किरण योजना किस बीमा कंपनी ने शुरू की है – एलआईसी
- देश का पहला टेली-एमएएनएएस 'चैट-बॉट' कहा शुरू किया गया – जम्मू और कश्मीर
- भारत का पहला निजी हिल स्टेशन किस राज्य में खुला है – महाराष्ट्र
- न्यूनतम गारंटी आय विधेयक लाने वाला पहला राज्य कौन है – राजस्थान
- हाल ही में किस शहर में ड्रोन उड़ाने पर 30 दिनों के लिए प्रतिबंध लगाया गया – मुंबई
- झारखंड: कास्टेल ओवर ग्रेव्स के लेखक कौन हैं – विक्टर दास
- छोटा नागपुर में विल्किंसन कानून कब अस्तित्व में आया – 1837
- जीएसटी परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग पर कितना प्रतिशत जीएसटी किया – 28

### ब्रीफ खबरें

#### अतिक्रमण हटाने का एसडीओ ने दिया निर्देश

तेनुघाट। बेरमो एसडीओ शैलेश कुमार और पेटरवार सीओ अशोक राम के द्वारा तेनुघाट स्थित बिरसा चौक के पास की जगह को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दुकानदारों को दिया. दुकान से बाहरी छज्जे, जहां-तहां ठेला और सड़क पर सब्जी बेचने वाले व्यवसाईयों को भी निर्देश दिये गये है. जहां-तहां सब्जी लगा कर सड़क का अतिक्रमण नहीं करने को कहा. उन्होंने कहा कि बस स्टैंड के पास सब्जी लगाने की जगह निर्धारित की गई है. सब्जी विक्रेता निर्धारित जगह पर सब्जी बेचें. दुकानदार दुकान का छज्जा आवश्यकता से बहुत ज्यादा निकाले हुए हैं.

#### सुरक्षित बचपन-खुशहाल जीवन अभियान चलाया

**साहिबगंज।** शुक्रवार को जेएसएलपीएस कार्यालय सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत बाल संरक्षण इकाई पदाधिकारी डीसीपीओ पूनम कुमारी की अध्यक्षता में बाल विवाह एवं बाल हिंसा को रखने हेतु सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन अभियान के आयोजन करने हेतु संबंधित कार्यरत विभिन्न एनजीओ के साथ बैठक किया गया. जिसमें मंथन, एक्सिस,जेएसएलपीएस, चाइल्ड वेलफेयर कमिटी जैसे संस्था शामिल थे. बैठक में मुख्य रूप से विशेषकर बाल विवाह, बाल श्रम, योजना से संबंधित चर्चा की गई.

#### राजनीतिक दलों के साथ सीओ की बैठक

**गावां।** अंचल कार्यालय के सभागार में मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ ने बैठक की. सीओ अविनाश रंजन ने मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत मतदाताओं का नाम विलोपित करने समेत अशुद्धि में सुधार करने हेतु प्रपत्र 6, 7 एवं 8 की जानकारी दी. कहा कि निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के निबंधन की प्रक्रिया को पूरी तरह से सरल कर दिया है. बीएलओ के माध्यम से सभी काम किया जा रहा है.

#### फ्रेट कॉरिडोर विस्थापित ने खाया जहर, गंभीर

**मैथन ।** कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के मैथन मोड़ निवासी नत्थू जायसवाल (62) ने सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या की कोशिश की. उन्हें कुमारधुबी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है. जानकारी के अनुसार हालत गंभीर है. मामला गुरुवार रात दस बजे का है. पत्नी ने कहा कि रेलवे के फ्रेट कॉरिडोर निर्माण में विस्थापित हो जाने के कारण कुछ दिनों से वह तनाव में थे. उन्हें बेघर होने का डर सता रहा था. आर्थिक तंगी से भी परेशान थे.

#### डीवीसी अधिकारी को किया गया सम्मानित

**मैथन।** कुमारधुबी क्लब में देर शाम झारखंड रिफ्रेक्टरी मेन्युफेक्चरर्स एसोसिएशन चिरकुंडा कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई. एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शरद अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी. एसोसिएशन के संयुक्त सचिव राजेश सिंह ने बताया कि डीवीसी कुमारधुबी ग्रीड के इंचार्ज एवं 11 केवीए के नोडल अधिकारी पार्थो सारथी दास को बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया. डीवीसी द्वारा एसोसिएशन से जुड़े कई सदस्यों के रिफैक्ट्री में 11 केवीए की लाइन दी गयी है.

खुद रेडिएशन के खतरे की जद में हैं मरीज और सहायक कर्मचारी

# सदर अस्पताल में मानकों के विपरीत चल रही एक्स-रे मशीन

अभय वर्मा ।गिरिडीह



सुरक्षा मानकों की अवहेलना कर सदर अस्पताल में एक्स-रे मशीन संचालित की जा रही है. बीमारी के इलाज के लिए केंद्र पर पहुंच रहे मरीज मशीन से निकलने वाले विकिरण की चपेट में आ रहे हैं. सुरक्षा मानकों के विपरीत चलने वाले इस केंद्र पर परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद की लगातार आ रही चेतावनी को शासन-प्रशासन नजरअंदाज कर रहा है. बावजूद केंद्र रेडिएशन सेफ्टी का पालन नहीं कर रहे हैं. हालत यह है कि मरीज, सहायक कर्मचारी खुद रेडिएशन के खतरे की जद में है. नियमानुसार ना तो कंक्रीट की मोटी दीवार है और न हीं स्टील की लेड धातु युक्त दरवाजे. चारों ओर से खुली खिड़की और सदर अस्पताल में ही मानकों के विपरीत चल रहे हैं एक्स-रे मशीन दरवाजे के बीच एक्सरे मशीन चलाई जा रही है. ऐसे में रेडिएशन का खतरा बना रहता है. यहां सर्वाधिक चकित करने वाली बात यह है कि निजी क्लिनिकों को कई बार मामले में नोटिस जारी किया गया है, पर सदर अस्पताल इससे बेपरवाह बना हुआ है.

**क्या है प्रावधान :** नियमों के तहत एक्सरे मशीन लगाने वालों को पंजीकरण से जुड़े डिटेल वर्ष में एक बार प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करना होता है. इसमें इन उपसकरों के निर्माता और आपूर्तिकर्ता के लिए अनुमोदन प्रमाण पत्र की शर्तों का उल्लेख होता है. पंजीकरण एवं सुरक्षा संबंधी शर्तों का पालन नहीं करने पर लाइसेंस रद्द किया जा सकता है.

बिना अनुमति के ऐसे उपकरणों के लगाने पर कार्रवाई का प्रावधान है, पर ऐसा यहां नहीं हो रहा है. प्रावधान के तहत एक्स-रे रूम में किसी प्रकार का छिद्र नहीं होना चाहिए. लेड का दरवाजा विकिरण को बाहर जाने से रोकता है. टेक्नीशियन को लेड अपरोन सुरक्षा के लिए पहनना जरूरी होता है, पर सदर अस्पताल में छोटी छिद्र की बजाय हमेशा चारों ओर खुली खिड़की और दरवाजे रहते हैं.

**बिना विकिरण नापे ली जा रही है सेवा :** नियमानुसार एक्स-रे रूम में कार्य करने वाले हर कर्मचारी के लिए वेज फिल्म लगाना जरूरी है. यह फिल्म विकरणों से बचने के साथ ही विकिरण की मात्रा भी बताती है. नापे गए विकिरण के आधार पर ही कर्मचारियों की ड्यूटी बदली जाती है. जिस कर्मचारी की वेज फिल्म में ज्यादा विकिरण पाया जाता है उसकी ड्यूटी का समय कम कर दिया जाता है. सदर अस्पताल में संचालित एक्स-रे केंद्र में एक ही टेक्नीशियन लगातार काम करता है.

### खास बातें

- बिना अनुमति ऐसे उपकरणों के लगाने पर कार्रवाई का प्रावधान
- टेक्नीशियन को सुरक्षा के लिए लेड अपरोन पहनना जरूरी

### जल्द ही की जाएगी व्यवस्था : सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी मिश्रा ने कहा की सदर अस्पताल में संचालित एक्स-रे मशीन को जल्द ही दुरुस्त किया जाएगा. कहा कि परमाणु ऊर्जा नियामक के तहत रेडिएशन सेफ्टी का पालन किया जाएगा. बताया कि इसकी व्यवस्था की जा रही है.

### पड़ सकते हैं ये प्रभाव

एक्स-रे मशीन से निकलने वाला विकिरण इतना घातक होता है कि इसके प्रभाव से जीन संरचना में गड़बड़ी होने से अनुवांशिक विकृतियां पैदा हो सकती हैं. गर्भवती माता के जन्म लेने वाले बच्चों में विकृति आ सकती है. हाइपरटेंशन, बीपी, तनाव जैसी बीमारियां घेर लेती है. साथ ही उत्तकों का छह होने के कारण कैंसर जैसी बीमारियां हो सकती है.

# चापाकल धंसने से 60 परिवार परेशान

संवाददाता ।जमशेदपुर



हाटगम्हरिया प्रखंड के ऐतिहासिक गांव बलान्डिया के तांती टोले (केसरी टोला) में दो महीने से करीब 60 परिवार पेयजल संकट से जूझ रहे हैं. कोल्हान भूमि बचाओ समिति ने इस संबंध में गुरूवार को उपायुक्त अनन्य मित्तल से लिखित शिकायत की और समाधान की मांग की है. उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सावैयां ने कहा कि करीब दो वर्षों से बलांडिया गांव के तांती टोले (केशरी टोला) में सोलर जलमीनार को पानी उपलब्ध करानेवाला चापाकल खराब पड़ा. इस कारण जलमीनार में पानी पहुंचना बंद हो चुका है.

**सोलर जलमीनार भी अनुपयोगी :** लाखों की लागत से निर्मित सोलर जलमीनार भी अनुपयोगी हो गया है क्योंकि जलमीनार में इसी चापाकल का पानी सोलर सिस्टम से चढ़ता है और फिर नल से ग्रामीणों को पानी मिलता है. 60 परिवारों के समक्ष पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है. अब सभी एक किलोमीटर दूर गांव के दूसरे छोर में स्थित आदिवासी टोले में जाकर पानी लाने को विवश हैं.

**मिट्टी धंसान के चलते उत्पन्न हुई समस्या :** ज्ञापन में कहा गया है कि चापाकल मिस्त्रियों के मुताबिक यह समस्या सोलर जलमीनार से जो चापाकल कनेक्टेड है, उसके अंदरूनी हिस्से में मिट्टी धंसान के चलते उत्पन्न हुई है. स्थानीय विधायक तथा मुखिया से भी इसकी मौखिक तथा लिखित शिकायत की गयी थी लेकिन नतीजा फिर भी शून्य ही रहा.

### रेल लाइन दोहरीकरण का अधिकारियों ने लिया जायजा

**बोकारो।** तलगड़िया से भोजूडीह रेलवे स्टेशन तक लाइन के दोहरीकरण को लेकर शुक्रवार को रेलवे भोजूडीह के टीम ने रेलखंड का जायजा लिया. इस दौरान तालगड़िया भोजूडीह के बीच रेल लाइन के किनारे रेल की जमीन को अतिक्रमण कर रखे लोगों को नोटिस देकर रेल का जमीन 15 दिनों के अंदर खाली कराने का निर्देश दिया. अधिकारियों ने कहा है कि पालन न होने की स्थिति में रेल उचित कार्रवाई करेगी. बता दें कि तुपकाडीह से तालगड़िया टीटी लाइन का दोहरीकरण कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है. जबकि तालगड़िया से भोजूडीह तक करीब 14 किमी का रेलपथ सिंगल था. अब इसका भी दोहरीकरण होगा. संभावना है कि इस दोहरीकरण कार्य के बाद इस रेलखंड में यात्री सुविधाएं ओर बढ़ेगी.

## मतदाता जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



संवाददाता।पलामू

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 को लेकर जिले के मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है. इसी उद्देश्य से शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने हरी झंडी दिखाकर तीन मतदाता जागरूकता रथों को रवाना किया. इन रथों के माध्यम से 9 दिसंबर तक चलने वाले मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनिरीक्षण कार्यक्रम के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा. अभियान के तहत नये वोटरों का नाम सूची में जोड़ने, मतदाता सूची में सुधार, मृत मतदाताओं का नाम विलोपित करने सहित अन्य कार्य किये जायेंगे. मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, सीओ चैनपुर समेत अन्य उपस्थित थे.

## नेत्र जांच शिविर में 341 लोगों की हुई नि:शुल्क जांच



संवाददाता।बेरमो

जिला अंधापन नियंत्रण समिति बोकारो के द्वारा शुक्रवार को फुसरो स्थित अनुमंडलीय अस्पताल बेरमो में जीएआर मेमोरियल नेत्र अस्पताल कथारा की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. जांच शिविर का आयोजन में युवा व्यवसायी संघ फुसरो के निवर्तमान अध्यक्ष आर उनेश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. शिविर का उद्घाटन में पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह व अर्चना सिंह, जिप सदस्य नीतू सिंह, डॉक्टर शकुंतला कुमार, झामुमो नेता अनिल अग्रवाल, कांग्रेसी नेता परवेज अख्तर रेड क्रॉस सोसाइटी बोकारो के नरेंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह सहित दिनेश कुमार सिंह, प्रेम गोयल, इलियास हुसैन, व्यवसाई दिलीप गोयल, अनिल गुप्ता आदि संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. इस दौरान रवींद्र कुमार पांडेय ने कहा नेत्रहीनों को रोशनी देना नई जिंदगी देने के समान है. युवा व्यवसायी संघ के निवर्तमान अध्यक्ष आर उनेश ने कहा कि इस शिविर से गरीब रोगियों को फायदा होगा. शिविर में डॉ.आरोफिल शेख और डॉ. राजेश कुमार ने 341 लोगों की नेत्र जांच की.

### प्रशासन ने चलाया अभियान, बालू ले जा रहा दो हाइवा जब्त

**बहरागोड़ा।** प्रखंड क्षेत्र के एनएच 49 पर गुरुवार की रात अंचल अधिकारी भोला शंकर महतो तथा थाना प्रभारी संतन तिवारी ने संयुक्त रूप से मिलकर अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया. इसमें अवैध रुप से बालू ले जा रहे दो हाइवा को जब्त किया गया और आगे अपने स्तर से जांच पड़ताल करने के लिए थाना ले जाया गया. जानकारी के अनुसार स्वर्णरेखा नदी से झारखंड, ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल क्षेत्र में अवैध तरीके से बालू का उत्खनन किया जाता है और रात के अंधेरे में बिना कागजात के हाइवा द्वारा जमशेदपुर भेज दिया जाता है. इसके एवज में मोटी रकम वसूली जाती है. इस कारोबार के लिए बालू माफियाओं द्वारा रातभर निजी चार चक्का वाहन पर नजर रखते हुए बालू लदे वाहन को पार कराया जाता है.

आपूर्ति शुरू होने से तीन पंचायतों के उपभोक्ताओं में खुशी की लहर

## आखिर शुरू हुई पेयजल की आपूर्ति

संवाददाता ।चांडिल



नल से आता पानी.



मनोहर सिंह सरदार, मुखिया

चांडिल में लंबे अरसे के बाद शुक्रवार को पेयजल की आपूर्ति शुरू हो गई. पेयजल की आपूर्ति शुरू होने से तीन पंचायत के उपभोक्ताओं में खुशी की लहर है. शुक्रवार को जैसे ही घर में लगे नल से पानी आने लगा लोग खुशी से उछल पड़े. आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. पेयजल आपूर्ति को लेकर लोगों के बीच विरोध का स्वर उठने लगा था. पेयजल की आपूर्ति नियमित हो इसके लिए लोग गोलबंद हो रहे थे. वहीं दूसरी ओर पेयजल की आपूर्ति में किसी प्रकार का बाधा उत्पन्न ना हो इसके लिए चांडिल के मुखिया मनोहर सिंह लगातार प्रयास कर रहे थे.

**इंटक वेल में घुस गया था बालू :** चांडिल के मुखिया मनोहर सिंह सरदार ने बताया कि इंटक वेल में बालू घुसने के कारण पानी नहीं उठ पा रहा था. इसी कारण से पानी की आपूर्ति बाधित थी. इंटक वेल की सफाई करवाने के बाद खराबी को दूर की गई. इसके बाद पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गई है. उन्होंने बताया कि जलापूर्ति का जिम्मा जल सहिया को सौंपा गया है. आपूर्ति वाले क्षेत्र की जल सहियाएं मिलकर पेयजल की आपूर्ति करते हैं. उन्होंने बताया कि कई पेयजल उपभोक्ता निर्धारित राशि का भुगतान करने में भी आनाकानी करते हैं. जिसके कारण आपूर्ति में लगे कर्मियों का मानदेय भुगतान करने में परेशानी आती है. इसके साथ ही मेंटेनेंस का काम भी समय पर नहीं हो पाता है. उन्होंने बताया कि अब लगातार पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से होगी.

### डीसी ने आमलोगों की सुनी फरियाद, दिए निर्देश

गढ़वा। उपायुक्त शेखर जमुआर ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया. जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं उन्होंने बारी-बारी से सुनी और उसके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया. जनता दरबार में भूमि विवाद, अवैध कब्जा, राशन, आवास, मुआवजा समेत अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीण उपस्थित हुए. खरौंधी प्रखंड के ग्राम पिपरा टोला निवासी कृष्ण कुमार सिंह, पिता संतु चेरो ने अंबेडकर आवास योजना का लाभ लेने के संबंध में आवेदन दिया. नगर ऊंटरी प्रखंड के ग्राम नरही निवासी विकास कुमार श्रीवास्तव ने एनएच 75 (सेक्टर 5) अंतर्गत अधिग्रहित भूमि में अपनी जमीन का कलमवार रकबा सुधार करने के संबंध में आवेदन दिया. वहीं बरडीहा प्रखंड में राशन वितरण को लेकर की जा रही अनियमितता की शिकायत की गई. डीसी शेखर जमुआर ने लोगों को भरोसा दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा.

**गड़बड़ी** उप मुखिया और वार्ड सदस्यों ने बीडीओ से की शिकायत, पत्र सौंपा

# पंचायत के मुखिया पर फंड के दुरुपयोग का आरोप

संवाददाता।जमशेदपुर



बीडीओ से मुलाकात करते वार्ड सदस्य.

बागबेड़ा कॉलोनी पंचायत के मुखिया राजकुमार गौड़ पर स्थानीय उप मुखिया और वार्ड सदस्यों ने मनमानी का आरोप लगाया है. इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से शिकायत की गई है. शुक्रवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ को शिकायत पत्र सौंपा. शिकायत में बताया गया कि मुखिया द्वारा मनमानी तरीके से पंचायत फंड का दुरुपयोग किया जा रहा है एवं वार्ड सदस्यों द्वारा विरोध करने पर उन्हें धमकी दी जाती है. बिना ग्राम सभा बुलाये योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है, मुखिया अपने कुछ चुनिंदा सदस्यों के साथ कार्यकारिणी की बैठक करते है एवं इसकी सूचना वार्ड सदस्यों को भी नहीं दी जाती है.

**सोशल मीडिया में भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप :** वार्ड सदस्यों द्वारा बुलाई गई बैठक का मुखिया बहिष्कार करते हुए उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं, वित्तीय जानकारी मांगने पर वार्ड सदस्यों को पंचायत भवन से भगा दिया जाता है एवं झूठे केस में फंसाने की धमकी दी जाती है. रोस्टर की अवहेलना करते हुए पंचायत भवन के लिए आए हुए फंड का निजी कार्यों में उपयोग करते है एवं सोशल मीडिया में भ्रामक जानकारी फैलाते हैं. इस मामले में उप मुखिया संतोष कुमार ठाकुर, वार्ड सदस्य सीमा पांडे, उमेश कुमार समेत अन्य वार्ड सदस्यों ने बीडीओ से मिलकर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है.

### खास बातें

- विरोध करने पर मुखिया द्वारा दी जाती है धमकी
- बिना ग्रामसभा बुलाये होता है योजनाओं का क्रियान्वयन

## जागरूकता सप्ताह पर भ्रष्टाचार उन्मूलन का लें संकल्प : मनोज

संवाददाता।बेरमो

सतर्कता जागरूकता अभियान 2023 के तहत सीसीएल ढ़ोरी प्रक्षेत्र में 16 अगस्त से 15 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत शुक्रवार को सीसीएल ढ़ोरी प्रक्षेत्र के अधिकारी क्लब में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारियों और श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने भ्रष्टाचार उन्मूलन की शपथ ली.

महाप्रबंधक ने कहा कि सीसीएल ढोरी में 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है. इस सप्ताह प्रतिदिन कई इवेंट आयोजित किए जा रहे है.

कार्यक्रम का संचालन तौकीर आलम ने किया. एएडीओसीएम पीओ के आर सत्यार्थी, ढोरी खास पीओ रंजीत कुमार,एसओ जयशंकर प्रसाद, एसओ (एक्स) यू के पासवान, एरिया फाइनेंस मैनेजर राजीव कुमार, एरिया सिक्युरिटी ऑफिसर सीताराम उडके, एसओ (सी) उज्जवल कुमार, सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार, विकास सिंह ,धीरज पांडेय, जवाहरलाल यादव , अविनाश सिंह, जयनाथ मेहता, महेंद्र चौधरी, राजू भूखिया संतोष मंडल और अरूण कुमार मौजूद थे.

▼ ब्रीफ खबरें

### रांची जिले के 7 थाना प्रभारियों का तबादला

**रांची।** जिले के सात थाना प्रभारियों का तबादला किया गया है. एसएसपी कार्यालय से आदेश जारी कर दिया गया है. इंस्पेक्टर लक्ष्मीकांत को सदर थाना प्रभारी, रविंद्रनाथ सिंह को अंचल निरीक्षक सोनाहातू, सुरेश मंडल को बरियातू थाना प्रभारी और आनंद किशोर प्रसाद को डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया है. इसके अलावा सब-इंस्पेक्टर लालजी को सिल्ली, सुकुमार हेंब्रम को पुलिस केंद्र रांची, सूर्यकांत को लापुंग, अमित को तमाड़ और दीपक सिंह को मोरहाबादी टीओपी का प्रभारी बनाया गया है.

### गोलीकांड के अभियुक्तों की जमानत खारिज

**रांची।** कांके के जमीन कारोबारी अवधेश यादव को गोली मारने के आरोपियों को बेल देने से रांची सिविल कोर्ट ने इनकार कर दिया है. कांड के अभियुक्तों तौहीद अंसारी, मोहम्मद सरफराज आलम, नवाज अख्तर और मिन्हाजुदीन अली ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया. फिलहाल सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं. रांची पुलिस ने सभी आरोपियों को 18 सितंबर को गिरफ्तार किया था.

### ट्रेन से गिरा अधेड़ व्यक्ति, घायल

**घाटशिला।** गीतांजलि एक्सप्रेस से घाटशिला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर गिरने से सुरदा निवासी विफ्लेश मिश्रा (50) गंभीर रूप से घायल हो गए. जीआरपी एएसआई मिथलेश कुमार, चंद्रशेखर महतो तथा जवानों ने अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया. अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आरएन सोरेन तथा डॉक्टर मीरा मुर्मू में प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया.

### रंका पुलिस ने 60 लीटर जावा महुआ किया नष्ट

**रंका।** गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर रंका थाना क्षेत्र के चुटिया पंचायत में छापेमारी अभियान चलाया गया. इस दौरान पुलिस ने 60 लीटर जावा महुआ को नष्ट किया. रंका पुलिस ने उक्त जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर गढ़वा डीसी के आदेश पर जिला में बैठक आयोजित की गयी थी. इस बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में एंटी क्राइम एक्टिविटी को देखते हुए विशेष सतर्कता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था.

### बाइक की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**गोड्डा।** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान भागलपुर में मौत हो गई. 40 वर्षीय मृतक गणेश कुमार सेंट्रिंग मिस्त्री का काम करता था. मृतक पथरगामा के कमलडीहा का रहने वाला था है. तेज रफ्तार बाइक ने गणेश को चपेट में ले लिया. बाइक सवार गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया. इसके बाद गंभीर रूप से घायल गणेश को इलाज के लिए भागलपुर भेजा गया. जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गया.

### घायल जावेद की इलाज के दौरान मौत

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र के भटवीघा निवासी मोहम्मद जावेद की इलाज के दौरान रांची में मौत हो गई. जावेद 20 अक्तूबर को एनएच-522 सड़क पर हरली के पास स्विफ्ट डिजायर वाहन से बाइक की टक्कर होने से घायल हो गया था. उनका इलाज रांची के रामप्यारी हॉस्पिटल में चल रहा था. इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम उनकी मौत हो गई. मृतक काफी गरीब परिवार से था और उसके इलाज के लिए मोहल्ले वालों ने चंदा कर रकम की व्यवस्था की थी.

### ठनका गिरने से महिला हुई घायल

**बहरागोड़ा।** ब्राामणकुंडी पंचायत के काशीडंगा गांव में शुक्रवार शाम को आई बरसात व ठनका गिरने के कारण महिला मुन्नी सिंह (34) झुलस कर बुरी तरह से घायल हो गई. घायल महिला को परिजनों ने बताया अचानक जोर आवाज के साथ विद्युत की लाइटिंग हुई. देखते ही देखते चारों तरफ अंधेरा छा गया. उसके बाद सदस्यों ने देखा कि घर की महिला मुन्नी सिंह पलांख से नीचे गिर गई है. परिजनों ने महिला को स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पर हालत स्थिर है.

## बेटे ने ही की थी मां-बाप की हत्या, गिरफ्तार

संवाददाता। गुमला

**आठ साल से फरार चल रहा था आरोपी**



जिले के कुरुमगढ़ थाना पुलिस ने आठ साल से फरार आरोपित बुधु उर्फ बुधवा होरो (55) को गिरफ्तार किया है. कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के बरटोली निवासी बुधु ने ग्रामीणों के सहयोग से अपने ही मां-बाप की डायन बिसाही के शक में हत्या कर दिया था. इसके बाद घर में ही दोनों शव को जलाकर मौके से फरार हो गया था. पुलिस ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि गुमला एसपी के निर्देश पर लंबित कांड के वारंटियों की गिरफ्तारी के लिये अभियान चलाया जा रहा है. इसी दौरान बरटोली में छापेमारी कर आठ वर्षों से फरार चल रहे आरोपित बुधु उर्फ बुधवा होरो को गिरफ्तार किया गया. आरोपित ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि वर्ष 2015 में सौतेले भाई से जमीनी दुश्मनी होने एवं पिता नारायण होरो तथा माता जॉनी होरो पर डायन-विसाही के शक होने के कारण गांव के अन्य लोगों के साथ एकमत होकर घर में घुसकर अपने पिता एवं मां को लाठी-डंडे से मार-पीटकर हत्या कर दिया. हत्या के बाद दोनों के शव को घर सहित आग लगाकर जला दिये. इससे पहले घर में रखे पैसे व बकरी सहित अन्य सामान को वहां से हटा लिया.

घटना के दिन ग्रामीणों के साथ आरोपित ने मटन पार्टी का आयोजन किया था. इसके बाद वहां से हिमाचल भाग गया. वह करीब डेढ़ साल से रांची के लापुंग में घटना में शामिल रहे एक सहयोगी के यहां छुपकर रह रहा था. दो सप्ताह पहले गुमला स्थित घर पहुंचा था, जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया.

### टैंकर और बोलेरो में टक्कर, टैंकर पलटा

**दुमका।** जिले के हंसडीहा दुमका स्टेट हाइवे पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के रामगढ़ मोड़ के समीप शुक्रवार को केमिकल से भरा एक टैंकर पलट गया. टैंकर पलटने से भारी मात्रा में केमिकल हाइवे पर बहने लगा. केमिकल को खाद्य पदार्थ समझकर स्थानीय लोगों में उसे लूटने की होड़ मच गई. जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त टैंकर तेज रफ्तार में दुमका की ओर से हंसडीहा की जा रही थी. वहीं बढ़ेत गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो में जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर मारने के बाद चालक टैंकर को लेकर फरार हो गया. इसी क्रम में रामगढ़ मोड़ के समीप टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गई.

### आओ जानें

**कितने % मर्डर केस में हुए आरोप पत्र दाखिल**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मध्यप्रदेश | : 94.1 | उत्तरप्रदेश | : 84.6 |
| महाराष्ट्र | : 91.9 | उत्तराखंड | : 79.1 |
| मणिपुर | : 42.2 | पश्चिम बंगाल | : 86.0 |
| मेघालय | : 40.6 | झारखंड | : 84.6 |
| मिजोरम | : 91.3 | आंध्रप्रदेश | : 91.7 |
| नागालैंड | : 75.0 | अरुणाचल प्रदेश | : 78.9 |
| ओडिशा | : 81.1 | असम | : 46.8 |
| पंजाब | : 83.7 | बिहार | : 90.0 |
| राजस्थान | : 61.7 | छत्तीसगढ़ | : 92.4 |
| सिक्किम | : 86.7 | गोवा | : 95.5 |
| तमिलनाडु | : 96.6 | गुजरात | : 92.3 |
| तेलंगाना | : 93.3 | हरियाणा | : 73.7 |
| त्रिपुरा | : 80.5 | हिमाचल प्रदेश | : 85.1 |

### जमीन विवाद में मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार

## कांग्रेस नेता डॉ प्रकाश गंभीर रूप से घायल, रांची रेफर

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग में फिर जमीन विवाद को लेकर एक बार गोलीबारी हुई है. इसमें कांग्रेस नेता डॉ. प्रकाश कुमार घायल हुए हैं. एसपी मनोज रतन चोथे ने बताया कि घटना शाम करीब पांच बजे की है. कोर्रा थाना अंतर्गत दीपूगढ़ा स्थित डीएवी स्कूल के समीप प्रकाश कुमार अपनी जमीन पर काम करा रहे थे. इसी दौरान जबरा निवासी अशोक साव व अन्य लोग प्रकाश को जमीन पर काम करने से रोकते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे. इसी दौरान अपनी लाइसेंसी दोनाली बंदूक से एक राउंड फायरिंग भी कर दी. दोनाली की छर्री प्रकाश कुमार के पेट के बाएं हिस्से में लगी है.

बरकट्ठा निवासी डॉ. प्रकाश वर्तमान में आरोग्यम हॉस्पिटल हजारीबाग में इलाजरत हैं. घटना में शामिल आरोपी अशोक साव को कोर्रा थाना प्रभारी ने एक घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है. साथ ही इस घटना में प्रयुक्त दोनाली बंदूक, चार गोलियां अभियुक्त के पास से जब्त कर लिया.

डॉ. प्रकाश कुमार कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता हैं और वर्तमान में मटवारी स्थित पाणिनी आईएएस एकेडमी के संचालक हैं. वहीं आरोपी अशोक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. हजारीबाग में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और गोली-बारी कोई नई घटना नहीं है.



रांची रेफर होते कांग्रेस नेता डॉ प्रकाश कुमार.

### खूंटी में दो बदमाश गिरफ्तार, कट्टा-गोली बरामद

**खूंटी।** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापेमारी टीम ने गुरुवार शाम मारंगहादा थाना क्षेत्र के मारंगहादा बाजार टांड में छापेमारी कर दो बदमाशों को एक देसी कट्टा और दो जिंदा गोली के साथ धर दबोचा. गिरफ्तार आरोपितों में सायको थानांतर्गत सालेहातू गांव के रामसाय मुंडा (20) और महादेव मुंडा (19) शामिल हैं. यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने शुक्रवार को कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ करने पर उन्होंने एक टेंपो से फेरी कर साबुन सर्फ बेचने वाले से मारंगहादा थाना क्षेत्र में 15 अक्टूबर को नगदी नौ हजार रुपये सहित अन्य सामानों की हुई लूट के मामले में संलिप्तता स्वीकार कर ली है. गिरफ्तार आरोपितों के पास से पुलिस ने पूर्व के कांडों में लूटा गया आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों के साथ ही नगदी 1030 रुपये भी बरामद किया है. एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार रामसाय मुंडा का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है. लगभग 4-5 माह पूर्व ही वह जेल से जमानत पर बाहर आया था. उसके विरुद्ध मारंगहादा थाना में आर्म्स एक्ट, मारपीट, लूट आदि संगीन धाराओं में पांच मामले दर्ज हैं.

### कोलेबिरा थाने में पदस्थापित थे सत्यजीत कच्छप

## हवलदार ने खुद को मारी गोली, मौत

संवाददाता। सिमडेगा

कोलेबिरा थाना में पदस्थापित पुलिस जवान सत्यजीत कच्छप ने थाना में ही अपनी इंसास एलएमजी (लाइट मशीन गन) से खुद को गोली मार ली. यह घटना गुरुवार देर रात की बतायी जा रही है. घटना के बाद एसपी कोलेबिरा थाना पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं. हालांकि अभी वो मीडिया से कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं. एसपी ने बताया कि आज शुक्रवार को रांची से एफएसएल की टीम आयेगी. उसके बाद ही कुछ खुलासा हो पायेगा.

जानकारी के अनुसार, सत्यजीत कच्छप गुरुवार को पुतरीटोली बरसलोया सड़क मार्ग से भाड़े की कार से बरसलोया की ओर जा रहे थे.



इसी क्रम में लसिया के पास सड़क किनारे खड़े रमेश साहू व जितेंद्र साहू (लसिया निवासी) को कार से ठोकर मार दी और भागने लगे. इसके बाद कुछ लोगों ने उनका पीछा किया और कार को रोका. इसके बाद सत्यजीत की उन लोगों के साथ बकझक और धक्का मुक्का हुई. इसी बीच जवान ने हथियार निकाला और हवाई फायरिंग कर दी. जिसके बाद सभी लोग वहां से भाग निकले. सत्यजीत भी कार छोड़कर जंगल की ओर भाग गया.

**थाने के गेट में गाड़ी घुसते ही मार ली गोली**

सूचना के बाद कोलेबिरा थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश, इंस्पेक्टर विद्या शंकर और बानो थाना प्रभारी रंजीत महतो घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस ने जवान सत्यजीत कच्छप को जंगल में खोजा. काफी खोजबीन के बाद जवान उनके हाथ लगा. थाना प्रभारी सहित अन्य सत्यजीत को थाना ले आये. गाड़ी जैसे ही थाना गेट में घुसी, जवान गाड़ी से उतरने की जगह अपनी इंसास एलएमजी से खुद को गोली मार ली. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी.

### डोभा में डूबने से 12 वर्षीय छात्र की मौत

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र की इरगा पंचायत के बड़वार सुल्तानी यादव टोला में शंकर यादव पिता स्वर्गीय लखन यादव (12 वर्ष) छात्र की डोभा में डूबने से मौत हो गई. यह लड़का मध्य विद्यालय बड़वार में पांचवीं वर्ग का छात्र था. वह शुक्रवार को दोपहर तीन बजे स्कूल से लौट कर घर में खाना खाकर बड़वार बिरहोर टोला के पास बने बड़े डोभा में नहाने चला गया. नहाने के क्रम में वह गहरे पानी में चला गया. उसे डूबता देख पास में मवेशी चरा रही, उसकी बहन हल्ला करने लगी. उसके बाद आसपास के लोग दौड़ कर पहुंचे और बच्चे को डोभा से निकाला, लेकिन तबतक उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी. बताया जाता है कि मृत बच्चे के पिता लखन यादव की मौत पूर्व में ही हो चुकी है.

## बरमुड़ी कोलियरी में डीजल चोरों ने होमगार्डों को पीटा

संवाददाता। मैथन

ईसीएल मुगमा क्षेत्र के बरमुड़ी कोलियरी में डीजल चोरों ने ड्यूटी पर तैनात तीन होमगार्डों पर हमला कर दिया. इस हमले में एक होमगार्ड जवान गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसका इलाज ईसीएल के क्षेत्रीय अस्पताल में चल रहा है. घटना 1 नवंबर सुबह करीब साढ़े चार बजे की है. इस संबंध में जवानों ने मैथन ओपी में लिखित शिकायत की है. होमगार्डों ने मैथन ओपी क्षेत्र के पोड़ाडीह गांव के विजय बाउरी, विक्की बाउरी, संतोष, संजय और रायबस्ती के भोंदू राय, विवेक राय, कुंभा राय, मुन्ना राय सहित 20-25 अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है. मैथन पुलिस घटना की जांच कर रही है. होमगार्ड के जवानों ने ईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी को भी घटना की लिखित जानकारी दी है.



**ईसीएल प्रबंधन की कार्यशैली पर उठाए सवाल, जांच की मांग की :** वहीं, होमगार्डों ने ईसीएल प्रबंधन और सीआईएसएफ की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जांच की भी मांग की है. होमगार्ड इंचार्ज कौशल कुमार ने प्रबंधन पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि ईसीएल में लोहा, कोयला एवं डीजल की चोरी होना आम बात है. लेकिन ईसीएल के सुरक्षाकर्मी व सीआईएसएफ पर हमला क्यों नहीं होता?

### जेवर दुकान में चोरी थाने में दिया आवेदन

**जयनगर (कोडरमा)।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाबाद में जानकी ज्वेलर्स से पायल व नकचन चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है. वहीं दुकान संचालक गोविंद बिहारी ने जयनगर थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि मेरे दुकान में करीब 5:00 शाम एक महिला अपने एक बच्चे के साथ आई और बोली मुझे पायल और नकचन सोने का दिखाइए. अपने काउंटर से पायल और नकचन का डब्बा देखने को दिया, वह पायल देखने के बाद उन्होंने कहा कि इस पायल में घुंघरू लगा दीजिए. मैं घुंघरू लगाने के लिए मशीन से तार वेल कर लाने गया. इसी बीच उन्होंने काउंटर पर रखा पायल और नकचन लेकर अपने बैग में डाल लिया. यह घटना सीसीटीवी कमरे में कैद हो गई. उन्होंने यह भी बताया कि सीसीटीवी बता रहा है मैं उधर से घुंघरू बनकर आया, उसके बाद वह महिला बोली भैया मैं अपने कार से पैसा लेकर आ रही हूं उनके पति उसमे बैठे हुए थे जो कि जिसे की मैंने पहले ही देख चुका था कि कोई व्यक्ति कार में बैठा है.

## जिप उपाध्यक्ष के प्रयास से मृतक का शव गांव पहुंचा



संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)

गुरुवार की रात लावागड़ा ग्राम की किशोरी अंजुम खातून को सांप काट लिया था. सदर अस्पताल, लातेहार में प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया था. 108 एंबुलेंस से उसे रिम्स ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी. इसके बाद एंबुलेंस चालक ने शव को वापस लातेहार ले जाने से मना कर दिया. इसकी सूचना मिलने पर कुडू अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने मृतक के भाई इरशाद अंसारी से उनके मोबाइल पर बात की. अंसारी ने बताया कि चालक के द्वारा शव को वापस नहीं लाया जा रहा है. वे गरीब परिवार से आते हैं और उनके पास इतना पैसा नहीं है कि किराया का वाहन कर शव को वापस लाये. इसके बाद अंचल अधिकारी ने अपनी धर्मपत्नी जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी के साथ् कुडू सामुदायिक अस्पताल पहुंचे और सदर अस्पताल लातेहार से बातचीत कर कुडू चिकित्सा प्रभारी से मृतक की पर्ची बनवा कर शव को लातेहार भिजवाया.

### पूर्व कांग्रेस नेत्री पर लगा बच्चा चोरी का आरोप

**जमशेदपुर।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र में कांग्रेस की पूर्व नेत्री सविता राय समेत तीन महिलाओं पर बच्चा चोरी का आरोप लगा है. चोरी का आरोप लगाते हुए बच्चे के परिजनों ने सविता राय की पिटाई कर दी. हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है. बच्चे के पिता पिंटू शादी-पार्टियों में फास्ट फूड बनाने का काम करते हैं. पिंटू ने बताया कि शुक्रवार दोपहर उनका दो साल का बच्चा घर के बाहर खेल रहा था. इसी बीच अचानक वह लापता हो गया. देर शाम तक बच्चे की तलाश की पर वह नहीं मिला. अंत में किसी ने बताया कि बच्चे को सविता राय अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गई है. इधर, तलाशी के दौरान परिजनों ने सविता राय को वायरलेस मैदान के पास घेर लिया और उससे बच्चे के बारे में पूछताछ करने लगे. परिजनों ने हाथापाई भी की. मौके से घाटों का निरीक्षण कर गुजर रहे सीओ और बीडीओ ने हंगामा होता देख पुलिस को इसकी सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को थाना ले गई.

## चाईबासा पुलिस ने एटीएम व बैंक में चलाया जांच अभियान



संवाददाता। जमशेदपुर

पर्व त्योहार को लेकर चाईबासा के बैंक और एटीएम में लोगों की भीड़ होने लगी है. इसको लेकर सदर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया. इस दौरान अनावश्यक रूप से एटीएम के बाहर घूमने वाले व्यक्तियों को फटकार लगाई गई. साथ ही बिना काम के बैंक के अंदर रहने वाले लोगों को भीड़ नहीं लगाने की हिदायत दी गई. थाना प्रभारी ने कहा कि बिना काम के बैंक परिसर, एटीएम एवं उसके आस-पास खड़े व्यक्तियों से भी पुलिस द्वारा पूछताछ की गई. उनके बाइक, बैग आदि की चेकिंग की जा रही है. उन्होंने कहा कि त्योहारों के मद्देनजर सदर थाना द्वारा शहर के विभिन्न बैंकों, एटीएम के आस-पास सादे लिवास में महिला-पुरुष, पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है.

**भीड़भाड़ वाले इलाके में नहीं रहने का आदेश :** थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने कहा कि चाईबासा वासियों से अपील किया जाता है कि अनावश्यक रूप से भीड़भाड़ क्षेत्रों में खड़ा ना रहे. कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा किसी घटना को अंजाम देने का अवसर न दे.

### बाइक दुर्घटनाग्रस्त दो युवक हुए घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा कोवाड़ मुख्य मार्ग स्थित कानीकेंद चंचाल गेट के समीप एक बाइक के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों की पहचान राजधनवार थाना क्षेत्र के दासेडीह डोरंडा निवासी, चंदन यादव (23वर्ष) व नितेश यादव (21वर्ष) के रूप में की गयी है. मिली जानकारी अनुसार दोनों युवक पल्सर बाइक से डोमचांच से अपने घर डोरंडा की ओर जा रहे थे. बाइक काफी तेज गति में होने के कारण कानीकेंद चंचाल गेट के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक गड्ढे में जा गिरा, जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना मिलने पर पेट्रोलिंग पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा ले गयी, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज ले लिए रिम्स रेफर कर दिया.

**दहशत** धनबाद में बाइकर्स गैंग का आतंक, गिरोह तेज, पुलिस-प्रशासन सुस्त

## सुनसान जगहों पर लूटपाट कर रहा बाइकर्स गैंग

संवाददाता। धनबाद

धनबाद में बाइकर्स गैंग के आतंक से लोग दहशत में हैं. यह गैंग सुनसान जगहों पर लोगों को निशाना बना रहा है. गिरोह के शिकार होनेवालों में महिलाओं की संख्या सबसे ज्यादा है. बाइकर्स गैंग घात लगाए रहते हैं और सुनसान जगहों पर मोबाइल से बात करते बूढ़े-बुजुर्गों, बैंक से पैसा निकाल कर जाते लोगों या अकेली महिला को निशाना बनाते हैं. ऐसे गिरोह की रफ्तार के आगे पुलिस की गतिविधि धीमी पड़ जाती है. शोर शराबा होने के बाद पुलिस की नींद खुलती है, तब तक अपराधी काफी दूर चले



जाते हैं. पुलिस सीसीटीवी कैमरे से फुटेज देखने में जुट जाती है. मगर कोई हाथ नहीं आता. इस तरह के छिनतई के दर्जनों मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं. बाइकर्स गैंग पर लगाम कसने में पुलिस लगभग नाकाम रही है.

महिला का कंगन छीन भाग निकले बाइक सवार अपराधी सदर थाने से महज कुछ ही दूरी पर गुरुवार 2 नवंबर को डीआरएम चौक के पास एक महिला से बाइक सवार अपराधियों ने हाथ में पहने कंगन की छिनतई कर ली. भुक्तभोगी महिला कलावती देवी ग्रुप डी रेलवे में ऑपरेटिंग की कर्मचारी है. ऑफिस ऑफ होने के बाद पैदल ही घर जा रही थी. आंबेदकर चौक के पास बाइक सवार युवकों ने उन्हें रोका और कंगन को छीनकर भाग निकले. महिला जब शिकायत करने सदर थाना पहुंची तो टाल-मटोल किया गया. कुछ दिन पहले बैंक मोड़ के शांति भवन से एक बाइक और चेन की छिनतई की गई थी.

**त्योहार आते ही सक्रिय हो जाते हैं अपराधी**

बैंक मोड़ और सरायढेला थाना क्षेत्र में छिनतई की घटना ज्यादा होती है. मार्केट, बैंक के आसपास या सुनसान इलाके में यह छिनतई करने वाले गैंग सक्रिय रहते हैं. त्योहार आते ही यह गैंग सक्रिय हो जाते हैं. 4 अक्टूबर 2023 को पुलिस ने एक मामले का उद्भेदन किया था. जिसमें पुलिस ने बताया था कि महिलाओं की चेन छितनई में गिरफ्तार इमामुल गैंग से बोकारो बारी को-ऑपरेटिव कॉलोनी का आभूषण कारोबारी व जौहरी संजय स्वर्णकार 35 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम की कीमत पर आभूषणों को खरीद लेता था. झारखंड कैडर के आईपीएस व एडीजी नवीन कुमार सिंह की मां बिमला सिंह से पांच 5 अगस्त 2023 की सुबह सोने की चेन झपटने वाला इमामुल गैंग के सदस्यों की निशानदेही पर सरायढेला पुलिस ने संजय स्वर्णकार को दबोचा था. पुलिस के समक्ष संजय ने खुलासा किया है कि वह छिनतई की चेन को गलाकर छोटे-छोटे स्वर्ण आभूषण बना देता था. इन आभूषणों को वह ग्रामीण इलाकों में बेच देता था.

## सूद कारोबारी के हत्यारे को उम्रकैद, 25 हजार जुर्माना भी

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर के काशीडीह निवासी धर्मेंद्र सिंह की हत्या कर शव को कार में लेकर घूमने के मामले में शुक्रवार को अदालत ने दोषी विश्वजीत प्रधान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे 1 राजेंद्र कुमार सिन्हा ने दोषी को सजा सुनाई. कोर्ट ने 30 अक्टूबर को आरोपी को हत्या, रंगदारी मांगने और साक्ष्य छुपाने का दोषी पाया था. कोर्ट ने हत्या के मामले में आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माना, रंगदारी मांगने के मामले में सात साल की सजा और 10 हजार रुपये जुर्माना और साक्ष्य छुपाने के मामले में तीन साल की सजा सुनाई है. सारी सजा एक साथ चलेगी. इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक राजीव कुमार ने बहस की थी. जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक राजीव कुमार ने बताया कि मामले में कुल 8 लोगों की गवाही हुई थी जिसमें अभियुक्त ने भी बचाव में गवाही दी थी. मामले में मृतक के बेटे गौरव कुमार सिंह ने साकची थाना में अपहरण और रंगदारी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी. इस मामले में पुलिस ने चालक विश्वजीत को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बैट बरामद किया था. विश्वजीत टाटा मोटर्स कर्मी था और उसने धर्मेंद्र से 11 लाख रुपये लिए थे. धर्मेंद्र बार-बार रुपये की मांग करता था जिस कारण उसने धर्मेंद्र की हत्या कर दी थी.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** शाम से चतुर्थ चंद्रमा के प्रभाव से किसी से विवाद होगा, पर पराक्रम में वृद्धि होगी. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. भावनाओं को वश में रखें. मन की बात किसी को न बताएं. घर का बना भोजन गरीब को दान करें.

**वृषभ** धन कुछ कम मिलेगा और मेहनत ज्यादा करनी होगी. कार्य पूर्ण होंगे. प्रसन्नता तथा उत्साह से काम कर पाएंगे. मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने से मान-सम्मान मिलेगा. नौकरी में सहयोगी सहायता करेंगे.

**मिथुन** धन का आगमन होगा, थोड़ा प्रयास करें. उत्साह-वर्धक सूचना मिलेगी. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. व्यस्तता रहेगी. थकान हो सकती है. व्यापार ठीक चलेगा.

**कर्क** कोई धार्मिक अनुष्ठान या यात्रा का योग है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. समय की अनुकूलता का लाभ लें. प्रमाद न करें. निवेश शुभ फल देगा. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

**सिंह** विदेश से जुड़े लोगों का लाभ का अवसर मिलेगा. पर खर्च पर नियंत्रण रखें. आर्थिक तंगी रहेगी. नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेंगी. मन में दुविधा रहेगी. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार अच्छा चलेगा.

**कन्या** आय के लिए दिन उत्तम है. सही मेहनत करनी चाहिए. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा. किसी समस्या का अंत होगा. प्रसन्नता व उत्साह में वृद्धि होगी. भाग्य का साथ रहेगा. गणेश चालीसा का पाठ करें.

**तुला** पिता से लाभ मिलेगा. सरकार से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे. कार्यस्थल पर सुधार या परिवर्तन हो सकता है. मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा. मान-सम्मान मिलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी.

**वृश्चिक** किसी से विवाद होने की प्रबल संभावना है. जुबान पर नियंत्रण आवश्यक है. सत्संग का लाभ प्राप्त होगा. कोर्ट व कचहरी के कार्यों में गति आएगी. चिंता में कमी रहेगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा.

**धनु** व्यापार में लाभ का योग बनेगा. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. हताशा का अनुभव होगा. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार ठीक चलेगा. नौकरी में जिम्मेदारी बढ़ सकती है. किसी विष्णु मंदिर में अन्न दान करें.

**मकर** कारोबार मनोनुकूल लाभ नहीं देगा. नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी. बाहरी वातावरण सुखद रहेगा. आपके कार्य और प्रभाव से भाग्य का साथ रहेगा. हनुमानजी का पूजन ध्यान करना चाहिए.

**कुंभ** परीक्षा व प्रतियोगिता आदि में सफलता प्राप्त होगी. आय में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है. काली वस्तु का दान करें.

**मीन** समय सामान्य है. माता से विवाद हो सकता है. आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे. मान-सम्मान मिलेगा. अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा. गायत्री मंत्र का जाप करें.

**अनूठा आयोजन :** मंच पर सभी वक्ताओं का भाषण छंदों और गीतों में ही होगा

# गीतमय प्रस्तुतियों के साथ छंदमाल्य का आयोजन कल

संवाददाता | जमशेदपुर



### खास बातें

- समाजसेवी गोविंद दोदराजका को मिलेगा छंदमाल्य सम्मान
- छंदमाल्य कवि मण्डपम् की ओर से किया जा रहा यह कार्यक्रम

छंदमाल्य कवि मण्डपम् की ओर से छंदबद्ध रचनाओं की गीतमय प्रस्तुतियों के साथ छंदमाल्य भाग-3 का आयोजन पांच नवंबर को चैंबर भवन में होगा. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची से छंदज्ञ दिनेश रविकर, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसेनजीत तिवारी (तुलसी भवन के मानद सचिव) तथा रामनंदन प्रसाद (उपाध्यक्ष तुलसी भवन) उपस्थित रहेंगे. इस कार्यक्रम में शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं साहित्य प्रेमी गोविंद दोदराजका को छंदमाल्य सम्मान से सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम का संयोजन प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम' एवं डॉ संध्या सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया है. इसकी जानकारी छंदमाल्य कवि मण्डपम ने बिष्टुपुर एक प्रेस वार्ता में दी.

**केवल छंदों में ही की जाएगी समीक्षा :** बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं साधकों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया जाएगा. छंदों का यह अद्भुत कार्यक्रम कुछ इस तरह से नियोजित किया गया है, जिसमें किसी भी वाक्य को गद्य में उच्चारित नहीं किया जाएगा. अतिथियों का स्वागत, मंच पर आमंत्रण, आभार, संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन तक केवल छंदों में ही किया जाएगा. यहां तक की समीक्षात्मक टिप्पणियां भी छंदों में ही की जाएंगी. कार्यक्रम की सूत्रधार एवं संयोजिका प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम', सह संयोजिका डॉ. संध्या सिन्हा , कवि नवीन कुमार अग्रवाल एवं दीपक वर्मा 'दीप', कवियत्री शोभा किरण, डॉ. रजनी रंजन, माधवी उपाध्याय, रीना सिन्हा, निवेदिता श्रीवास्तव 'गार्गी', आरती श्रीवास्तव 'विपुला', मनीषा सहाय 'सुमन' हैं.

## आओ जानें

### कुंदा किला

**परिचय स्थान** झारखंड का ऐतिहासिक धरोहर, जिसका अवशेष ही शेष है. चतरा जिलांतर्गत कुंदा प्रखंड के कुंदा ग्राम में अवस्थित है 14वीं शताब्दी में निर्मित यह किला.

**स्थिति** दीवारें बहुत जर्जर हालत में होने के बावजूद अभी भी खड़ी हैं और पर्यटकों को आकर्षित करती हैं. आकर्षण का मुख्य केंद्र पुराने महल के अवशेषों से लगभग आधे मील की दूरी पर स्थित एक गुफा है जो संभवतः महल के निर्माण के तुरंत बाद खोदी गई थी. महल के दक्षिणी भाग से एक संकरा रास्ता नीचे की ओर जाता है और गुफा की ओर जाता है. गुफा पहाड़ी के एक हिस्से के आधार पर बनी खोखली है, इतनी ऊंची नहीं. गुफा का प्रवेश द्वार बहुत संकरा है और कोई भी अपने शरीर को सिकोड़ें और सिर झुकाए बिना अंदर नहीं जा सकता. एक खोह के ठीक मध्य में एक बड़ा शिवलिंग स्थापित है, जिसपर जलार्पण के लिए महाशिवरात्रि के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ पड़ती है.

**इतिहास** यह किला चेरो राजाओं का था. इसका निर्माण किसने कराया, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है. यह किला बहुत ही मजबूत था और एक पहाड़ी पर अवस्थित था. 1660 में, औरंगजेब के शासनकाल के दौरान बिहार के मुगल गवर्नर दाउद खान ने किले पर कब्जा कर लिया और इसे पूरी तरह से नष्ट कर दिया. बाद में उसी शताब्दी में17वीं सदी के अंत और 18वीं सदी की शुरुआत में उक्त किले का पुनर्निर्माण कराया गया. जो रामगढ़ के राजा के कब्जे में आ गया. 1734 में अलीवर्दी खान ने इसे जीतकर नष्ट कर दिया.

**तैयारी :** घरों की दीवारों पर लिपाई-पुताई और चित्रकारी शुरू

# सोहराय पर्व ने दी दस्तक





संवाददाता। जमशेदपुर

### खास बातें

- कार्तिक अमावस्या के दिन नायके बाबा की गोट बोंगा होगी शुरुआत
- कुछ गांवों में पर्व के चौथे दिनों से होगी बैल नाच की प्रतियोगिता

### सोहराय पर्व एक नजर में

- 11 नवंबर – उम नाड़का
- 12 नवंबर – गोट बोंगा
- 13 नवंबर – दाकाय माहा
- 14 नवंबर – आड़ाञ् माहा
- 15 नवंबर को जाजले माहा

बाहा बोंगा के बाद आदिवासी समाज की सबसे बड़ी और पवित्र पूजा गोट बोंगा यानी सोहराय पर्व आगामी 12 नवंबर से शुरू होगा. यह पर्व लगातार पांच दिनों तक चलता रहेगा. कार्तिक अमावस्या के दिन सामूहिक रूप से विभिन्न गांव के नायके बाबा (पुजारी) द्वारा अपने-अपने गांव में गोट बोंगा कर इस पर्व की शुरुआत की जाती है.

गोट बोंगा में मुर्गे की बलि चढ़ाई जाती है. इसके बाद गांव के लोगों द्वारा प्रसाद के रूप में 'सोड़े' ग्रहण किया जाता है. जमशेदपुर शहर के ग्रामीण इलाकों करनडीह, सारजमदा, तालसा, शंकरपुर, रानीडीह, मातलाडीह, काचा, परसुडीह, पोंडेहासा, छोलागोड़ा आदि ग्रामीण इलाकों में अभी से ही सोहराय पर्व की तैयारियां चल रही हैं. जहां, गांव के पुरुष बाजारों से आवश्यक सामग्री खरीदने में लगे हुए हैं. वहीं महिलाएं अपने-अपने घरों की दीवारों में लिपाई-पुताई व रंगाई के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की कलाकृति बनाने में व्यस्त है. सुंदर और आकर्षक कलाकृति बनाने में आदिवासी समाज की महिलाओं को महारत हासिल है, जिनमें उनकी छोटी-छोटी बच्चियां भी उनका हाथ बंटाते दिख जाते हैं.

**गाय और बैलों की करते हैं पूजा :** सारजमदा पुड़सी पिंडा के मुड़द माझी बाबा लेदेम मुर्मू ने कहा कि फसल की अच्छी पैदावार होने के बाद सभी किसान सोहराय पर्व के माध्यम से अपने-अपने गाय और बैलों की पूजा करते हैं, मगर इस बार इंद्र देवता की कृपा से बारिश का खतरा बना हुआ है. गांव के युवा राजेश मार्डी ने बताया कि सोहराय पर्व का आदिवासी समाज बड़ी बेसब्री से इंतजार करता है. महिला तथा पुरुष सभी साफ सुथरे और नए पारंपरिक परिधान में रहते हैं और पांच दिनों तक चलने वाला यह सोहराय पर्व आपसी भाईचारा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है. इस अवसर पर हड़िया (पेय पदार्थ) का भी सेवन किया जाता है. कई-कई गांवों में पर्व के चौथे दिन से बैल नाच की प्रतियोगिता भी रखी जाती है.

## स्वामी सदानंद महाराज आठ को रांची आएंगे

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा संस्थान के संस्थापक एवं संचालक स्वामी सदानंद जी महाराज 8 नवंबर को रांची आएंगे. यह जानकारी संस्थान के उपाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने दी है. उन्होंने बताया कि संत सदानंद जी महाराज की जनसेवा के 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में रांची के पुंदाग में निर्माणाधीन राधाकृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा भंडारा के साप्ताहिक आयोजन के साथ भजन, कीर्तन एवं कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है. उन्होंने बताया कि स्वामी सदानंद 8 नवंबर को प्रातः पांच बजे पुंदाग के मंदिर में पहुंचेंगे तथा अपने अनुयायियों को पांच दिवसीय पर्व धनतेरस, रूप चौदस, छोटी दीपावली, काली पूजा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, अन्नकूट एवं भाई दूज की बधाई देंगे.

## नेशनल ब्यूटी पेजेंट प्रोग्राम का आयोजन

**रांची।** रांची के स्टोरी लाइन इंडिया कंपनी ने दिल्ली के एसके स्टार कंपनी के साथ मिलकर नेशनल ब्यूटी पेजेंट प्रोग्राम का आयोजन नोएडा सेक्टर 62 के अस्पम स्कोत्तिश स्कूल में किया. जहां बॉलीवुड और हरियाणा फिल्म इंडस्ट्री के साथ ही अतिथि के रूप में कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्यक्तित्व मौजूद थे. शो में सात जूरी विभिन्न क्षेत्रों से मौजूद थे, जिसमें स्टोरी लाइन इंडिया की डायरेक्टर साधना कुमार ने ग्रैंड जूरी के रूप में शिरकत की. कार्यक्रम में रांची की प्रज्ञा दीप ने मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल खिताब को अपने नाम किया. वहीं मिसेज रनर अप रांची की ही मेकअप आर्टिस्ट अमृता शर्मा हुईं. उनके बेटे प्रीत शर्मा किड्स रनर अप रहे. मिस्टर यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल के विजेता रांची के ही रोहित कुमार तिवारी बने.

# गोड्डा में धूमधाम से होगी शमशान काली की पूजा



संवाददाता। गोड्डा

### खास बातें

- काली मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में निर्णय
- दिल्ली से आये कलाकार प्रस्तुत करेंगे संगीतमय भजन

शहर के कोलाहल से दूर कझिया नदी के किनारे अवस्थित मां शमशान काली मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता की पूजा-अर्चना पूरे धूमधाम से आयोजित किया जाएगा. इस आशय का निर्णय शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में मां शमशान काली पूजा समिति की बैठक वरीय सदस्य प्राणधन चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कर लिया गया.

सर्वसमिति से लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी बारह नवंबर रविवार की संध्या 6:30 बजे पूजा प्रारंभ होगी. विधिविधान के साथ पुरोहित द्वारा पूजा संपन्न कराया जाएगा. पूजा के पश्चात आरती, प्रसाद वितरण एवं महाप्रसाद भक्तों को दिया जाएगा. जिसकी जिम्मेवारी सदस्यो को दी गई. मंदिर के रंगाई पुताई का कार्य भी अब अंतिम चरण में पहुंच गया है. पंडाल निर्माण के साथ गेट को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है. इस वर्ष विशेष आकर्षण के रूप में नई दिल्ली के कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध युट्यूबर कलाकार वंदना भारद्वाज द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की जाएगी. बैठक में अजीत कुमार सिंह, राजेश कुमार झा, क्रांति साह, पार्षद दिलीप साह, अजीत कुमार मंडल उर्फ बच्चू दादा, सुनील कुमार झा, सीताराम राउत, घनश्याम ठाकुर, गोविंद झा, प्रेम झा, गोपाल झा, विकास साह, गजेंद्र झा, पूर्व मुखिया परमानंद साह, सोमेश सिंह, सुभाष झा आदि उपस्थित थे.

## छठ घाट की सफाई की गयी शुरू



**लातेहार।** शहर के चाणक्यनगरी में औरंगा नदी के मुख्य छठ घाट की साफ सफाई शुक्रवार से प्रारंभ कर दी गयी. समिति द्वारा मजदूर लगा कर घाटों की सफाई करायी जा रही है. सूर्यनारायण पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि इस वर्ष भी औरंगा नदी में छठ व्रतियों को तमाम सुविधायें दी जायेगी. छठ व्रतियों को नदी में सूखी जमीन उपलब्ध कराने के लिए पानी की धारा को मेढ़ से मोड़ा जायेगा. व्रतियों के लिए औरंगा नदी में कई स्नानागार बनाये जायेंगे. इसके अलावा बाईपास चौक से राजहारा तथा छठ घाट तक आकर्षक विद्युत सज्जा करायी जायेगी. वाहनों के ठहराव के लिए आरडी कांप्लेक्स में पार्किंग बनाया जायेगा. उन्होने शहरवासियों से इस आयोजन में तन मन व धन से सहयोग करने की अपील की.

## अघनु मांझी को दी गयी श्रद्धांजलि

**बेरमो।** ललपनिया में शुक्रवार को विस्थापित नेता सह पूर्व उपमुखिया स्व अघनू मांझी की 25वीं पुण्यतिथि मनाई गई. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए. उन्होंने स्व मांझी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की. कहा कि विस्थापितों को एकजुट और जागरूक करने का कार्य किया. मौके पर बबूली सोरेन, बीरबल मांझी, बाबूचंद बास्के, फिनिराम सोरेन, मुखिया नमोती देवी, बबलू हेंब्रम, पूर्व मुखिया हेमलता किस्कू, गुरुलाल मांझी, बुधन सोरेन, मितन सोरेन, श्यामदेव सोरेन, हरीश नारायण तिवारी, फागू मांझी, मिथिलेश किस्कू, रामप्रसाद सोरेन, सुखराम बेसरा, सुशील मांझी, अंजन हेंब्रम, आशा मुर्मू, मेघराज मुर्मू, दीपक केवट, कुलदीप शर्मा, मनोज महतो,आदि उपस्थित थे.

# गंगा उत्सव 2023 के अंतर्गत मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन



संवादाता। साहिबगंज

नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत जिले में गंगा उत्सव 2023 कार्यक्रम के मद्देनजर शुक्रवार को गांधी चौक से ओझा टोली घाट तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में लगभग 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. वहीं मैराथन दौड़ के माध्यम से जिलेवासियों को शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने, अपने गंगा तटों को स्वच्छ रखने एवं स्वच्छता की महत्ता के प्रति जागरूक किया गया. मैराथन दौड़ के अंतर्गत दो ग्रुप समूह, जिसमें बालक एवं बालिका दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें सनोज मरांडी को प्रथम, भुवन मंडल को द्वितीय, एमडी अमन को तीसरा एवं लॉरेंस को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ. वहीं बालिका ग्रुप में केशोक्ती कुमारी को प्रथम, किरण टुडू को द्वितीय एवं प्रमिला मुर्मू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. इस कार्यक्रम के द्वारा वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी तथा कार्यपालिका पदाधिकारी नगर परिषद जिला गंगा समिति के सदस्य डॉक्टर रंजीत सिंह उपस्थित थे.

## छठ घाट कमेटी के साथ एसडीओ ने की बैठक

**घाटशिला।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ को लेकर अनुमंडल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी सतवीर रजक की अध्यक्षता में पुलिस, प्रशासनिक पदाधिकारी एवं छठ घाट समिति के सदस्यों की बैठक हुई. घाटशिला, धालभूमगढ़ एवं मुसाबनी प्रखंड के पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि एचसीएल/आईसीसी तथा युसील कंपनी की मदद से छठ घाट को दुरुस्त कराया जाए. मुसाबनी छठ घाट समिति के सत्या तिवारी एवं गणेश प्रसाद ने कहा कि घाट पर बालू, चूना, मेन लाइन से बिजली तथा ब्लीचिंग पाउडर की मांग रखी. जबकि मऊभंडार छठ घाट कमेटी के नवल सिंह ओम प्रकाश सिंह और रूपेश दुबे ने 5000 सीमेंट की बोरी, जेसीबी तथा मजदूर की व्यवस्था करने की बात कही.

# जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में एक्सपो का शुभारंभ



संवाददाता | जमशेदपुर

टाटा स्टील द्वारा 5 नवंबर को जमशेदपुर रन-ए-थॉन का आयोजन किया जाएगा. इसके मद्देनजर जेआरडी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में शुक्रवार को एक्सपो लगाया गया. इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि पूनम चौधरी ने फीता काटकर किया. इस एक्सपो में विभिन्न प्रकार के ब्रांडों के स्टॉल लगाए गए हैं, जो प्रोफेशनल रनर होते हैं वे एक्सपो में लगे स्टॉल में उपलब्ध सामान की खरीदारी करते है. वहीं आम लोगों को भी खेल से संबंधित विभिन्न ब्रांड के सामान को देखने एवं खरीदने का अवसर मिलता है. 3 एवं 4 नवंबर दो दिनों तक चलने वाले एक्सपो में रन-ए-थॉन के प्रतिभागियों को चेस्ट नंबर भी दिए जा रहे हैं. इस संबंध में टाटा स्टील खेल विभाग के हेड हेमंत गुप्ता ने बताया कि 5 नवंबर को होने वाली दौड़ के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.

## विवाद के कारण काली मंदिर का मेला स्थगित

**निरसा ।** आपसी विवाद को लेकर निरसा नयाडंगा काली मंदिर में मेला नहीं लगने से निरसा के लोगों में मायूसी छा गई है. सभी ने एक स्वर में कहा कि मेला लगना चाहिए. दरअसल काली मंदिर प्रांगण में दलदली आश्रम है. दलदली आश्रम के सचिन बाबा के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ही सारा विवाद है. 3 नवंबर को बाबा के मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा होना था. मगर लोगों के विरोध की वजह से यह नहीं हो पाया. स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर के अंदर दलदली आश्रम है. यहां काली मंदिर में बली होती है. यह कहीं से ठीक नहीं है कि काली मंदिर परिसर में सचिन बाबा का मंदिर बने. वहीं इस संबंध में कमेटी के अध्यक्ष मखू सिंह ने बताया कि यह मंदिर 3 सालों से बन रहा था, परंतु उस समय किसी ने कोई आपत्ति नहीं जतायी. मंदिर बनकर तैयार हो गया.

**आयोजन** बीआईटी सिंदरी के ईसीई विभाग में पीबीसी फेब्रिकेशन पर दो दिवसीय कार्यशाला

# छात्रों को को मिला मोबाइल पीसीबी डिजाइन का प्रशिक्षण

संवाददाता। सिंदरी



बीआईटी सिंदरी में ईसीई विभाग के तत्वावधान में पीबीसी डिजाइन और फेब्रिकेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया. दो दिवसीय फैकल्टी विकास एवं छात्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान निदेशक डॉ. पंकज राय और ईसीई विभाग प्रमुख डॉ एमजी तिवारी ने संयुक्त रूप से किया.

कार्यक्रम में तमिलनाडु राज्य के ईटीएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कोयंबटूर कंपनी से आए दुरईस्वामी प्रशिक्षक के रूप में शामिल हुए. उन्होंने पीसीबी डिजाइन के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता और अनुभव से छात्रों का प्रभावशाली मार्गदर्शन किया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्रों को मोबाइल पीसीबी डिजाइन के लिए आवश्यक साधनों और तकनीक के विवेचनिक ज्ञान का अवसर प्राप्त हुआ. कार्यक्रम में प्रायोगिक अनुभव के अलावा पीसीबी डिजाइनिंग के लिए आवश्यक उपकरण और तकनीकी जानकारी भी हासिल हुई. कार्यक्रम में पीसीबी सर्किट के प्रोटोटाइप के निर्माण प्रक्रिया को भी कवर किया गया, जिससे छात्रों को पीसीबी निर्माण चक्र की तकनीक की जानकारी मिली. कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रशांत कुमार सिंह और गुंजन गांधी ने किया. प्रो अमर प्रकाश सिन्हा, प्रो इम्तियाज अहमद सहित 80 से ज्यादा छात्रों की भागीदारी कार्यक्रम में रही.

## वैज्ञानिकों ने दिया भ्रष्टाचार मुक्ति का संदेश



**धनबाद।** सीएसआईआर-केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान (सिंफर) शुक्रवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया गया. वॉकथॉन सुबह 6:30 सिंफर के सामुदायिक भवन से शुरू होकर बस स्टैंड, सिटी सेंटर होते हुए पुनः सिंफर परिसर में पहुंचकर समाप्त हुआ. इस अवसर पर सिंफर के निदेशक प्रो अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि 30 अक्टूबर से 5 नवंबर के बीच चलाये जा रहे इस अभियान की थीम 'भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें' हैं. सभी को इसके प्रति जागरूक होना होगा. उन्होंने समाज के हर वर्ग को सतर्कता और नैतिकता के महत्व को समझने का संदेश दिया. वॉकथॉन में सिंफर के दर्जनों वैज्ञानिक और कर्मचारी शामिल हुए.

रांची में आयोजित दिवाली मेला में एमपीएल का स्टॉल बना आकर्षण

# आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एमपीएल के बढ़ते कदम

संवाददाता। मैथन



झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जियसोवा) द्वारा मोरहाबादी मैदान रांची में आयोजित दिवाली मेला 2023 में एमपीएल (मैथन पावर लिमिटेड) की ओर से लगा स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना है. 2 नवंबर को शुरू हुआ यह मेला 6 नवंबर तक चलेगा. बता दें कि एमपीएल के आसपास के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हस्तकला निर्मित सामानों का स्टॉल लगाया गया है.

एमपीएल ने प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के माध्यम से स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाया है. काफी संख्या में लोग स्टॉल पर आकर महिलाओं द्वारा निर्मित सामानों की सराहना व खरीदारी कर रहे हैं. एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लगन और उत्साह व स्टॉल के सफल संचालन के लिए सीएसआर टीम की सराहना करते हुए मेला की सफलता की कामना की है. यह मेला और मेले में एमपीएल का स्टॉल प्रतिवर्ष लगाया जाता है. सीईओ श्री रंजन ने कहा है कि एमपीएल सदैव सामाजिक सरोकार और समाज के उत्थान को लेकर प्रयत्नशील रहता है. स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एमपीएल का प्रयास जारी रहेगा.



## लोगों के सिर चढ़कर बोल रही है महंगाई, खाने-पीने के सामान से लेकर हर चीज के दाम बढ़े...

# अब हरी सब्जियों की जगह चोखे से चल रहा है काम

- बढ़ी कीमतों से घरों का बजट गड़बड़ाया, लोग परेशान
- घर चलाने वाले सोचने को मजबूर, क्या पकाएं, क्या खाएं
- हरी सब्जी खरीदना लोगों को पड़ रहा है भारी
- मिठाइयों के भी दाम बढ़े, बेचने - खाने वाले परेशान

**खाने पीने के सामान से लेकर हर चीज के दाम बढ़ गए हैं. यानी महंगाई सिर चढ़कर बोल रही है. इधर सब्जी की बढ़ी कीमतों ने जले पर नमक का काम किया है. हरी सब्जी खरीदना लोगों को भारी पड़ रहा है. ज्यादातर लोग इन दिनों हरी सब्जियों की जगह चोखा से काम चला रहे हैं. बढ़ती महंगाई ने मध्य वर्ग की परेशानी बढ़ा दी है. घर चलाने वालों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या पकाएं क्या खाएं. बहुत सोच समझ कर लोग सब्जियां खरीद रहे हैं. बढ़ी कीमतों से घरों का बजट तो गड़बड़ा ही गया है. लोग सोच रहे हैं कि इसी तरह महंगाई बढ़ती रही तो आनेवाले दिनों में मुश्किलें और बढ़ जाएंगी. महंगाई से बच्चों की पढ़ाई, खान-पान, बचत के पैसे सहित कई चीजें प्रभावित हो रहीं है. वे सरकार स्तर पर महंगाई पर अंकुश लगाने की बात कर रहे हैं. उनका कहना है कि सरकार को इस दिशा में सोचने की जरुरत है कि आम आदमी किस तरह महंगाई की मार से बच सके. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों में मध्य वर्ग को लोगों से बात की है. पेश है रिपोर्ट...**

## चंदवा

### सरकार जरूरी कदम उठाए : मो. इरफान

चंदवा निवासी मो. इरफान का कहना है कि आसमान छू रही महंगाई ने हम सभी के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी है. हम अपने सीमित आय से अपनी सभी असीमित आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकते हैं. निरंतर बढ़ती हुई महंगाई से छुटकारा पाने के लिए सरकार को विशेष कदम उठाना चाहिए. हरी सब्जी, दाल, घी की बढ़ती कीमत ने खाने का स्वाद फीका कर रख दिया है. सरकार को इस दिशा में सोचने की जरुरत है.

### महंगाई ने बुरा हाल कर दिया है : महमूद अंसारी

चंदवा इंदिरा गांधी चौक के पास रहने वाले महमूद अंसारी कहते हैं कि महंगाई ने सभी का बुरा हाल कर रखा है. दर्जी का काम करने वाले महमूद कहते हैं कि जब देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार थी तो हमारे क्षेत्र में पावर प्लांट लगने के काम की शुरुआत हुई थी. पर केंद्र में भाजपा का शासन आने से पूरी कंपनी किलो के भाव में बिक गई. इससे समझा जा सकता है कि महंगाई को नियंत्रित करने की दिशा में प्रयास नहीं किया जा रहा है.

## जामताड़ा

### मिठाई की कीमतें भी बढ़ गई है : संतोष मंडल

संतोष मंडल मिठाई की दुकान चलाते हैं. उनका कहना है कि बेसन और रिफाइन के दाम में बढ़ोतरी हुई है. इससे मिठाई की कीमतें भी बढ़ गई है. इससे ग्राहक मिठाई लेने में हर बार कीमत बढ़ने पर अपनी नाराजगी जताते हैं. इससे थोड़ी बकझक हो जाती है. लोगो को भरोशा नहीं हो रहा है कि खाद्य पदार्थ के दाम इतने भी बढ़ सकते हैं. महंगाई बढ़ने से बिक्री पर भी असर पड़ने लगा है.

### दुकान पर होती है महंगाई पर चर्चा : मदन मंडल

मदन मंडल दुकान लगाकर चाय बेचते हैं. उनका कहना है कि दुकान पर अक्सर बढ़ती महंगाई पर लोग चर्चा करते हैं. लोग बढ़ती महंगाई को लेकर परेशान हैं. अब वे चाय पीने से भी कतार रहे हैं.अब चाय की प्याले का साइज भी छोटा कर दिया गया है. महंगाई से सबसे ज्यादा मध्य वर्ग को परेशानी हो रही है. सरकार को महंगाई रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की जरुरत है.

### लोग सामान भी कम खरीदने लगे हैं : जाकिर अंसारी

जाकिर अंसारी राशन की दुकान चलाते हैं. उनका कहना है कि खाने के सामान की कीमतें बढ़ने से लोगों ने कम सामन लेना शुरू कर दिया है. लोग कम राशन में अपना घर चलाने के लिए मजबूर हैं.

## चांडिल

### बिगड़ गया किचेन का बजट : गीता तंतुबाई

चांडिल प्रखंड के दालग्राम निवासी गीता तंतुबाई ने कहा कि बाजार में हर चीज की कीमत अधिक है. खाद्य सामग्री के साथ हरी सब्जियों की बढ़ी कीमत से कीचन का बजट ही बिगड़ गया है. ऐसे में घर चलाना मुश्किल हो गया है. सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करते हुए बढ़ती महंगाई को नियंत्रित करने की जरुरत है, ताकि गरीबों की थाली से पौष्टिकता गायब न हो जाए. आने वाले दिनों में भी अगर यही हाल रहा तो लोग हरी सब्जी भी खाना छोड़ देंगे. हर प्रकार की सब्जी का जायका बढ़ाने वाले प्याज की कीमत अब आसमान छूने लगा है.

### थाली पर दिख रही महंगाई की मार : राजू

चौका के रहने वाले राजू गोराई ने कहा कि बढ़ती मंहगाई ने परिवार के जिम्मेदार लोगों का भार और अधिक बढ़ा दिया है. महंगाई सुरसा के मुंह की तरह बढ़ रही है. खाने की थाली पर महंगाई की मार साफ दिखाई दे रही है. पौष्टिक आहार थाली से गायब होता जा रहा है. खाद्य पदार्थो के बाद अब सब्जियों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है. खाने की थाली पर महंगाई की बढ़ती आंच से आज मजदूर और मध्यम वर्ग परेशान है. पहले प्याज काटने पर आंखों से आंसू निकलते थे अब प्याज के दाम भी लोगों को रूला रहा है.

### बेबस नजर आ रहे लोग : पंकज

चांडिल के छात्र पंकज कुमार कहते हैं कि महंगाई की मार सबसे अधिक मिडिल क्लास के लोगों पर पड़ रही है. खाद्य पदार्थों के साथ सब्जियों के आसमान छूती कीमतों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है. दरअसल, मिडिल क्लास के लोग जिन चीजों पर खर्च करते हैं, उन सब के दाम तेजी से बढ़े हैं, जबकि लोगों की आय कम हो गई है. सरकारी आंकड़े कहते हैं कि महंगाई दर कम हो गई है, लेकिन यह आंकड़े आम आदमी की जिंदगी की असलियत को छुपाते हैं. पेट की भूख और महंगाई की आग से परेशान लोग बेबस नजर आ रहे हैं.

### लगातार बढ़ रहीं हैं कीमतें : उर्मिला

चांडिल की उर्मिला प्रमाणिक कहती हैं कि बढ़ती महंगाई ने गरीब के साथ मध्यम वर्ग के लोगों का जीना मुहाल कर दिया है. बाजार में खाद्य पदार्थो के साथ सब्जी, दूध, अंडा, मछली, मीट की कीमतें पिछले साल की तुलना में कहीं ज्यादा बढ़ गई हैं. महंगाई का असर सबसे ज्यादा गरीब तबकों पर पड़ रहा है. लोग अब नास्ते में चाय रोटी खाने लगे हैं. क्षेत्र में भंडारण की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सब्जियां यहां तक कि अनाज भी सड़ जाते हैं. पिछले कुछ महीनों में वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है.

## लातेहार

### महंगाई ने कमर तोड़ दी है : राजू प्रसाद

टेंपो चलाने वाले राजू प्रसाद का कहना है कि बढ़ती महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है. खाने पीने के अलावा अन्य सभी सामानों की कीमतों मे बेतहाशा वृद्धि हो रही है. इस पर लगाम लगना आवश्यक है. आदमी जितना कमाता उसे अधिक खर्च हो रहे हैं. दैनिक जरूरतों के सामानों के दाम भी आसमान छू रहे हैं. बच्चों की पढ़ाई से लेकर सब कुछ महंगी हो गयी है. इस दिशा में सरकार को कुछ करने की दरकार है, तभी महंगाई पर काबू पाया जा सकेगा.

### महंगाई से बजट गडबड़ा गया है: सुनील

टेंपो चलाने वाले सुनील प्रसाद ने कहा कि बढ़ती महंगाई से घरेलू बजट गड़बड़ा गया है. खाने पीने के अलावा बच्चों की पढ़ाई महंगी हो गयी है. आज बाजार में हर एक चीज की कीमतों में आग लगी है. खाद्य पदार्थ, दूध- तेल से ले कर साग सब्जी के साथ महंगी हो गयी है. लोगों के भोजन के थाली से साग सब्जी भी गायब हो जा रही है. एक तो आमदनी सीमित है, उस पर खर्च अधिक हैं. महंगाई के कारण कमाई अब कम पड़ने लगी है.

### पैसे की कीमत कुछ भी नहीं : राजमोहन प्रसाद

टेंपो चलाने वाले राजमोहन प्रसाद ने कहा कि महंगाई के इस दौर में आज पैसों की कीमत कुछ भी नहीं है. हर चीज इतनी महंगी हो गयी है कि कहना मुश्किल है. एक सब्जी खरीदने में सौ-दो सौ रूपये खत्म हो जाते हैं., जबकि अन्य खर्चे भी हैं. जिनके घरों मे एक दो बच्चे पढ़ने वाले हैं, उनके साथ तो और भी परेशानी है. सारा कमाई साग सब्जी खरीदने एवं बच्चों की पढ़ाई में निकल जाता है, ऐसे में लोग भविष्य के लिए कैसे बचा कर रख सकेगें.



## किरीबुरू

### दुकानदारी हो रही प्रभावित : मोहम्मद ऐनुल

हारडवेयर के छोटे दुकानदार मोहम्मद ऐनुल ने कहा कि दुकानदारी का काफी बुरा हाल है, दिनभर ग्राहक दुकान में आते नहीं हैं. दुकान से पैसा आ नहीं रहा है और महंगाई चरम पर है. ऐसी स्थिति में घर चलाना मुश्किल हो गया है. प्याज, आंटा, सब्जियों से लेकर सभी चीजें अचानक महंगी हो गई है. घर की जमा पूंजी निकाल अपना व अपने परिवार का पेट जैसे-तैसे पालने को मजबूर हैं. दीपावली नजदीक है लेकिन दुकानों में कोई रौनक नहीं है.

### जमाखोरी के कारण महंगाई : फरीद मंसूरी

रजाई-गद्दा सिलाई करने वाले फरीद मंसूरी ने कहा कि 15 दिन पहले बाजार में हम प्याज 35 रूपये लिये, कुछ दिन बाद अचानक 70-80 रूपये हो गया. अचानक दोगुना कीमत बढ़ने का राज समझ में नहीं आ रहा है. इसके लिये जमाखोर जिम्मेदार हैं. सरकार को इनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए. महंगाई की वजह से जमा किया गया पैसा निकालना पड़ रहा है. दुकानों में कर्ज बढ़ते जा रहा है.

### महंगाई से दुकानदार भी परेशान : मिंटु ठाकुर

छोटे दुकानदार रंजीत उर्फ मिंटु ठाकुर ने बताया कि महंगाई व बेरोजगारी ने छोटे दुकानदारों का कमर तोड़ दी है. बेरोजगारी की बजह से लोगों के पास पैसा नहीं है. दुकानों में ग्राहक आ नहीं रहे हैं. दूसरी तरफ खाद्य पदार्थों व सब्जियों की बढ़ी कीमत ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है. कभी सोंचते हैं कि कहीं दूसरी जगह जाकर रोजगार करें. लेकिन फिर सोंचते हैं कि हर जगह की स्थिति तो ऐसी ही है.

### घर का खर्च चलाना मुश्किल : सिकंदर खान

रेडिमेड कपडा.विक्रेता सिकंदर खान ने बताया कि महंगाई का सवाल ही नहीं पूछिए, इससे कोई अछूता नहीं है. प्याज, लहसुन से लेकर राशन व सब्जियां अचानक इतनी महंगी हो गई की घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है. उन्होंने कहा कि पहले दो सब्जी बनती थी.अब एक बन रही है. उसी सब्जी को पूरा परिवार रात में भी खा रहे हैं. दुकान की स्थिति भी काफी खराब है. दुर्गापूजा में भी ग्राहक नहीं आये. महंगाई इतनी है कि लोगों के पास साग-सब्जी खरीदने के पैसे नहीं हैं, वह कपड़ा क्या खरीदेंगे. लोग चोखा से काम चला रहे हैं.

### आय घटी, पर खर्च बढ़ रहा है : मिनहाज

इलेक्ट्रानिक व फर्नीचर दुकानदार मो. मिनहाज उर्फ सोनु ने बताया कि महंगाई की वजह से आय घटी है. लेकिन खर्च घट नहीं रहा है. राशन सामग्री व सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं. घर का खर्च मैनेज करना मुश्किल हो रहा है. क्षेत्र की तमाम खदानें बंद होने की वजह से बेरोजगारी से बुरा हाल है. क्षेत्र की बेरोजगारी ने तमाम दुकानदारों की बिक्री प्रभावित कर दी है. लोगों के पास पैसे नहीं हैं. वह कर्ज लेने को मजबूर हैं.

## जमशेदपुर

### आमदनी कम लेकिन खर्च काफी बढ़ गया है कैसे होगी इसकी भरपाई : संजय कुमार

प्राइवेट काम करने वाले संजय कुमार कहते हैं कि आमदनी में बढ़ोतरी नहीं हुई है. वेतन जो दो साल पहले मिलता था वही अब भी मिल रहा है, लेकिन सभी चीजों के दाम काफी बढ़ गए हैं. महंगाई के कारण घर चलाना काफी मुश्किल हो गया है. खानपान और रोजमर्रा की वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि के कारण घर का बजट बिगड़ गया है.

### गृहिणियों के लिए मुश्किलें बढ़ी,समझ में नहीं आ रहा कि क्या पकाएं क्या खाएं : रूबी

मध्यमवर्गीय परिवार की गृहणी रूबी देवी का कहना है कि अब तो गृहस्थी चलाने में मुश्किल होने लगी है. सब्जी से लेकर खाने पीने की हर चीजों की कीमत बढ़ गई है. क्या किया जाय, कुछ समझ में नहीं आ रहा है. साग, सब्जी, तेल, मसालों आदि के दाम बढ़ने से रसोई का स्वाद फीका हो गया है.

### सरकार को महंगाई पर अंकुश लगाना चाहिए ताकि आम आदमी को राहत मिले : भरत सिंह

प्राइवेट नौकरी करने वाले भरत सिंह के अनुसार खाने पीने की चीजों के दाम बढ़ते ही जा रहे हैं. आमदनी वही है. महंगाई के कारण घर चलाना मुश्किल हो गया है. उपर से पर्व त्योहार में खर्च और बढ़ जाता है. सरकार को महंगाई पर अंकुश लगाना चाहिए. ताकि आम आदमी को राहत मिल सके.

### वस्तुओं की अचानक मूल्य वृद्धि से घर का बजट बढ़ा, सबकी परेशानी बढ़ी : आशीष

व्यवसाई आशीष ठाकुर के अनुसार महंगाई से घर का बजट बिगड़ गया है. पहले चार हजार रुपये में घर का राशन आ जाता था. अब छह हजार रुपये लग रहे हैं. काफी मुश्किल से जैसे तैसे घर चला रहे हैं. दैनिक उपयोग के वस्तुओं की अचानक मूल्य वृद्धि मध्यमवर्गीय व गरीब दोनों परिवारों के लिए उचित नहीं है.

## आदित्यपुर

### मिडिल क्लास परिवार को ज्यादा परेशानी सब कुछ मेंटेन करना पड़ता है : निरंजन मिश्रा

प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करने वाले निरंजन मिश्रा रिंकु का कहना है कि नौकरी पेशा लोग सामान और सब्जियों की कीमतों में उछाल से परेशान हैं. पेबको मोटर्स में कार्यरत कारपोरेट अफसर निरंजन मिश्रा रिंकु कहते हैं कि महंगाई से हर वर्ग परेशान है. खासकर नौकरी पेशा और मिडिल क्लास फैमिली को ज्यादा परेशानी है. मिडिल क्लास को घर चलाने के साथ साथ सोसाइटी में स्टेटस भी मेंटेन करने की चुनौती रहती है. इन्हें अपने बच्चे की पढ़ाई, रहन सहन को मेंटेन करने में घर का बजट बिगड़ रहा है. ये कहते हैं कि इसके अलावा सोसाइटी में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए बहुत सोचना पड़ता है. अभी जिस कदर हरी सब्जियां महंगी हो रही है, आलू प्याज के कीमतों में उछाल आ रहा है. ऐसे में मिडिल क्लास फैमिली को स्टेटस मेंटेन करने, बच्चों को ऊंची शिक्षा देने के लिए ऋण का सहारा लेना पड़ रहा है, जिसका हर माह ईएमआई कैसे भरेंगे इसकी चिंता लगी रहती है. ऐसे में हम मिडिल क्लास फैमिली को समाज में रहना मुश्किल हो रहा है. हर दिन जरूरत की चीजें महंगी हो रही है, जिसके बिना घर परिवार नहीं चल सकता है. कारपोरेट घरानों में काम करने वालों को तो और भी कई चीजें मेंटेन करनी होती है जिसको लेकर वे परेशान रहते हैं.

### हर चीज महंगी हो रही हैं : रानी कुमारी

कामकाजी महिला रानी कुमारी का मानना है कि हरी सब्जियों और दूध जैसे आवश्यक वस्तुओं के साथ अनाज की कीमतें आसमान छू रही है. महंगाई ने तो हम कामकाजी महिलाओं को घर चलाने में सोचने पर मजबूर कर दिया है. वह कहती हैं कि हमलोग किसी तरह अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं. यह बताने लायक नहीं है. आज केवल अनाजों के ही नहीं शिक्षा, स्वास्थ्य और खाद्य पदार्थों की कीमतें भी बेलगाम हैं. लगता है इस पर सरकार का कोई नियंत्रण ही नहीं है. महंगाई के अनुपात में लोगों की आय नहीं बढ़ी है. ऊपर से घर में बढ़ती बेरोजगारी, हमारे बच्चे पढ़ लिखकर बेरोजगार बने बैठे हैं. उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा है. हम अनुबंधित कर्मियों का बुरा हाल है. प्राइवेट सेक्टर के लोगों की जिनकी आय कम है वह कैसे घर परिवार चलाते हैं यह बताने लायक नहीं है. बाजार में हर चीज महंगी है. हरी सब्जियां और दूध तो हर दिन महंगे हो रहे हैं.




## चाईबासा

### खाद्य पदार्थों में बढ़ोतरी से आम जनता परेशान, घर चलाने की चिंता बढ़ी : अमित

चाईबासा निवासी अमित ठाकुर का कहना है कि खाद्य पदार्थों में बढ़ोतरी के कारण आम जनों के साथ-साथ युवा काफी परेशान है. क्योंकि बढ़ती हुई महंगाई के कारण कुछ भी करने या खरीदारी से पहले काफी सोच विचार करना पड़ रहा है. इस महंगाई की मार सबसे ज्यादा मध्य वर्गीय और निम्न वर्ग की आय वाले परिवारों पर पड़ा है. क्योंकि बाजारों में सामान के बढ़ते हुए मूल्य उनके दायरे से बाहर होते जाते हैं. ऐसे किसी भी वस्तु की खरीदारी से पूर्व काफी सोच विचार करना पड़ता है.

### मध्य तथा निम्न आय वाले परिवार का बजट गड़बड़ाया,कैसे चलेगा खर्चा : सुनीता खालको

छात्रा सुनीता खालको का कहना है कि बढ़ती महंगाई ने मध्यम वर्गीय तथा निम्न आय वर्गीय परिवार के खान पान में काफी बदलाव ला दिया है. कह सकते हैं कि रसोई का जायका बिगड़ गया है. सभी चीजें काफी सोच विचार कर खरीदना पड़ रहा है. सब्जियों में आलू, प्याज जैसी जरुरी चीजे भी आम आदमी को खरीदना भारी पड़ रहा है. आदमी सोचने को मजबूर है कि किस तहर घर का खर्चा चलाया जाय.

### आम आदमी की पहुंच से बाहर हो रहे हैं जरुरी सामान, चिंता बढ़ी : दीपक महतो

चाईबासा निवासी दीपक महतो ने कहा कि बढ़ती हुई महंगाई के कारण आम आदमी की पहुंच से जरुरी सामान बाहर हो रहे हैं.स्थिति काफी खराब हो गई है. वह चाहे सब्जी हो, आटा हो, दाल, चावल सभी सामान के दाम में बेतहाशा वृद्धि होने से घर परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है. ऐसी स्थिति में सामान की खरीदारी के लिए प्राथमिकता निर्धारित करनी पड़ती है. ऐसी स्थिति में आम लोगों का जनजीवन काफी अस्त व्यस्त हो गया है.

### महंगाई चरम पर, इसे सरकारी स्तर पर नियंत्रित करने की जरूरत : प्रेम लाल पान

चाईबासा निवासी प्रेम लाल पान ने कहा कि महंगाई अपने चरम पर है. इसको नियंत्रित करने की जरूरत है. मौजूदा समय में किसी भी सामान की खरीद में काफी सोच विचार कर खरीदारी करनी पड़ती है. खास कर चावल दाल सब्जी आटा जो प्रतिदिन के खाद्य में शामिल है. उनके बढ़े हुए मूल्य ज्यादा ही परेशान करते हैं. ऐसी स्थिति में खाना भी जरुरी है. इसलिए इनकी खरीदारी होती है. लेकिन अब मात्रा कम रहती है और इसी मात्रा में काम चलाना पड़ता है.

## गिरिडीह

### परिवार के मुखिया को घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है : राजकुमार शर्मा

तिसरी प्रखंड निवासी राजकुमार शर्मा ने कहा कि महंगाई चरम पर पहुंच गई है. खाद्य सामग्री और हरी सब्जियां खरीदना अब मुश्किल होने लगा है. प्याज और आलू की कीमत भी कई गुना बढ़ गई है. रसोई का जायका का पूरी तरह से बिगड़ गया है. मध्यम वर्गीय परिवार के मुखिया को घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है. 500 और 1000 रुपए का कोई वैल्यू नहीं रह गया है. उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से महंगाई पर नियंत्रण करने की मांग की है.

### कीमत बढ़ने से खाने पर भी आफत : संजीत

जमुआ प्रखंड के संजीत ने बताया कि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है. इससे सबसे ज्यादा परेशानी मध्यम वर्गीय परिवार को हो रहा है. जरुरत की सामग्री काफी मुश्किल से खरीद पा रहे हैं. आटा, चावल, प्याज, आलू, दाल की कीमतें बढ़ने से खाने पर भी आफत आ गई है. हरी सब्जी नहीं खाने से भी काम चलेगा. लेकिन चावल और आता के बिना कैसे गुजर चलेगा. केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जल्द से जल्द महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया तो लोगों का जीना मुश्किल हो जाएगा.

### महंगाई बढ़ने से सबको परेशानी, किसी तरह हो रहा है गुजारा : पप्पू तिवारी

गांडेय प्रखंड के पप्पू तिवारी का कहना है कि महंगाई इस कदर बढ़ गई है कि खाना पीना मुश्किल हो गया है. प्राइवेट नौकरी में काम करने वालों का वेतन सीमित और कम होता है. कम आमदनी के बाद भी पहले किसी तरह से गुजारा चल जाता था, लेकिन अब घर का खर्च उठाना बहुत ही मुश्किल हो गया है. लगातार बढ़ती महंगाई ने मध्यम परिवार का कमर तोड़ कर रख दिया है. महंगाई नियंत्रित नहीं हुई तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ जाएगी.

### महंगाई ने जीना मुश्किल कर रखा है : हेमंत

धनवार प्रखंड के हेमंत कुमार सिन्हा ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने लोगों का जीना मुश्किल कर रखा है और इसका सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्ग या परिवार में देखा जा रहा है. सरकारी नौकरी करने वाले मध्य वर्ग के परिवार के लोग किसी तरह अपना घर चला रहे हैं. लेकिन प्राइवेट नौकरी करने वालों की हालत बहुत ही खराब है. खाद्य सामग्री में कई ऐसे समान हैं जिसकी कटौती नहीं की जा सकती है. खाने के सामान जुटाने में मध्य परिवार के लोग इतने परेशान हैं कि बच्चों की पढ़ाई पर इसका बुरा असर पड़ रहा है.




## बोकारो

### महंगाई के कारण घर चलाना मुश्किल सरकार ठोस कदम उठाए : मिथिलेश

बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के मंजूरा निवासी पेशे से पेंटर व पंचायत स्तरीय स्वयंसेवक मिथिलेश महतो ने बताया कि महंगाई के कारण घर का खर्च मैनेज करना मुश्किल हो गया है. मध्यमवर्गीय परिवार होने के नाते अब खेती किसानी भी लगातार घाटे में चल रही है, इस स्थिति में खाद्य पदार्थों की कीमत घटने का नाम नहीं ले रही है. साथ ही सब्जियों की कीमत भी बढ़ती ही जा रही है. दूध की कीमत तो पहले से ही बढ़ी हुई है. सरकार को इन खाद्य पदार्थों की कीमत कम करने की दिशा में कोई ठोस पहल करने की जरूरत है.

### महंगाई कम हो तो संभल सकती है आर्थिक स्थिति,सरकार पर दबाव बनाया जाए : प्रदीप

बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के सुरजुडीह निवासी बीमा कार्यकर्ता प्रदीप मुखर्जी का कहना कि महंगाई का असर हर घर परिवार को झेलना पड़ता है. सुबह होते ही चाहे खाद्य पदार्थ की जरूरत हो या सब्जियों की बढ़ती कीमत से लोगों को परेशानी होती है. अगर समय समय पर महंगाई कम हो तो लोगों की आर्थिक स्थिति संभल सकती है. पिछले कई सालों से इन पदार्थों की कीमत घटने का नाम ही नहीं ले रही है. मध्यमवर्गीय परिवार बढ़ती महंगाई से सबसे ज्यादा परेशान हैं. महंगाई कम हो इसके लिए प्रतिनिधियों को सरकार पर दबाव बनाना चाहिए.

### किसान वर्ग महंगाई से खासा परेशान : जगेश्वर

कसमार प्रखंड के बगियारी निवासी वनकर्मी जगेश्वर गोसाई का कहना है कि कम मासिक आय प्राप्त कर किसी तरह घर चलानेवाले लोगों के लिए महंगाई परेशानी का कारण है. खासकर खेती-किसानी कर ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश लोग अपनी जीविकोपार्जन करते हैं. इसलिए महंगाई की मार से हम सभी परेशान हैं. महंगाई को लेकर हर रोज विभिन्न मीडिया के माध्यम से पता चलता है कि लगातार धरना प्रदर्शन व कार्यक्रम होते रहते हैं, लेकिन सरकार इसपर ध्यान नहीं दे रही है. महंगाई कम होना जरूरी है, तभी हमारी परेशानी कम होगी.

### बच्चों की पढ़ाई लिखाई में पड़ रहा असर : मनोहर

कसमार प्रखंड के धधकिया निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व राशन दुकानदार मनोहर मुंडा का कहना है कि महंगाई का असर हम जैसे मध्यमवर्गीय परिवार पर सीधे तौर पर पड़ रहा है. इसके कारण बच्चों की पढ़ाई लिखाई व उसके कैरियर के लिए घर खर्च में कटौती करनी पड़ रही है. स्कूल में पढ़नेवाले बच्चों को नियमित रूप से दूध का पूरक आहार हर रोज देना पड़ता है.

## हजारीबाग

### महंगाई से प्रभावित हो रहा धंधा : नरेश केसरी

बरही चौक में दुकान संचालक नरेश केसरी ने कहा कि महंगाई से धंधा प्रभावित हो रहा है. पहले की तुलना में ग्राहकों की संख्या घटी है. ग्राहक कम खरीदारी कर रहे हैं. दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुओं की कीमत बढ़ने से बाजार और घर के किचन में भी असर दिख रहा है. महंगाई को नियंत्रित करने की जरूरत है, ताकि ल

### महंगाई के कारण धंधा प्रभावित : रंजीत कुमार

दारू के रंजीत कुमार कहते हैं कि महंगाई के कारण धंधा फल-फूल नहीं रहा है. घर चलाना मुश्किल हो गया है. पहले बिहार में सिलाई का काम करते थे. लॉकडाउन में घर लौटे, तो गोलगप्पे बेचने का धंधा शुरू कर लिया. पहले 10 रुपए में छह गोलगप्पे खिलाते थे. अब चार से ज्यादा पोसाई नहीं पड़ता है. महंगाई के कारण गिनती कम की, तो ग्राहकों की संख्या घटने लगी. पहले प्रतिदिन पांच सौ कमाई हो जाती थी. अब 200 रुपए के गोलगप्पा बेचना भी मुश्किल हो गया है.

### होटल में खाने से कतराने लगे हैं लोग : दिनेश

झुमरा के दिनेश महतो कहते हैं कि महंगाई के कारण लोग होटल में खाने से कतराने लगे हैं. उनकी मिठाई की छोटी सी दुकान है. समोसे, चाय आदि भी बेचते हैं. पहले की तुलना में काफी फर्क पड़ गया है. पहले सात सौ के आसपास कमा लेते थे. अब पांच सौ की कमाई भी नहीं हो रही है. दाम बढ़ाने पर रसगुल्ले की बिक्री भी कम हो गई है.

### महंगाई ने परेशान कर रखा है : जयप्रकाश कुशवाहा

दारू में 20 वर्षों से होटल चला रहे जयप्रकाश कुशवाहा कहते हैं कि अब वैसी बिक्री नहीं रह गई. आटा, मैदा, रिफाइन सबके रेट बढ़ गए. मिठाई और समोसे का दाम बढ़ाया, तो ग्राहक विरोध करते हैं और बिना खरीदारी के चले जाते हैं. पहले से बिक्री प्रभावित हुई है. परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है, तो होटल कैसे चलाएंगे, समझ में नहीं आ रहा.

### काम के लिए पति को जाना पड़ा मुंबई : रेखा देवी

दारू की रेखा देवी कहती हैं कि महंगाई के कारण घर चलाना मुश्किल हो गया, तो पति मुंबई में काम करने चले गए. वह अपनी बेटी के साथ ठेले पर दुकान चला रही हैं. दुकान में बिक्री भी कम हो गई है. घर चलाने में आफत है. सरकार गरीब की परवाह नहीं कर रही है. जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है आने वाले दिनों में लोगों की मुश्किलें और भी बढ़ जाएगी.

### मंदा पड़ गया है होटल का धंधा : उमेश प्रसाद

दारू के उमेश प्रसाद कहते हैं कि 35 साल से वह होटल चला रहे हैं. लेकिन इस बार होटल का धंधा मंदा पड़ गया है. एक तो सामान्य के मूल्य में बढ़ोतरी हो गई है और ऊपर से ग्राहकों की भी कमी हो गई. ऐसे में आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपया वाली कहावत चरितार्थ हो गई है. सरकार को मध्यमवर्गीय और निम्नवर्गीय परिवार के दर्द को नहीं समझ रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### 19 हजार छीन कर अपराधी हुए फरार

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद थाना अंतर्गत रातडीह के समीप एक व्यक्ति के साथ लूट की घटना घटी है. पीड़ित व्यक्ति सोमर विश्वकर्मा रातडीह के पास लोहार का दुकान चलाता है. बताया गया कि वह रातडीह स्थित बैंक ऑफ इंडिया से 19 हजार रुपए निकाल कर अपने दुकान के पास पहुंचा था. तभी बाइक पर सवार दो अपराधियों ने उसके पास से रुपया रखा हुआ थैला झपट्टा मार कर फरार हो गए. बताया गया कि पीड़ित व्यक्ति पैसे रखा हुआ थैला अपने बगल में दबा कर अपनी दुकान का दरवाजा खोल रहा था. इसी दौरान अपराधकर्मी वहां पहुंचे. और व्यक्ति उसके पास पहुंचा और बातों में उलझा कर रुपया रखा हुआ थैला छीन कर फरार हो गया. घटना की सूचना बेंगाबाद पुलिस को मिलने के बाद पुलिस हरकत में आई और अपराधियों की तलाश में जुट गई है.

### पीएम के आगमन को लेकर हुई बैठक

**चाईबासा।** राज्य स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातु आएंगे प्रधानमंत्री के प्रस्तावित इस कार्यक्रम को लेकर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा की उपस्थिति में तैयारी बैठक सम्पन्न हुई. इस बैठक में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई. बैठक कड़िया मुंडा , प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा , प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू , प्रदेश मंत्री गुड्डू जी सुबोध, शैलेंद्र सिंह एवं सतीश पुरी ,विजय महतो , गूंजन यादव, नन्दजी राम ,विनोद सिंह आदि शामिल थे.

### डॉक्टर की मौत को लेकर निकाला कैंडल मार्च

**जमशेदपुर।** रांची के रिम्स में जूनियर डॉक्टर मदन कुमार एम की मौत के बाद शुक्रवार को एमजीएम मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजली दी. यह कैंडल मार्च कॉलेज परिसर से निकलकर डिमना चौक तक गया. इस दौरान कॉलेज के कई छात्र और इंटर्न मौजूद रहे. छात्रों ने कहा कि यह आत्महत्या है या मदन की हत्या की गई है इसकी हाई लेवल जांच की जाए. इसके अलावा मेडिकल कॉलेज में इस तरह की घटना ना हो इसका भी ध्यान रखा जाए.

### एसडीओ ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महापर्व को देखते हुए छठ घाटों के साफ सफाई को लेकर जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है. इस क्रम में शुक्रवार को एसडीओ धालभूम पीयूष सिन्हा ने जुगसलाई के महाकालेश्वर छठ घाट और बागबेड़ा के बड़ौदा घाट कि निरीक्षण किया गया. इस दौरान घाट की साफ सफाई, छठ घाट पहुंचने वाले संपर्क सड़कों का रिपेयरिंग, छठ घाट एवं उसके आसपास ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिए.

### कबड्डी टीम ने प्राचार्य को सौंपी दो चैंपियन ट्रॉफी

**घाटशिला।** घाटशिला कॉलेज की कबड्डी महिला एवं पुरुष टीम के खिलाड़ियों ने दो विजेता चैंपियन ट्रॉफी प्राचार्य डा. आर के चौधरी को प्राचार्य कक्ष में उनसे मिलकर शुक्रवार को सौंपा. यह चैंपियन ट्रॉफी इन्हें पिछले सप्ताह जमशेदपुर के एग्रिको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में लगे खेल मेला के कबड्डी टूर्नामेंट में मिला था. इस टूर्नामेंट में आठ टीमें भाग ली थी. इसमें घाटशिला कॉलेज की पुरुष एवं महिला दोनों टीमें चैंपियन बनी. घाटशिला कॉलेज के पुरुष टीम में सुमन महतो, भावेश कुमार भकत, रामेश्वर मार्डी, कैलाश दास, आदि मुख्य रूप से शामिल थे.

### उप नगर आयुक्त ने छठ घाट का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर ।** लोक आस्था का महापर्व छठ के मद्देनजर मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त सुरेश यादव ने शुक्रवार को निगम अंतर्गत कई छठ घाटों का निरीक्षण किया गया. जिसमें वर्कर्स कॉलेज, चाणक्यपुरी, इंटेक वेल ,रामनगर,वास्तु विहार, वैकुंठ नगर, लालजी खटाल , साई सूरज आश्रम , गौड बस्ती ,शक्ति नगर, गोकुल नगर, श्यामनगर, वैकुंठ नगर, आदि छठ घाट का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान उपनगर आयुक्त ने छठ घाटों के साफ सफाई, आसपास के क्षेत्र में खराब स्ट्रीट लाइट के रिपेयरिंग आदि कार्यों के लिए टीम का गठन भी किया गया है.

---

कुलपति, एफए, सीसीडीसी और पूर्व रजिस्ट्रार के बाद बीबीएमकेयू के पूर्व एफओ भी घेरे में

# बीबीएमकेयू के पूर्व एफओ पर होगी विभागीय कार्रवाई

**संवाददाता। धनबाद**

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) में भ्रष्टाचार के आरोप में जांच व कार्रवाई की प्रकिया जारी है. इसको लेकर राजभवन ने दो नवंबर को अंतिम आरोपी पूर्व एफओ डॉ. मुनमुन शरण पर भी कार्रवाई के आदेश दिये हैं.

डॉ. मुनमुन शरण का कार्यकाल पूरा हो जाने की वजह से फिलहाल वे पदमुक्त किए जाने की विवि की कार्रवाई से तो बच गए, लेकिन रजिस्ट्रार डॉ. कौशल कुमार ने विभागीय कार्रवाई करने और भविष्य में किसी प्रशासनिक पद से वंचित रखने का आदेश जारी कर दिया है.



**कार्रवाई जारी**

- चारों अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे थे
- पूर्व एफओ डॉ. मुनमुन शरण पर कार्रवाई के आदेश

**सभी आरोपियों पर हुई कार्रवाई**

13 अक्टूबर को पूर्व कुलपति प्रो. शुकदेव भोई, 27 अक्टूबर को वित्त सलाहकार (एफए) संजय कुमार वर्मा को पदमुक्त किए जाने के बाद दो नवंबर को बाकी बचे तीनों आरोपियों पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. सुधीनता सिन्हा, सीसीडीसी डॉ. एके मांझी और पूर्व एफओ डॉ. मुनमुन शरण पर भी कार्रवाई को लेकर राजभवन ने विवि को आदेश दे दिया था. अंतिम पत्र दो नवंबर की देर रात पहुंची.

**कुलपति सहित अन्य अधिकारियों पर थे आरोप**

विवि के पूर्व कुलपति प्रो. शुकदेव भोई एवं चारों अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे थे. राजभवन को मिलने पर जांच टीम ने 18 जुलाई को विवि से कई दस्तावेज जब्त किए थे. आरोपी अधिकारियों व अन्य अधिकारियों से पूछताछ भी की थी. लगभग तीन महीने के बाद राजभवन ने सभी अधिकारियों पर कार्रवाई को अंजाम दिया.

---

## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

हमजैन साहित्य के अनुसार कितने जैन तीर्थंकरों को पारसनाथ की पहाड़ी से मोक्ष की प्राप्ति हुई थी ?– 20

सम्मेद शिखरजी पहाड़ी झारखंड के किस जिले में स्थित है ?– गिरीडीह

किस इतिहासकार के अनुसार झारखंड क्षेत्र चन्द्रगुप्त मौर्य के साम्राज्य में शामिल था ? – आर. रामशास्त्री

अशोक के किस शिलालेख में झारखंड क्षेत्र का उल्लेख है ? – 13 वें

किस साहित्य में झारखंड क्षेत्र के लिए कुकुरदेश शब्द का प्रयोग किया गया है ? – अर्थशास्त्र

झारखंड राज्य किस क्षेत्र से इंडोसीथियम सिक्के प्राप्त हुए हैं ? – चाईबासा

किस गुप्त शासक ने झारखंड क्षेत्र में अपना विजय अभियान चलाया था ? – समुद्रगुप्त

ह्वेनसांग के अनुसार किसने संपूर्ण झारखंड क्षेत्र पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया था ? – शशांक

---

बीएमएस ने 24 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि को सौंपा

# झारखंड प्रदेश भारतीय मजदूर संघ का रांची में धरना-प्रदर्शन

**शैलेश सिंह। किरीबुरू**

कर्मचारी एवं श्रमिकों के ज्वलंत समस्याओं को लेकर झारखंड प्रदेश भारतीय मजदूर संघ ने रांची में धरना-प्रदर्शन किया एवं मुख्यमंत्री के नाम 24 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा.

सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि झारखंड सरकार के विभिन्न बोर्ड/कमिटी/परिषद/आयोग आदि में भारतीय मजदूर संघ को उचित भागीदारी दी जाए. झारखंड राज्य स्तरीय त्रिपक्षीय श्रम परामर्श समिति का गठन किया जाए. झारखंड प्रदेश में यूनियनों के निबंधन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध किया जाए. स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी भूमिका निभाने वाली सहिया, सहिया साथी, बी.टी.टी एवं एस.टी.टी को राज्य कर्मचारी घोषित करें. घोषित होने तक समय पर कैडर के समतुल्य वेतन एवं अन्य भुगतान, सामाजिक सुरक्षा, आजीविका वेतन, चिकित्सा, सेवा अवकाश प्राप्ति पर ग्रेज्युटी, अवकाश, महंगाई भत्ता दिया जाए. आंगनबाड़ी कर्मचारी को राज्य कर्मचारी घोषित करें, कर्मचारी घोषित होने तक समय पर वेतन, अन्य भुगतान, सामाजिक सुरक्षा, आजीविका वेतन, चिकित्सा, सेवा अवकाश प्राप्ति पर ग्रेज्युटी, अवकाश एवं महंगाई भत्ता का भुगतान सुनिश्चित की जाए. आंगनवाड़ी सेविका सहायिका को रिटायरमेंट के बाद अन्य राज्यों की भांति एक मुश्त 5 लाख रुपए दिए जाए. सेविका और सहायिका को उनके क्वालिफिकेशन और वरीयता के आधार पर 50 फीसदी सेविका से सहायिका और सहायिका से सेविका के पद पर प्रोन्नति किया जाए. सेविका सहायिका को गर्मी की छुट्टी दी जाए.



**खास बातें**

- भारतीय मजदूर संघ को विभागों में मिले भागीदारी
- सेविका सहायिका को भी दी जाए गर्मी की छुट्टी

**राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का हो गठन**

ज्ञापन में कहा गया कि राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किया जाए. बीओसी में श्रमिक कार्ड बनाने की पद्धति को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए. 2019 से पहले ऑफलाइन कार्ड बना है, उसको ऑनलाइन में परिवर्तित करते हुए सुविधा दी जाए. श्रम विभाग के आयुक्त, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कारखाना निरीक्षक एवं लिपिक वर्गीय रिक्त पड़े पदों को अविलंब भरा जाए. झारखंड राज्य सहकारी बैंक में कार्यरत कर्मचारियों के लिए नीति बनाई जाए.

**पत्रकारों के लिए कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए**

ज्ञापन में कहा गया कि झारखंड राज्य के कामकाजी पत्रकारों के लिए त्रिपक्षीय कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए. झारखंड प्रदेश में कार्यरत मोटिया मजदूरों के लिए कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए. झारखंड प्रदेश श्रमिक निर्यातक राज्य होने के कारण प्रवासी श्रमिक कल्याण बोर्ड की नितांत आवश्यकता है, अविलंब गठन किया जाए. बोर्ड गठन करने के साथ भारतीय मजदूर संघ को बोर्ड में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाए.

**जमीन अधिग्रहण शीघ्र कराई जाए**

झारखंड प्रदेश भारतीय मजदूर संघ ने कहा कि झारखंड प्रदेश के अंतर्गत कोल इंडिया के अनुषांगिक कंपनियों का कोयला उत्पादन हेतु विस्तारीकरण में आए दिन बाधा उत्पन्न हो रही है, जिससे निजात पाने के लिए जमीन अधिग्रहण झारखंड सरकार द्वारा शीघ्र कराई जाए. झारखंड प्रदेश के अंतर्गत कोल इंडिया के अनुषांगिक कंपनियों के लिए झारखंड सरकार के वन विभाग द्वारा कोयला उत्पादन हेतु क्लीयरेंस जल्द कराई जाए.

**कोयला चोरी पर अविलंब रोक लगे**

मजदूर संघ ने कहा कि झारखंड प्रदेश के अंतर्गत कोल इंडिया के अनुसंगिक कंपनियों में भारी मात्रा में हो रहे कोयला चोरी पर अविलंब रोक लगाई जाए ताकि राजस्व की हो रहे भारी नुकसान से बचाया जा सके. कर्मचारी एवं अधिकारी असुरक्षित महसूस कर कर रहें हैं और प्रशासनिक विभाग का सहयोग नहीं मिल रहा है.

**सीटीओ का क्लीयरेंस शीघ्र दिया जाए**

ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड सरकार के अंतर्गत कोल इंडिया के अनुसांगिक कंपनियों में सीटीओ का क्लीयरेंस शीघ्र दिया जाए. केरल की तरह खेतिहर मजदूर कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए. वैसे सीमांत किसान जिनका 5 एकड़ से कम जमीन है, उन्हें कृषि मजदूर का दर्जा दिया जाए.

---

# रांची के फ्लाईओवर आपस में जुड़ेंगे

**विशेष संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार ने कांटाटोली व सिरमटोली फ्लाईओवर को आपस में जोड़ने का निर्णय लिया है. कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दोनों निर्माणाधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण किया था, जिसमें उन्होंने निर्देश दिया था कि महज थोड़े दूरी के लिए इसे छोड़ना उचित नहीं होगा. बहु बाजार योगदा सत्संग के पास कांटा टोली फ्लाईओवर उतर रहा है. इसके बाद सिरम टोली पटेल चौक से सिरम टोली फ्लाईओवर चढ़ेगा जो डोरंडा हाईकोर्ट और मेकन चौक पर उतरेगा. यानि की महज 1.25 किमी का गैप योगदा सत्संग से लेकर सिरम टोली चौक तक जो गेप बच रहा है, उसे जोड़ते हुए कांटा टोली-सिरम टोली फ्लाईओवर को जोड़ने का निर्देश सीएम ने दिया था. जिस पर पथ निर्माण विभाग ने जुडको की सहमति से इसका डीपीआर तैयार किया. इसके बाद इस प्रस्ताव को शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में इसे मंजूरी प्रदान कर दी गयी. इस योजना पर कुल 213 करोड़ खर्च होंगे. प्रोजेक्ट विद्यालय के योग्य टीचर फिर से बहाल होंगेः प्रोजेक्ट विद्यालय में नियुक्त वैसे योग्य टीचर जिनकी अनुशंसा समिति करेगी उन्हें फिर से बहाल किया जाएगा. एसटी, एससी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में प्रशिक्षण कार्य के लिए तात्कालिक व्यवस्था के तहत सर्विस प्रोक्योरमेंटमें के आधार पर अंशकालिक शिक्षकों से कार्य जाने की एक साल तक अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई. इस बीच नियमित नियुक्ति की भी कार्रवाई अलग से की जाएगी. इससे जुड़े प्रस्ताव को शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी प्रदान की गयी. सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का संचालन पीपीपी मोड पर कराने का निर्णय लिया है. बैठक में गोलाई व घाघरी वीयर योजना का पुनरुद्धार योजना की स्वीकृति दी गयी. इसके तहत शर्तों में बदलाव किया गया है ताकि अधिक एजेंसी भाग ले सके.

**झारखंड कैबिनेट के अन्य निर्णय**

- बासुकीनाथ नगर पंचायत अंतर्गत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंटमें योजना की स्वीकृति दी गई. इसमें 105 करोड़ खर्च किया जायेगा.
- बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद अन्तर्गत अंगीभूत महाविद्यालय साइंस ब्लॉक निर्माण होगा.
- झारखण्ड पुलिस रेडियो ऑपरेटर नियुक्ति नियमावली एवं झारखंड राज्य पुलिस रेडियो में अवर निरीक्षक, वितंतुसंवर्ग नियुक्ति नियमावली में संशोधन की मंजूरी.
- गोलाई वीयर योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहर का लाईनिंग कार्य के प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति.
- घाघरी वीयर योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहर का लाईनिंग कार्य सहित विभिन्न संरचनाओं के मरम्मति कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति.
- संजय कुमार शर्मा, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को विभागीय अधिसूचना संख्या-2920, दिनांक 21.07.2022 द्वारा अधिरोपित दंड के विरूद्ध समर्पित अपील आवेदन को अस्वीकृत करने की स्वीकृति.
- वित्तीय वर्ष 2023-2024 में केन्द्र प्रायोजित योजनान्तर्गत रेप एवं पोक्सो मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए गठित स्पेशल कोर्ट के संचालना की मांग पर 3,63,82,500 रूपए झारखंड राज्य आकस्मिकता निधि से अग्रिम की स्वीकृति.
- भारत के 9 राज्यों से झारखंड राज्य के प्रवासी श्रमिकों के कल्याणार्थ समझौता प्रारूप पर अनुमोदन की स्वीकृति.
- अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में शिक्षण के लिए तत्कालिक व्यवस्था के तहत सर्विस प्रोक्यूरमेंट के आधार पर अंशकालीन शिक्षकों से कार्य लिए जाने की अवधि विस्तार की स्वीकृति.
- स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) विभाग के तहत क्षेत्रीय कार्यालय में प्रमंडलीय संवर्ग के निम्नवर्गीय लिपिकों एवं आदेशपालों के पदों पहचान करने की स्वीकृति.
- झारखंड जगुआर में कार्यरत सभी पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों को दिये जाने वाले विशेष सुविधा/भत्ता को सातवें वेतन पुनरीक्षण के आलोक में पुनरीक्षित करने की स्वीकृति.
- बासुकीनाथ नगर पंचायत अंतर्गत ठोस कचरा मैनेजमेंट योजना के पीपीपी मोड पर चलाने की स्वीकृति.
- सरायकेला-खरसावां जिले के मजनाघाट (सरायकेला-चाईबासा मुख्य पथ) से तेलाईहाता (चाईबासा-राजनगर मुख्य पथ) भाया सिदाडीह पथ का चौड़ीकरण सौद्रर्यीकरण के लिए ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव की स्वीकृति.

---

ई-कॉमर्स कंपनियों के कस्टमर केयर बनकर लोगों को बनाते थे निशाना

# आठ साइबर अपराधी गिरफ्तार

**संवाददाता। जामताड़ा**

गुप्त सूचना के आधार पर नारायणपुर एवं करमाटांड़ थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर छापेमारी कर पुलिस ने कुल आठ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है. जिसमें तीन साइबर अपराधी बापन दास चंदन मंडल तथा अर्जुन मंडल पूर्व में जेल जा चुका है. उनके विरुद्ध जामताड़ा के अलावे छत्तीसगढ़ दुर्ग में भी मामला दर्ज है.

मामले का खुलासा एसपी अनिमेष नैथानी ने पुलिस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया. एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसपी ने प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रशेखर कुमार के अगुवाई में टीम गठित की. जिसमें साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार सहित अन्य पुलिस वालों को शामिल कर छापेमारी कार्रवाई गई. जिसमें करमाटांड़ थाना क्षेत्र से अर्जुन मंडल, चंदन कुमार मंडल, सुरेश मंडल, किशोर मंडल और विशाल मंडल को गिरफ्तार किया गया है. इनके पास पास से 10 मोबाइल और 16 सिम कार्ड बरामद किया गया है. वहीं, नारायणपुर थाना क्षेत्र में की गई छापेमारी में बापन दास, वरुण दास और अशोक रविदास को गिरफ्तार किया गया है. इनके पास से पांच मोबाइल फोन, 8 सिम कार्ड और एक डायरी बरामद किया गया है. एसपी ने बताया कि सभी साइबर अपराधी केवाईसी अपडेट करने के नाम पर तथा गूगल में विभिन्न ई-कॉमर्स कंपनियों के कस्टमर केयर बनकर लोगों को झांसा में लेकर साइबर ठगी की घटना को अंजाम देते हैं.



### जांच के दौरान 35 वाहनों से लगभग तीन लाख रुपये का जुर्माना

**बेरमो।** दूसरे राज्यों से बिना परमिट के आने वाले वाहनों पर कार्रवाई के लिए 03 नवंबर को बोकारो थर्मल के विभिन्न चौक-चौराहों पर विशेष रूप से सघन वाहन जांच अभियान जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर के द्वारा चलाया गया. इस दौरान बीटीपीएस मोड़ पर जांच के दौरान बिना मानक के चलाने वाले करीब 35 वाहनों को पकड़ कर, लगभग 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. इस दौरान डीटीओ बोकारो ने बताया कि मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जो बिना मानक के वाहन चलाने वाले चालकों को सबक सिखाया तथा उनपर आर्थिक जुर्माना लगाया गया. साथ ही दूसरे राज्यों से बिना परमिट के आने वाले वाहनों पर जांच अभियान चलाया जा रहा है. इस तरह का जांच जिले में लगातार चलाया जाएगा.

---

# बेमौसम बारिश से किसान चिंतित

**संवाददाता। चांडिल**

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर के वक्त अचानक मौसम ने करवट लिया. आसमान में काले बादल मंडराने लगे और देखते ही देखते बादल बारिश की बूंदे बनकर बरसने लगे. बेमौसम बारिश से एक ओर जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया वहीं बारिश का असर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरों के रूप में देखने को मिला. धान का फसल जब पकने लगा है, ऐसे में वक्त में बारिश फसल को नुकसान पहुंचा सकता है. एक तो समय पर बारिश नहीं होने के कारण किसान सही ढंग से खेती नहीं कर पाएं है. अब जो खेती हुआ है वह भी बारिश की भेंट चढ़ने वाली है. अगर क्षेत्र में मूसलाधार बारिश हुई तो खेत में पकने वाले धान की फसल को नुकसान पहुंच सकता है. क्षेत्र के किसान दोहरी मार झेलने पर विवश नजर आ रहे हैं. धान की फसल पकने के वक्त पिछले कई सालों से जंगली हाथियों का झुंड पहुच रहा है. हाथियों का झुंड पक रहे धान की फसल को अपना निवाला बनाते हैं और रौंदकर फसल को बर्बाद करते हैं. वहीं इस वर्ष हाथी के साथ बेमौसम बारिश भी धान की फसल को नुकसान पहुंचाने के लिए बेकरार है. ऐसे दोहरे मार से किसान चिंतित हैं. शुक्रवार को चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में कहीं रिमझिम तो कहीं झमाझम बारिश हुई.



### 48 घंटे बाद गिरने लगेगा तापमान, ठंड देगी दस्तक

**धनबाद।** तीन नवंबर को धनबाद जिले में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे. जिले के अलग-अलग हिस्सों में कहीं बूंदाबांदी तो कहीं हल्के दर्ज की बारिश हुई. दोपहर के पहले और बाद में कुछ देर के लिए धूप खिली. दिन के अधिकतर समय आसमान बादलों के कब्जे में रहा. बादलों की वजह से दिन का अधिकतम तापमान पिछले दिन की अपेक्षा एक डिग्री सेल्सियस गिरकर 32 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गइ, जबकि न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. 24 घंटे बाद से गिरने लगेगा न्यूनतम तापमानमौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार चार नवंबर को भी धनबाद जिले में बादल छाए रहने की संभावना है.

---

योजना के क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में हुई बैठक

# 15 नवंबर से होगी मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की शुरुआत

**संवाददाता। जमशेदपुर**

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई. बैठक में उक्त योजना को लेकर 10 प्रखंडों (जमशेदपुर सदर छोड़कर) से आए बस रूट के 23 प्रस्ताव पर विचार विमर्श करते हुए पारित किया गया. जिसमें 15 बसों का परिचालन किया जाएगा.

**आवागमन व्यवस्था बेहतर बनाना मुख्य उद्देश्यः** उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में सड़क परिवहन और आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाना है. जिसको देखते हुए जिले के दूर-दराज गांव में रहने वाले लोगों को सुलभ परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अस्पताल, विद्यालय, कॉलेज, साप्ताहिक हाट, स्थानीय बाजार और रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थलों, प्रखंड, अनुमंडल व जिला मुख्यालय को ध्यान में रखकर रूट बनाया गया है. योजना के पहले चरण में 15 रूट पर बसों को संचालित करने का निर्णय लिया गया है. जिसकी शुरूआत राज्य के स्थापना दिवस 15 नवंबर 2023 से की जाएगी. इस योजना के तहत सभी वरिष्ठ नागरिक, विद्यालय और कॉलेज के विद्यार्थी, दिव्यांग, एचआईवी पॉजिटिव, विधवा और झारखंड आंदोलनकारी को बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा होगी.



बैठक में उपस्थित उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारी

**खास बातें**

- 23 रूट पर 15 बसों का होगा परिचालन
- वरिष्ठ, विद्यार्थी, दिव्यांग के लिए नि:शुल्क बस सेवा

---

# बबन सिंह और सुरेंद्र जिंदल को गिरफ्तार कर ईडी ले गई पटना

**संवाददाता। धनबाद**

बिहार में 250 करोड़ का बालू घोटाला के मामले में धनबाद से ईडी की टीम बबन सिंह और सुरेंद्र जिंदल को गिरफ्तार कर पटना ले गई. जबकि, मिथिलेश सिंह को गुरुवार को ईडी ने पटना से गिरफ्तार किया था. बबन सिंह जय प्रकाश नगर और सुरेंद्र जिंदल चनचनी कॉलोनी धैया का रहनेवाला है. सूत्रों के अनुसार बालू घोटाला के मामले में कुछ माह पूर्व बालू कारोबारी जगनारायण सिंह और उनके बेटे को ईडी गिरफ्तार कर चुकी है. ब्राड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ ईडी कार्रवाई कर रही है. पांच जून को प्रवर्तन निदेशालय ने बिहार- झारखंड के धनबाद और हज़ारीबाग़, पश्चिम बंगाल में छापेमारी की थी. इन दोनों कंपनियां चलाने वालों ने बालू का अवैध खनन कर 250 करोड़ के राजस्व का नुकसान पहुंचाया है. छापेमारी के बाद 60 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया था. डेढ़ करोड़ नकदी समेत 11 करोड़ की प्रॉपर्टी से संबंधित दस्तावेज जब्त किये गए थे. सूत्र बताते हैं कि धंधे में रुपये इनलोगों का लगता था और कारोबार कोई और करता है.



### ब्रीफ खबरें

## बुजुर्ग को पीट-पीट कर मार डाला

**सुपौल ।** सुपौल में जमीन विवाद में बीच बचाव करने गए बुजुर्ग बिजेंद्र मेहता की लाठी-डंडे से पीटकर कर हत्या कर दी. घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया. घटना जदिया थाना क्षेत्र के जदिया पंचायत के फुलकाहा वार्ड नंबर 16 की है. घटना की सूचना मिलते ही जदिया पुलिस मौके पर पहुंच कर हत्या में शामिल एक दर्जन से अधिक महिला एवं पुरुष को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. बताया जाता है कि शिबू मेहता एवं चंदेश्वरी मेहता के बीच सात धुर जमीन को लेकर कई वर्षों विवाद चला आ रहा है.

## दहेज की वजह से विवाहिता की हत्या

**नवादा ।** दहेज की बलिवेदी पर शुक्रवार को नवादा में एक और विवाहिता चढ़ गई. दहेज का बकाया रकम पूरा नहीं होने पर ससुराल पक्ष ने गला दबाकर हत्या कर दी. हत्या की घटना नवादा जिले में मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है. पुलिस के मुताबिक दहेज के बकाया 10 हजार रुपये और अपाची बाइक को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित किया जाता था. दहेज की मांग पूरी नही होने पर ससुराल वालों ने गला दबाकर हत्या कर फरार हो गए. हत्या के बाद मृतका के मायके में कोहराम मचा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

## हत्याकांड में विधायक के देवर का बेटा गिरफ्तार

**नवादा ।** नवादा जिले के नरहट के पीयूष उर्फ छोटू सिंह हत्या के नामजद अभियुक्त हिसुआ के विधायक नीतू कुमारी के देवर सुमन सिंह के पुत्र गोलू कुमार को शुक्रवार को पटना से गिरफ्तार कर लिया गया. रजौली के एसडीपीओ पंकज कुमार ने बताया कि पटना के एक अपार्टमेंट से गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में गोलू ने स्वीकार किया है कि छोटू सिंह उसके साथ रहता था लेकिन एक दिन उसके सोने के महंगे चैन चुरा लिए थे. इसी वजह से गुस्सा में पूछताछ के दौरान चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

# 69000 से ज्यादा पदों पर निकाली बहाली, आवेदन शुरू

संवाददाता । पटना

बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से राज्य में एक बार फिर से शिक्षकों के पदों पर बंपर भर्ती से शुरू हो रही है. बिहार में पहले चरण के लिए भर्ती प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है, जबकि दूसरे चरण के लिए तीन नवंबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है. आवेदन की आखिरी तारीख 14 नवंबर, 2023 है. उम्मीदवार बीपीएससी के वेबसाइट https://www.bpsc.bih.nic.in पर जाकर आवेदन कर सकते है. इस वैकेंसी में कक्षा 6-8 और माध्यमिक कक्षाओं में 9वीं, 10वीं,11वीं और 12वीं के पदों के लिए भर्ती की जाएगी. बीते दिनों 1 लाख 70 हजार

शिक्षक बहाली : दूसरे चरण के लिए प्रक्रिया शुरू



से अधिक पदों पर वैकेंसी के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें से 1 लाख 20 हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दे दिया गया. वहीं दूसरे चरण में 69 हजार से ज्यादा पदों पर बहाली निकाली जा रही है.

माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों के 37,710 पद हैं. वहीं, मध्य विद्यालय के शिक्षकों के 31,982 पद हैं. यह कहा जा रहा है कि इस संख्या में अभी बढ़ोतरी हो सकती है. पहले चरण की नियुक्ति में लगभग 40 हजार पद खाली रह गए हैं. संभावना है कि इन पदों को भी अगली नियुक्ति में जोड़ा जा सकता है.

**दूसरे चरण की तैयारी में जुटा बीपीएससी :** बिहार शिक्षक भर्ती की तरफ से सेकंड फेज के लिए एग्जाम दिसंबर में कंडक्ट हो सकते हैं. आयोग द्वारा जारी सूचना में कहा गया है कि 7 से 10 दिसंबर 2023 में परीक्षा आयोजित की जा सकती है. हालांकि, एग्जाम डेट फिलहाल टेंटेटिव है. शिक्षकों की बहाली के लिए परीक्षा लेने से लेकर रिजल्ट तक में कोई गड़बड़ी न हो, इसको लेकर बीपीएससी एक बार फिर से तैयारी में जुट गया है.

## बेगूसराय में जमीनी विवाद में चली गोली

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में पूर्व से चल रहे विवाद को लेकर बदमाशों द्वारा एक व्यक्ति के घर पर चढ़कर गोलीबारी और मारपीट करते हुए तांडव मचाया है. घटना वीरपुर थाना क्षेत्र के हामोडीह गांव की है. गुरुवार रात पूर्व के मामले को उठाने को लेकर 20-25 बदमाशों ने रामदयाल यादव के घर पर हमला कर दिया. करीब 40 राउंड गोली चलने की बात भी सामने आई है. इस घटना में विजय यादव एवं मुनेश्वर यादव घायल हो गए हैं. एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि गुरुवार रात करीब 23.45 बजे वीरपुर पुलिस को सूचना मिली कि हामोडीह में दो पड़ोसी परिवारों के बीच 2020 से चल रहे भूमि विवाद को लेकर झगड़ा हो गया है.

## आओ जानें

### जानें राजगीर के बारे में

- पटना से 100 किमी दक्षिण-पूर्व में पहाड़ियों और घने जंगलों के बीच बसा राजगीर न केवल एक प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थस्थल है.
- राजगीर मगध भारत के बिहार राज्य के नालंदा जिले में स्थित एक ऐतिहासिक नगर है. यह कभी मगध साम्राज्य की राजधानी हुआ करती थी.
- वसुमतिपुर, वृहद्रथपुर, गिरिब्रज और कुशग्रपुर के नाम से भी प्रसिद्ध रहे राजगृह को आजकल राजगीर के नाम से जाना जाता है.
- जैन धर्म के 20 वे तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ स्वामी के गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान कल्याणक एवं 24 वे तीर्थंकर महावीर स्वामी के प्रथम देशना स्थली भी रहा है.
- जैनग्रंथ विविध तीर्थकल्प के अनुसार राजगीर जरासंध, श्रेणिक, बिम्बसार, कनिक आदि प्रसिद्ध शासकों का निवास स्थान था.

### नीतीश सरकार ने पेंशनधारी को दीपावली से पहले दिया बड़ा तोहफा

# किसानों को मुफ्त में बिजली कनेक्शन मिलेगा, डीए में 4 प्रतिशत की वृद्धि

- किसानों के लिए हर खेत को जल देने के लिए 2,190 करोड़ रुपये स्वीकृति दी

संवाददाता । पटना



राजधानी पटना में नीतीश मंत्रिमंडल की शुक्रवार को बैठक हुई. इस बैठक में कुल 35 एजेंडों पर मुहर लगी. बैठक में नीतीश सरकार ने राज्य कर्मी के साथ पेंशनधारी कर्मचारियों को दिया दीपावली का बड़ा तोहफा दिया है. डीए में चार प्रतिशत की वृद्धि की गई है. वहीं, इस बैठक में सरकार ने किसानों के लिए हर खेत को जल देने के लिए 2,190 करोड़ रुपए स्वीकृति दी है.

सीएम कृषि विद्युत योजना के दूसरे फेज के लिए राशि स्वीकृत की गई है. किसानों को मुफ्त में बिजली कनेक्शन मिलेगा. इसके अलावा शहर से दूर गांवों में इमरजेंसी सेवा की शुरुआत की जा रही है. 112 नंबर पर कॉल कर आकस्मिक सेवा का लाभ अब मिलेगा. पुलिस, एंबुलेंस और आग लगी की घटना की जानकारी इस इंटीग्रेटेड सर्विस में मिलेगी. इसको लेकर सरकार 766 करोड़ 31 लाख रुपए सरकार खर्च करेगी. साथ ही बिहार में चालक भर्ती की नियमावली बदलाव किया गया है. राज्य में हर विभाग में वाहन चालक की बहाली अब तकनीकी चयन आयोग करेगा. वाहन चालक भर्ती एवं सेवाशर्त संशोधन नियमावली 2023 की स्वीकृति दी गई है.

वहीं, जल संसाधन विभाग के 9 एजेंडों पर मुहर लगी. इसके साथ ही पं. चंपारण के लौरिया डिस्टलरी के कर्मियों के बकाया देने की स्वीकृति दी गई है. वहीं, शुक्रवार की कैबिनेट बैठक में सीएम नीतीश के गृह क्षेत्र बख्तियारपुर को लेकर भी एक अहम फैसले पर बैठक में स्वीकृति दी गई. इसके तहत बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत गंगा चैनल के दायें तट पर सीढ़ी घाट के निकट पक्का सुरक्षात्मक कार्य एवं कटाव निरोधक कार्य के लिए छप्पन करोड़ छह लाख रुपए के प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति का प्रस्ताव को मंजूरी दी गई.

### सहरसा में जदयू नेता की गुंडागर्दी

## पुलिस पर पेट्रोल छिड़क कर जान लेने का किया प्रयास

**सहरसा ।** सुशासन की सरकार में बुधवार की देर रात जदयू नेता द्वारा पुलिस पर गुंडागर्दी करने की बात कही जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार अपराधियों को पकड़ने गई पुलिस पर आरोपी द्वारा पेट्रोल छिड़क कर जान लेने का प्रयास किया गया. इसका वीडियो अब सामने आया है. यह वायरल वीडियो सहरसा बस्ती का बताया जा रहा है. इस वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि जदयू नेता पेट्रोल पंप के नोजल से पेट्रोल निकाल कर पेट्रोल छिटते नजर आ रहा है और पुलिस से नोक झोंक भी करते दिख रहा है. जदयू नेता की पहचान ओवैसी करणी उर्फ चुन्ना के रूप में हुई है, जो नगर निगम क्षेत्र के सहरसा बस्ती का रहने वाला बताया जा रहा है.

वहीं, इस पूरे मामले पर सदर थानाध्यक्ष सुधाकर कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान कुछ युवक से पुलिस की बहस हो गई थी. इसके बाद बस्ती के लोगों के द्वारा पुलिस के साथ हाथापाई और मारपीट की गई. इस मामले में कांड दर्ज कर जब अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर ऑफिसर बस्ती में गए हुए थे.

### हावड़ा-दिल्ली रूट पर ट्रेनों का आवागमन ठप

## बर्निंग ट्रेन बनने से बची पुरी-जयनगर एक्सप्रेस

संवाददाता । किउल

राज्य के जमुई जिले में हावड़ा-दिल्ली रूट पर शुक्रवार को बड़ा रेल हादसा होने से टल गया, जिसमें पुरी-जयनगर एक्सप्रेस बर्निंग ट्रेन बनने से बच गई. दरअसल, सुबह हावड़ा-दिल्ली रूट पर सिमुलतला और घोरपड़ान रेलवे स्टेशन के कोटरवा जंगल के पास रेलवे के ओवर हेड तार में आग लग गयी, जिससे तार धू-धू कर जलने लगा. ओवरहेड तार को और प्रभावित करते खंभे के रॉड को तोड़ते हुए ट्रेन आगे जाकर खड़ी हो गई. इस घटना के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया. गनीमत रही कि आग ट्रेन तक नहीं पहुंची. घटना का



रेलवे के ओवरहेड तार में लगी आग

एक वीडियो भी सामने आया है. ड्राइवर ने ओवरहेड तार में जोर की आवाज और आग की लपेट देखी लेकिन ट्रेन की रफ्तार इतनी तेज थी कि ट्रेन रोक पाना संभव नहीं था. ड्राइवर चाह कर भी ट्रेन को नहीं रोक सका और ट्रेन ओवरहेड तार को और प्रभावित करते हुए खंभे के रॉड को तोड़कर आगे जाकर खड़ी हो गई. ट्रेन के ड्राइवर आर बेसरा ने सिमुलतला के ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर महेश कुमार को घटना की जानकारी दी.

घटना के बाद अप लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया. पाटलिपुत्र एक्सप्रेस सिमुलतला रेलवे स्टेशन पर खड़ी है तो वहीं हावड़ा मोकामा एक्सप्रेस घोरपाड़न स्टेशन के पास खड़ी है.

## सर्पदंश से बैंक के युवा कर्मी की हुई मौत

**सहरसा ।** जिले के नगर परिषद सिमरी बख्तियारपुर के समस्तीपुर वार्ड नंबर 13 रजक टोला निवासी युवा बैंककर्मी रंजीत कुमार की मौत सर्पदंश से शुक्रवार के अहले सुबह हो गई. बताया जाता है कि गुरुवार की देर शाम मृतक दूध लेकर घर आने के क्रम में रास्ते मे ही सर्प दंश लिया. मृतक का बड़ा भाई ने बताया कि गुरुवार को उसे सर्प ने डंस लिया. उसे बेहोशी आने पर परिजन ने इलाज के लिए सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया. वहां से पटना ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई.

## यज्ञ स्थल पर मची भगदड़, दो महिलाओं की मौत, 3 घायल

**पटना ।** सारण में शुक्रवार को गायत्री महायज्ञ स्थल पर मची भगदड़ में दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं. यज्ञ केंद्र का गेट खुलने के बाद अंदर घुसने के दौरान यह हादसा हुआ है. हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है. यज्ञ केंद्र का गेट खुलते ही शुक्रवार सुबह लोगों की भीड़ अंदर प्रवेश करने लगी. तभी भगदड़ मच गई, जिसमें कई महिलाएं नीचे गिरकर दब गईं. दो महिलाओं ने दम तोड़ दिया. मरने वाली दोनों महिलाएं औरंगाबाद जिले के दाउद नगर की रहने वाली थीं. मौके पर प्रशासनिक महकमे के लोग भी यज्ञ केंद्र पहुंच रहे हैं. उल्लेखनीय है कि इससे पहले गोपालगंज में भी दुर्गा पूजा मेले के दौरान ऐसा ही हादसा हुआ था. 23 अक्टूबर को रेलवे स्टेशन के पास राजा दल पूजा पंडाल में दर्शनार्थियों की भीड़ बेकाबू हो गई थी. इससे भीड़ में दबकर दो महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई जबकि 18 से ज्यादा लोग घायल हुए थे.



## एजिस लॉजिस्टिक्स का मुनाफा 36% बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** एजिस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 35.9 प्रतिशत बढ़कर 126.98 करोड़ हो गया. कंपनी का पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में शुद्ध मुनाफा 93.39 करोड़ रहा था. एजिस लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि हालांकि उसकी आय सालाना आधार पर 2,168.51 रुपये से घटकर 1,279.27 करोड़ रुपये हो गई. कुल खर्च भी घटकर 1,087.25 करोड़ हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 2,040.66 करोड़ रुपये था.

## पटेल इंजीनियरिंग का लाभ 32 करोड़ हुआ

**नयी दिल्ली ।** एकीकृत बुनियादी ढांचा व निर्माण सेवा कंपनी पटेल इंजीनियरिंग का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ में 63 प्रतिशत बढ़कर 32.1 करोड़ रुपये रहा. कंपनी का पिछले वित्त वर्ष दूसरी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 19.7 करोड़ रुपये रहा था. एक बयान के अनुसार, कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 1,021.3 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल समान अवधि में 830.3 करोड़ रुपये थी. प्रबंध निदेशक रूपेन पटेल ने कहा कि राजस्व और लाभांश में वृद्धि से आर्थिक चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया.

## बायर क्रॉपसाइंस का लाभ 222.9 करोड़ हुआ

**नयी दिल्ली ।** बायर क्रॉपसाइंस लिमिटेड (बीसीएसएल) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 37 प्रतिशत उछलकर 222.9 करोड़ रुपये रहा. कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. फसल सुरक्षा और बीज का कारोबार करने वाली कंपनी ने बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 162.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि उसकी कुल आमदनी सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में बढ़कर 1,633.3 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,465.7 करोड़ रुपये थी.

### यूएई के भारत में निवेश करने की बात ने चीन को बेचैन कर दिया है

# यूएई कर सकता है 50 अरब डॉलर का निवेश

एजेंसी । नई दिल्ली

पिछले कुछ सालों से जिस तरह से इकोनॉमी में भारत की साख बेहतर हुई है, उसका असर दिखने लगा है. जो अरब देश कल तक भारत से दूरी बनाकर चल रहे थे, वे अब सीधे हाथ मिलाने को तैयार हो रहे हैं. इसी रास्ते पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) है. दरअसल यूएई ने भारत में बड़े निवेश की बात कही है. यह जहां भारत के लिए अच्छा संकेत है, वहीं चीन के लिए किसी झटके से कम नहीं है. वही चीन जो पिछले कुछ महीनों से इकोनॉमी में अपनी गिरती इकॉनमी को संभालने में जुटा हुआ है. कोविड के बाद से चीन की हालात खराब है. रियल एस्टेट से मिले झटके ने चीन की इकॉनमी की नींव को हिला कर रखा दिया है. चीन की कंपनियां दिवालिया हो रही हैं तो वहीं विदेशी कंपनियां साथ छोड़ रही हैं. इकॉनमी में जान फूंकने के लिए चीन विदेशी निवेश की ताक में है, लेकिन उसमें सुधार के आसार नहीं दिख रहे हैं. वहीं यूएई का यह कदम उसे बेचैन कर सकता है.

संयुक्त अरब अमीरात सरकार ने भारत में 50 अरब डॉलर का निवेश

यूएई में भारतीयों की संख्या अच्छी-खासी है



करने की बात कही है. माना जा रहा है कि यूएई अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भारत में 50 अरब डॉलर के निवेश का ऐलान कर सकता है. इस निवेश की आहट ने चीन की खलबली को बढ़ा दिया है. चीन तिलमिलाया हुआ है. यह निवेश इस बात के संकेत दे रहे हैं कि दुनियाभर के देश भारत की तेज रफ्तार से भाग रही इकॉनमी को देख उसका साथ दे रहे हैं. भारत और यूएई के बीच रिश्ते और मजबूत हो रहे हैं. यूएई से आने वाले इस निवेश से भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और इंफ्रा को काफी मजबूती मिलेगी. भारत की इकॉनमी और मजबूत होगी.

बता दें कि मौजूदा समय में यूएई और भारत के बीच नॉन ऑयल बाइलेटरल ट्रेड 100 अरब डॉलर का हो चुका है. दोनों देशों के बीच कारोबारी रिश्ते और मजबूत हो रहे हैं. बता दें कि यूएई में भारतीयों की संख्या अच्छी-खासी है. यूएई की कुल आबादी में से भारत के लोगों की संख्या करीब 30 फीसदी है. दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते का नतीजा है कि यूएई भारत में अपना निवेश और बढ़ा रहा है.

यूएई और भारत की नजदीकी बढ़ रही है. साल 2014 में पीएम मोदी सत्ता संभालने के बाद यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद

**बढ़ेगी साख**

- भारत को लगातार मिल रहा है विदेशी निवेश
- कोविड के बाद से चीन की हालत खराब है

के बुलावे पर अब तक 5 बार अबूधाबी की यात्रा पर जा चुके हैं. जो दोनों देशों के बीच बढ़ते हुए भरोसे का सबूत है.

देखा जाय तो भारत में निवेश करने के मामले में यूएई चौथा सबसे बड़ा देश है. पिछले साल मई में दोनों देशों के बीच मुफ्त कारोबार एग्रीमेंट हुआ था. पिछले वित्त वर्ष में यूएई से भारत में 3.35 अरब डॉलर का निवेश आया जो 2021-22 में महज 1.03 अरब डॉलर था. यूएई भारत में मुख्य रूप से सेवाओं, समुद्री परिवहन, ऊर्जा और विनिर्माण क्षेत्रों में निवेश करता है. दोनों देशों के बीच निवेश के तेजी से मजबूत होने का श्रेय मजबूत द्विपक्षीय संबंधों, यूएई से निवेश प्रतिबद्धताओं में वृद्धि व व्यापार करने में आसानी के लिए नीतिगत सुधारों को दिया जा सकता है.

## कोयला उत्पादन 18.59 प्रतिशत बढ़कर हुआ 7.86 करोड़ टन

**नयी दिल्ली ।** भारत में अक्टूबर में कोयला उत्पादन 18.59 प्रतिशत बढ़कर 7.86 करोड़ टन रहा. देश में पिछले साल समान अवधि में कोयला उत्पादन 6.63 करोड़ टन रहा था. कोयला मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र वाली कंपनी सीआईएल का कोयला उत्पादन इस साल अक्टूबर में 15.36 प्रतिशत बढ़कर 6.10 करोड़ टन रहा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 5.29 करोड़ टन था.

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान है. वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-अक्टूबर में उत्पादन बढ़कर 50.70 करोड़ टन हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में यह 44.84 करोड़ टन था. अक्टूबर में कोयले की आपूर्ति बढ़कर 7.93 करोड़ टन हो गई, जबकि पिछले साल समान अवधि में यह 6.71 करोड़ टन थी. मंत्रालय ने कहा, उत्पादान और आपूर्ति में बढ़ोतरी देश की बढ़ती ऊर्जा आत्मनिर्भरता को रेखांकित करता है. यह आगामी ऊर्जा मांगों को पूरा करने के हमारे दृढ़ संकल्प को सुदृढ़ करता है.




## रेमंड समूह मैनी प्रिसिजन में हिस्सेदारी खरीदेगा

एजेंसी । नयी दिल्ली

रेमंड समूह ने अपने मौजूदा इंजीनियरिंग कारोबार को और मजबूत करने के लिए 682 करोड़ रुपये में मैनी प्रिसिजन प्रोडक्ट्स लिमिटेड में 59.25 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की योजना बनाई है. रेमंड लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि मैनी प्रिसिजन प्रोडक्ट्स लिमिटेड की एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक वाहन तथा रक्षा क्षेत्र में उपस्थिति है.

अधिग्रहण को ऋण तथा आंतरिक संसाधनों द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है. कंपनी के अनुसार, यह अधिग्रहण एक पूरक व्यवसाय के साथ रेमंड के मौजूदा इंजीनियरिंग व्यवसाय को और मजबूत करने का रणनीतिक कदम है, जिसकी एयरोस्पेस, इलेक्ट्रिक वाहन तथा रक्षा के उभरते क्षेत्रों में पहले ही उपस्थिति है. यह अधिग्रहण जेके फाइल्स एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी रिंग प्लस एक्वा लिमिटेड के माध्यम से संपन्न किया जाएगा. एमपीपीएल के संस्थापक गौतम मैनी समेकित इंजीनियरिंग व्यवसाय का नेतृत्व करेंगे. प्रबंध निदेशक गौतम हरि सिंघानिया ने कहा, यह अधिग्रहण हमारे इंजीनियरिंग व्यवसाय की वृद्धि को गति देगा.

### उम्मीद — कंपनी ने मुंबई और दिल्ली में दो खुदरा स्टोर स्थापित किए हैं, जो उम्मीद से बेहतर है

# भारत के बड़े बाजार में एप्पल की हिस्सेदारी कम : टिम

- एप्पल भारत में एक असाधारण बाजार देखता है. कई लोग मध्यम वर्ग श्रेणी में आ रहे हैं, वितरण बेहतर हो रहा है, बहुत सारी सकारात्मकताएं हैं

एजेंसी । न्यूयॉर्क

एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने भारत को कंपनी का एक मुख्य केंद्र करार देते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी दिग्गज की देश के बड़े बाजार में हिस्सेदारी कम है, जबकि वहां काफी गुंजाइश तथा सकारात्मकता है. कुक ने बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम से इतर कहा, भारत में सर्वकालिक राजस्व अर्जित किया गया. हम दोहरे अंकों में मजबूत हुए. यह हमारे लिए



अविश्वसनीय रूप से रोमांचक बाजार है और हम प्राथमिकता से वहां ध्यान दे रहे हैं.

उन्होंने कहा कि एप्पल की बड़े बाजार में हिस्सेदारी कम है और इसलिए ऐसा लगता है कि वहां काफी संभावनाएं हैं. कुक भारत में हार्डवेयर इकाइयों की गति व वृद्धि के अवसर पर किए एक सवाल पर यह बात कही. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एप्पल भारत में एक असाधारण बाजार देखता है. कई लोग मध्यम वर्ग श्रेणी में आ रहे हैं, वितरण बेहतर हो रहा है, बहुत सारी सकारात्मकताएं हैं. कंपनी ने मुंबई और दिल्ली में दो खुदरा स्टोर स्थापित किए हैं. इस पर कुक ने कहा, वे हमारी उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं. यह अब भी शुरुआती दौर में है, लेकिन उन्होंने अच्छी शुरुआत की है और इस समय चीजें जिस तरह से जारी हैं उससे मैं काफी खुश हूं.

**उम्मीद कायम**

- इस तिमाही 89 .5 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया
- पिछले साल से एक प्रतिशत कम रहा राजस्व

एप्पल ने अपने वित्त वर्ष 2023 की 30 सितंबर को समाप्त हुई चौथी तिमाही के वित्त परिणामों की घोषणा की. कंपनी ने इस तिमाही 89.5 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व दर्ज किया. यह पिछले साल से एक प्रतिशत कम है, जब राजस्व 90.1 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था. कुक ने कहा कि एप्पल ने भारत में अभी तक का रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया. साथ ही ब्राजील, कनाडा, फ्रांस, इंडोनेशिया, मैक्सिको, फिलीपीन, सऊदी अरब, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात और वियतनाम सहित कई देशों में सितंबर तिमाही में रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया गया. पिछले कुछ वर्षों में भारत और चीन में एप्पल की विकास गति के बीच तुलना पर किए एक सवाल पर कुक ने कहा, प्रत्येक देश की स्थिति अलग होती है और इसमें तुलना नहीं की जानी चाहिए.

## अरविंद फैशन का अधिग्रहण करेगी रिलायंस रिटेल

एजेंसी । नयी दिल्ली

खुदरा कारोबार से जुड़ी कंपनी रिलायंस रिटेल लालभाई परिवार प्रवर्तित अरविंद फैशन के खुदरा सौंदर्य कारोबार का अधिग्रहण करेगी. अरविंद फैशन ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि कंपनी की पूरी हिस्सेदारी बेचने और हस्तांतरण करने के लिए रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी रिलायंस ब्यूटी एंड पर्सनल केयर लिमिटेड के साथ उसने शेयर खरीद समझौता किया है. अहमदाबाद की कंपनी ने कहा कि समझौते की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अरविंद ब्यूटी ब्रांड्स रिटेल उसकी सहायक कंपनी नहीं रहेगी. बिक्री के संबंध में कंपनी ने कहा, संपूर्ण



इक्विटी हिस्सेदारी की बिक्री और ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए 216 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर सौदा किया गया है. संपूर्ण इक्विटी हिस्सेदारी की बिक्री के लिए खरीद विचार 99.02 करोड़ रुपये है. वित्त वर्ष 2022-23 में अरविंद ब्यूटी ब्रांड्स रिटेल का कारोबार 336.70 करोड़ रुपये था. अरविंद फैशन के एकीकृत राजस्व में इसका योगदान 7.60 प्रतिशत था. रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) आरआईएल (रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड) समूह के तहत सभी खुदरा कंपनियों की होल्डिंग कंपनी है.

## विपक्षी साझापन की चुनौतियां

विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया उड़ान भरने के पहले ही गंभीर चुनौतियों का शिकार होता जा रहा है. ऐसा प्रतीत होता है, मानो हर दल अपनी महत्ता और अधिकतम हिस्सेदारी के लिए दांव खेल रहे हैं. ताजा मामला बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक बयान का है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस पर एक तरह का आरोप लगाया है कि वह विपक्षी गठबंधन इंडिया को गति देने की दिशा में कदम उठाने के बजाय पांच राज्यों के चुनाव में व्यस्त है. नीतीश कुमार ने यह बयान सीपीआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में दिया है. एक ऐसे समय जब पांच राज्यों के चुनाव विपक्षी दलों के भविष्य की संभावनाओं के लिए लगातार महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं अनुभवी नीतीश कुमार के बयान को सामान्य नहीं माना जा सकता है. इसके पहले समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव इंडिया ब्लाक के समक्ष चुनौती पैदा कर चुके हैं. नीतीश कुमार के बयान पर कांग्रेस ने सधी हुई संयमित टिप्पणी की है. कांग्रेस ने पांच राज्यों के चुनाव के महत्व को रेखांकित किया है और इंडिया ब्लॉक की विभिन्न समितियों की सक्रियता की ओर इशारा किया है. इन पांच राज्यों के चुनाव में इंडिया ब्लॉक में किसी तरह का साझापन नहीं बन सका है. मध्य प्रदेश में जहां समाजवादी पार्टी ने बड़ी संख्या में उम्मीदवार उतारे हैं, वहीं आम आदमी पार्टी भी पूरी ताकत से चुनाव लड़ने का प्रयास कर रही है. इसी तरह के हालात राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी हैं. विपक्षी दलों के सभी नेताओं को पता है कि इन सभी राज्यों में एक से डेढ़ प्रतिशत मतों के अंतर का ही खेल होता है. ऐसे में विपक्षी दलों का चुनाव मैदान में किसी तरह का तालमेल का अभाव 2024 की संभावनों के लिए एक बड़ी चुनौती है. ज्यादातर राजनीतिक प्रेक्षक मानते हैं इस समय विपक्षी दलों के बीच का अविश्वास भविष्य में उनके लिए परेशानी का सबब बन सकता है. कांग्रेस को ले कर क्षेत्रीय दलों की समस्या यह है कि कांग्रेस ने जिस तेजी और दृढ़ता से सामाजिक न्याय का सवाल उठाया है, उससे वे परेशान हैं. विपक्षी दलों के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है कि वे आज के समय में आए रणनीतिक बदलावों को ले कर सजग नहीं दिखते हैं. देश की राजनीति पिछले दस सालों में बदल चुकी है. बदले हुए समय के अनुकूल विपक्षी दलों को भी अपनी रणनीति और मुद्दों को परिमार्जित करने की चुनौती दरपेश है. इस संदर्भ में अनेक विशेषज्ञों ने बारबार लिखा है. यह तो तय है कि लकीर के फकीर आज की राजनीति में कामयाबी की दास्तान नहीं लिख सकते. वैश्विक स्तर पर भी तेजी से हालत बदले हैं. भारत की राजनीति में कारपोरेट वर्चस्व एक नई भूमिका में हैं. इसके साथ ही प्रचारतंत्र ने भी एक अलग तरह की भूमिका का चयन कर लिया है. अवधारणाओं यानी नरेटिव की जंग में विपक्ष को यदि टिकना है तो उसे नए तेवर, विचार और रणनीति की जरूरत है.

> भारत की राजनीति में कारपोरेट वर्चस्व एक नई भूमिका में हैं. इसके साथ ही प्रचारतंत्र ने भी एक अलग तरह की भूमिका का चयन कर लिया है. अवधारणाओं यानी नरेटिव की जंग में विपक्ष को यदि टिकना है तो उसे नए तेवर, विचार और रणनीति की जरूरत है.

### सुभाषित

**इह लोकेऽपि धनिनां परोऽपि स्वजनायते।**
**स्वजनोऽपि दरिद्राणां तत्क्षनाद्दुर्जनायते।।**

इस संसार में धनवान से अपरिचित अथवा पराये लोग अपने सगे संबंधियों की तरह सद्व्यवहार् करते हैं, किन्तु दरिद्र निर्धन व्यक्ति से तो उसके अपने ही रिश्तेदार और सम्बन्धी दुष्ट और नीच व्यक्तियों जैसा कुव्यवहार करते हैं. वे ढंग से बात भी नहीं करते और हमेशा अपमानित करते हैं.

# हाय राम, गारंटियों का है जमाना!

**पहले आश्वासन दिये जाते थे. अब तो कई बातों के साथ पूरा समां ही बदल गया है. नेतागण सीधे-सीधे गारंटी देने लगे हैं, जैसा कि पहले कुछ दुकानदार दिया करते थे-एक बार आजमा कर देखें, हमारे यहां शुद्ध देसी घी की मिठाइयां मिलती हैं. ऐसे ही अभी भी खास किस्म के हकीम/वैद्य मरदाना बीमारियों के शर्तिया इलाज की विज्ञापनबाजी किया करते हैं. कुछ अरसा पहले हिमाचल और कर्नाटक में राजनीतिक गारंटियां सुनी गईं. अब छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में सुनी जा रही हैं.**



• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

20-25 वर्ष पहले तक जब कभी चुनाव का समय आता था या कोई बड़ा-छोटा नेता किसी क्षेत्र में भाषण देने आता तो रिक्शे पर या बहुत हुआ तो जीप पर सवार लोग लाउडस्पीकर से अनाउंस करते, आपके इलाके में फलां नेता का फलां जगह पर इतने बजे भाषण होगा. आपसे गुजारिश है कि इस विशाल जनसभा में अवश्य पधारें और अपने प्रिय नेताजी का भाषण सुनकर लाभ उठाएं. मैं काफी सोचकर भी किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाता था कि भाषण सुनने से क्या लाभ होगा. पहले आश्वासन दिये जाते थे. अब तो कई बातों के साथ पूरा समां ही बदल गया है. नेतागण सीधे-सीधे गारंटी देने लगे हैं, जैसा कि पहले कुछ दुकानदार दिया करते थे-एक बार आजमा कर देखें, हमारे यहां शुद्ध देसी घी की मिठाइयां मिलती हैं. ऐसे ही अभी भी खास किस्म के हकीम/वैद्य मरदाना बीमारियों के शर्तिया इलाज की विज्ञापनबाजी किया करते हैं. कुछ अरसा पहले हिमाचल और कर्नाटक में राजनीतिक गारंटियां सुनी गईं. अब छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में सुनी जा रही हैं. इन राज्यों में चुनाव प्रचार शबाब पर है. चार-पांच महीने बाद पूरे देश में ऐसी गारंटियों का तूफान आएगा, जब लोकसभा के चुनाव होंगे. इन गारंटियों का मतलब क्या है? राजनीतिक चेतना का जैसे-जैसे उभार हो रहा है, वैसे-वैसे जनता-नेता-राजनीतिक दलों के बीच परस्पर विश्वास का रिश्ता बड़ी तेजी से रिसता जा रहा है, यही न! थोड़े विचलन के साथ एक जरूरी सूचना. उत्तर प्रदेश शासन ने अपनी मासिक पत्रिका 'उत्तर प्रदेश' का एक महत्वपूर्ण अंक कुछ महीने पहले प्रकाशित किया था. नाम है 'जब्तशुदा साहित्य विशेषांक'. 340 पृष्ठों के इस अंक में पांच दर्जन से अधिक रचनाएं हैं. इस वृहद आयोजन में वह साहित्य संकलित है, जिसे हुकूमत-ए-बर्तानिया ने जब्त कर लिया था. जब्तशुदा साहित्य में छोटी-मोटी कविताएं और गजलें भी शामिल थीं. कई कहानियां, लेख, उपन्यास, नाटक, प्रेस, पत्र-पत्रिकाएं आदि-आदि तो जब्त किये ही गये थे. ब्रिटिश सरकार ने यह तब किया था, जब देश में न तो आवागमन के समुचित साधन-संसाधन विकसित थे, न ही संचार माध्यमों का कुछ अता-पता था. शिक्षा का अभाव था. अधिकतर आबादी खेती-बाड़ी पर आश्रित थी या पशुपालन या छोटा-मोटा व्यवसाय कर अपना गुजारा करती थी. सोचने की बात है, हिंदुस्तान के किसी कोने में कोई गजलगो या कवि किसी गजल या कविता की रचना कर देता था, तो उससे कितनी भीषण आग लग सकती थी या कि उसका प्रसार क्षेत्र कितना व्यापक हो सकता था? इसके उलट संचार-व्यवस्था से लैस आज का भारत किस दौर से गुजर रहा है? अब तो कई संचार माध्यमों की जबर्दस्त प्रसार-क्षमता तो है ही, दूर-दराज के गांवों में भी ह्वाट्सएप्प, टेलीग्राम, फेसबुक, यू ट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर घटनाएं या खबरें तुरंत की तुरंत उमड़ने-घुमड़ने लगती हैं. विश्लेषण चालू हो जाता है. 'निंदक नियरे राखिये...' का चाहे जितना जाप किया जाय, आज भी शासन को यदि लगता है कि कुछ उसके विरुद्ध छप रहा है या ब्रॉडकास्ट हो रहा है तो वह किसी न किसी भांति उस पर अंकुश लगाने का उपाय रच ही लेता है. इस मसले पर गौरांग महाप्रभुओं और देसी शासकों में कोई मूलभूत अंतर नहीं रह गया है. अंग्रेज यहां दमनपूर्वक राज करने आये थे. वह औपनिवेशिक शासन था. अब तो लोकशाही है और देसी शासकों को खुद हम चुनते हैं. ऐसे में गारंटियों का क्या मतलब? यह कश्मकश का अजीबोगरीब दौर है. सवाल भरोसे का है. चंद दिनों पहले तक मिजोरम छोड़कर बाकी चार चुनावी राज्यों की हुकूमतें विगत वर्षों में किये गये कार्यों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते विज्ञापनों की बरसात करती रहीं. नौ अक्टूबर को आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के पूर्व तमाम राजनीतिक दल सेवा का मौका दिये जाने की शर्त पर घोषणाओं का अंबार लगाये हुए थे. खासकर शासक दलों के पसंदीदा अखबारों के चार-चार पन्ने इन घोषणाओं से भरे रहते थे. सियासी दलों ने विज्ञापनों पर बहुत भरोसा न करते हुए एक नयी तरकीब भी निकाल ली है. सत्ताधारी दलों द्वारा किये गये कार्यों के खबरनुमा विज्ञापन इम्पैक्ट फीचर के नाम पर अटे पड़े रहते हैं. यह सब उनके राज्य की भौगोलिक सीमा के अंदर ही नहीं, अपितु उसके बाहर भी मल्टी एडीशन वाले प्रिंट माध्यमों के हर एडीशन की शोभा बढ़ाते रहते हैं. चुनावी भंवर में फंसी सरकारों की तो बात ही छोड़िए, कुछ सरकारें अपनी रत्ती भर उपलब्धियों या यहां तक कि रूटिन टाइप के कार्यों को भी ऐसे ही जैकेट विज्ञापन के तौर पर प्रचारित-प्रसारित करती रहती हैं. सोचने की बात है, सरकारें यदि जनहित में कुछ करती हैं तो जनता पर यह उनका एहसान नहीं है. आखिर वे सत्तासीन करायी ही जाती हैं, ऐसे कार्यों के लिए. यह उनका परम कर्तव्य है. इसके लिए भी विज्ञापनबाजी कर करोड़ों रुपये फूंके जाते हैं. यह रकम निश्चय ही उन राजनीतिक दलों के खाते से नहीं निकलती. यह राशि हमारी, आपकी, इनकी, उनकी सबकी गाढ़ी कमाई से अर्जित टैक्स की होती है या जनहित के नाम पर लिए गए कर्ज की होती है. सभी राज्यों और केंद्र सरकार के पास सूचना एवं जनसंपर्क नामधारी विभाग है. इसके बावजूद वे विज्ञापन आदि के लिए एजेंसियां आउटसोर्स करती हैं. यह कृत्य हर नस्ल की सरकारें करती हैं. मजे की बात यह कि हर राजनीतिक दल अलग-अलग गारंटियां दे रहा है, लेकिन कोई भी यह कहने तक की जहमत नहीं उठाता कि हर किसी को एक समान शिक्षा की गारंटी रहेगी, एक समान स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था रहेगी. यही नहीं होगा, गारंटियां चाहे जितनी दे दी जाएं.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## विद्या की श्रेष्ठता

काकभुशुण्डि जी ने अपनी आत्मकथा सुनाते हुए कहा कि मेरे माता-पिता ने मुझे विद्यालय भेज तो दिया, लेकिन- समझउं सुनउं गुनउं नहिं भावा. अध्यापक लोग जो पढ़ाते थे, उसको मैं सुनता भी था, समझता भी था, पर मुझे प्रिय नहीं लगता था. गरुड़जी ने जब पूछा, महाराज! विद्या तो बड़ी श्रेष्ठ है, परंतु आपको प्रिय क्यों नहीं लगती थी? उस समय उन्होंने एक सुंदर संकेत दिया कि दो पशु हैं. एक गधा और एक गाय. गधे पर आप चाहे जितना बोछ लाद दें वह उसे उठा लेगा और गाय इतना बोझ नहीं ढो पाएगी. गाय जो दूध देती है, वह केवल अपने बछड़ों को नहीं अपितु दूसरों को दूध देकर उनकी भी प्यास मिटाती है, भूख मिटाती है. इसलिए काकभुशुण्डि जी ने कहा, 'गधी विद्या' जो गधों की तरह व्यक्ति को केवल पुस्तकों का बोझ ढोना सिखाती है, उससे मैंने छुट्टी पा ली. उन्होंने शब्द भी यही कहा- कहु खगेस अस कवन अभागी. खरी सेव सुरधेनुहि त्यागी. मुझे तो भक्ति की कामधेनु चाहिए थी, भला यह बोझ ढोनेवाली विद्या को लेकर मैं क्या करता हिरण्यकशिपु खुद भी भक्तिरूपी कामधेनु को प्राप्त करने की चेष्टा नहीं कर रहा है और अपने बेटे प्रह्लाद को भी उसी चिंतारूपी गधी विद्या का ही छात्र बनाना चाह रहा है. पर नारदजी के सत्संग से जिसमें इतना परिवर्तन हुआ है, वह स्वयं तो भक्त है ही और अपने साथियों को भी बैठा करके उनके सामने भगवान की मंगलमय महिमा का गान करता है. इसका अर्थ है कि सत्संग द्वारा हम स्वयं तो अपने जीवन को सन्मार्ग की ओर परिवर्तित करें ही, पर साथ-साथ हमारा कर्तव्य यह भी है कि हम आस-पास वालों तथा अपरिचितों तक को भगवान की भक्ति का संदेश भिजवाएं. और प्रह्लाद ने भी यही किया. जब प्रह्लाद की शिक्षा की परीक्षा का काल आया तो हिरण्यकशिपु ने गुरुजी को आदेश दिया कि आप मेरे पुत्र को मेरे पास ले आवें, मैं उसकी परीक्षा लूंगा. और जब हिरण्यकशिपु प्रह्लाद से पूछता है कि सारी विद्याओं में सर्वश्रेष्ठ क्या है? समस्त विद्याओं का सार क्या है? तो उन्होंने कहा 'रामनाम.' प्रह्लाद का वाक्य सुनते ही हिरण्यकशिपु के क्रोध की कोई सीमा नहींरही. प्रह्लाद का वाक्य सर्वथा उपयुक्त है कि सबका सार 'राम-नाम'है. रामायण में भी इस बात की ओर संकेत किया गया है.

# पश्चिम एशिया में भारत की चुनौतियां

• देशांतर

प्रमोद जोशी

गाजा में चल रही फौजी कार्रवाई और कतर की एक अदालत से आठ भारतीयों को मिले मृत्युदंड और वैश्विक-राजनीति में इस वक्त चल रहे तूफान के बरक्स भारतीय विदेश-नीति से जुड़े कुछ जटिल सवाल खड़े हो रहे हैं. बेशक गाजा की लड़ाई और क़तर के अदालती फैसले का सीधा रिश्ता नहीं है, पर दोनों संदर्भों में देश की पश्चिम-एशिया नीति से नज़दीकी रिश्ता है. पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा की लड़ाई के संदर्भ में हुए मतदान से अलग रहने के बाद भारत की नीति को लेकर कुछ और सवाल पूछे जा रहे हैं. यह प्रस्ताव जॉर्डन की ओर से रखा गया था. इसका अर्थ है कि इसके पीछे अरब देशों की भूमिका थी. ऐसे में उससे अलग रहने के जोखिम हैं, पर यह समझना होगा कि हमास को लेकर अरब देशों की राय क्या है और उन देशों के इजराइल के साथ बेहतर होते रिश्तों की राजनीति का मतलब क्या है. पिछले बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का एक बयान भारतीय मीडिया में काफी उछला था. उसके राजनीतिक निहितार्थ पढ़ने की जरूरत भी है. बाइडन ने कहा था कि 7 अक्तूबर को गाजा में हमास ने जो हमला किया था, उसके पीछे 'भारत-पश्चिम एशिया कॉरिडोर' को रोकने का इरादा था. मुझे विश्वास है कि हमास ने हमला किया तो यह उन कारणों में से एक था. बाद में ह्वाइट हाउस ने सफाई दी कि बाइडेन की टिप्पणी को गलत समझा जा रहा है. संभवतः उनका आशय था कि इजराइल और सऊदी अरब के बीच रिश्ते में धीरे-धीरे हो रहे सुधार ने 'हमास को हमले के लिए प्रेरित किया हो.' इस बात को घुमाकर पढ़ें, तो साफ है कि भारत-पश्चिम एशिया कॉरिडोर की सफलता सऊदी अरब और इजराइल के रिश्तों में सुधार पर निर्भर करती है. रिश्तों में सुधार नहीं होगा तो कॉरिडोर की संभावना धूमिल होगी. पर केवल कॉरिडोर को रोकना हमास एकमात्र लक्ष्य नहीं हो सकता. उसकी दिलचस्पी फिलिस्तीन तक सीमित है, जिसमें इजराइल-अरब रिश्तों की बड़ी भूमिका है. गाजा पर इजराइली कार्रवाई में अब तक 7,700 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं जिनमें से 70 फीसदी स्त्रियां और बच्चे हैं. यह मोटा अनुमान है, तादाद इससे कहीं ज्यादा हो सकती है. दूसरी तरफ हमास के हमलों में 1,400 से ज्यादा लोग मारे गए. इनमें एक संगीत समारोह में शामिल 260 लोग भी थे. ज्यादातर मरने वाले नागरिक थे, सैनिक नहीं. 220 से ज्यादा लोगों को हमास ने बंधक बना रखा है. इसके लिए क्या सिर्फ इजराइल जिम्मेदार है? इन परिघटनाओं के बरक्स संरा में भारत के दृष्टिकोण को देखने और समझने की जरूरत है. संरा महासभा ने शुक्रवार को जॉर्डन के उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया, जिसमें इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष को तुरंत रोकने की मांग की गई है. इस प्रस्ताव पर मतदान के दौरान भारत अनुपस्थित रहा. प्रस्ताव के समर्थन में 120 देशों ने और विरोध में 14 देशों ने वोट दिया. भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, डेनमार्क, इथोपिया, जर्मनी, ग्रीस, इराक़, इटली, जापान, नीदरलैंड्स, ट्यूनीशिया, यूक्रेन और ब्रिटेन समेत 45 देश अनुपस्थित रहे. भारत के लिए इजराइल के साथ रिश्तों को बनाए रखना भी महत्वपूर्ण हैं. मई 2021 में जब इजराइल का हमास से टकराव चल रहा था, तब भारत ने हमास के खिलाफ सीधा स्टैंड नहीं लिया था, पर अब इजराइल पर हुए आक्रमण का भारत विरोध कर रहा है. यह नीतिगत बदलाव है. इस साल अप्रैल में भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में लाए गए उस प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया था, जिसमें इजराइल से 1967 के बाद से क़ब्ज़े वाले इलाक़ों को छोड़ने के साथ नई बस्तियों की स्थापना और मौजूदा बस्तियों के विस्तार को तुरंत रोकने के लिए कहा गया था. भारत ने फिलिस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार के पक्ष में लाए गए प्रस्ताव का समर्थन भी किया था. इसके साथ यह भी समझना चाहिए कि भारत 1974 में 'फिलिस्तीन मुक्ति संगठन' को फ़लस्तीनी लोगों के एकमात्र और वैध प्रतिनिधि के रूप में मान्यता देने वाला पहला ग़ैर-अरब देश बना था. क़तर में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों की मौत की सज़ा ने भारत के लिए एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है. विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत सरकार इस फैसले से स्तब्ध है, लेकिन वह इस समस्या को सुलझाने के लिए सारे कानूनी रास्ते तलाशेगी.

> ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का एक बयान भारतीय मीडिया में काफी उछला था. उसके राजनीतिक निहितार्थ पढ़ने की जरूरत भी है. बाइडन ने कहा था कि 7 अक्तूबर को गाजा में हमास ने जो हमला किया था, उसके पीछे 'भारत-पश्चिम एशिया कॉरिडोर' को रोकने का इरादा था.

# चांद के सपनों की दुनिया और विज्ञान

• विज्ञान

क्षमा शर्मा

चांद पर लैंड रोवर उतरा और रोवर अठखेलियां करने लगा, वहां के गड्ढों की तस्वीरें दिखाई देने लगीं, लगातार उल्कापात की बात होने लगी, वहां के अलग-अलग तापमान को बताया जाने लगा, तो सोशल मीडिया और बहुत- सी जगह बहस शुरू हो गई कि अब कोई भी चांद जैसा मुखड़ा नहीं कहेगा. न उपमा, न उपमान चांद से दिए जाएंगे. न कोई अपनी महबूबा को देखकर कहेगा कि चांद जैसी सुंदर दिखती हो. ये सब बातें अब गप्प मान ली जाएंगी. कोई इन पर विश्वास नहीं करेगा. क्योंकि चांद पर न जीने लायक परिस्थितियां हैं, न वहां हवा है, पानी भी उस तरह से नहीं जैसे कि धरती पर. चांद पर जमीन ऊबड़-खाबड है, वहां कोई ऐसा वातावरण भी नहीं, जिसमें मनुष्य जी सके, यहां तक कि चलना भी दूभर है, इन बातों को तो हम तभी से जानते हैं, जब से मनुष्य के पहले कदम वहां पड़े. तब से अब तक दशकों बीत गए, लेकिन कवियों लेखकों को चांद उसी तरह लुभाता रहा. इस जानकारी से किसी की कल्पना में कोई फर्क नहीं पड़ा. वे कहते ही रहे चांद मेरा दिल चांदनी हो तुम. अब भी ऐसा कुछ होगा, कहा नहीं जा सकता. आम आदमी के लिए भी न तो चांदनी की शीतलता बदल जाएगी न पूर्णिमा के चांद को निहारने का सुख ही. न चांद से जुड़े मिथ ही. कई बार सोचती हूं कि पूर्णिमा के दिन जो ज्वार भाटा आता है, मानसिक रोगियों के लिए आफत भी आखिर चांद के गड्ढों का या तमाम खोजों का उन पर क्या असर पड़ेगा. वहां के तापमान को जानकर क्या चांद का हिमांशु नाम बदल दिया जाएगा. जब भी चांद की बात होती है, हर धरतीवासी को वह एक कोमल सी चीज लगती है. यों भारतीय वैज्ञानिकों ने बहुत पहले चांद के बारे में कुछ-कुछ वैसी ही बातें कही थीं, जो चंद्रयान आदि बताते हैं. बचपन की बात है. दादी की मृत्यु हो गई थी. तब रोते-रोते मां से पूछा-दादी कहां गई. मां ने कहा –दादी कहीं नहीं गई हैं. वह तो चांद पर रहने चली गई हैं. वहीं से हम सबको देखती हैं. यह सुनकर मन को बहुत राहत मिली कि बेशक दादी दूर चली गई हैं, लेकिन वह कहीं तो हैं. वहां से हमें देख भी रही हैं. लेकिन मनुष्य के पहले कदमों के बाद जब खबरें आने लगीं कि चांद पर तो कुछ भी नहीं है, वहां तो कोई रह ही नहीं सकता, तो दिल टूट गया. रोना आने लगा. आखिर मां ने तो कहा था कि दादी वहां हैं. चाचा भी वहीं होंगे. बचपन में गुजरे भाई भी नाना, मामा, बाबा, नानी सब वहां होंगे. कहां गए सब. कभी-कभी सचाई से सामना मन को बहुत व्यथित भी करता है और बाल मन को तो कुछ ज्यादा ही, क्योंकि बच्चे हमेशा कल्पना की दुनिया में रहते हैं. सोचें कि वहां चांद की किसी बदसूरती का जिक्र नहीं था. यह कार्यक्रम मनुष्य के चांद पर कदम रखने के कई साल बाद प्रसारित हुआ था. सच तो यह है कि चांद माने ही सुंदरता है, कोमलता है, जीवन के उजले पक्ष हैं. विज्ञान जो कहता है, वह अपनी जगह है, लेकिन पब्लिक परसेप्शन अपनी जगह. चांद के इस उजले पक्ष को हमारे संस्कृत साहित्य, हिंदी साहित्य और फिल्मों ने भी खूब जगह दी है. चांद का अर्थ ही प्रेम और रोमांस है. हिंदी फिल्मों की भी मुख्य थीम यही तो है. और ज्योतिष में तो मन का स्वामी ही चंद्रमा है. इसलिए मन को स्वस्थ रखने के लिए चांद की आराधना, मंत्र और पूजा की बात की जाती है. चांद समुद्र मंथन से निकला था, इसलिए चांद को खुश रखने के लिए समुद्र से निकला सफेद मोती भी पहनाया जाता है. चांद का रंग सफेद ही माना जाता है. ऐसे ही धीरे-धीरे चल चांद गगन में, खोया-खोया चांद खुला आसमान, आंखों में सारी रात जाएगी, हमको भी कैसे नींद आएगी, चौदहवीं का चांद हो या आफताब हो, ये चांद सा रोशन चेहरा, चेहरे का रंग सुनहरा, चंदा रे चंदा कभी तो जमीन पर आकर बैठेंगे, चांद ने कुछ कहा, रात ने कुछ कहा, जाने कितने दिनों के बाद गली में आज चांद निकला, चांद छुपा बादल में, चंदा मामा सो गए, सूरज चाचू जागे. इन गानों में मनुष्य और चांद के रिश्तों को सहेजा गया है, जो शीतलता और उजाले का पर्याय हैं.

> चांद पर न जीने लायक परिस्थितियां हैं, न वहां हवा है, पानी भी उस तरह से नहीं जैसे कि धरती पर. चांद पर जमीन ऊबड़-खाबड है, वहां कोई ऐसा वातावरण भी नहीं, जिसमें मनुष्य जी सके, यहां तक कि चलना भी दूर्भर है, इन बातों को तो हम तभी से जानते हैं, जब से मनुष्य के पहले कदम वहां पड़े.

### मीडिया में अन्यत्र

## धीमी पड़ रही है आर्थिक रफ्तार

आठ प्रमुख उद्योगों के सितंबर माह के आधिकारिक सूचकांक और मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र से संबंधित अक्टूबर महीने के एसएंडपी ग्लोबल के परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) सहित विभिन्न ताजे आंकड़े आर्थिक विकास की रफ्तार में स्पष्ट नरमी की ओर इशारा करते हैं. सीमेंट एवं कोयले से लेकर इस्पात एवं बिजली तक बुनियादी ढांचे से संबंधित प्रमुख उद्योगों के उत्पादन से जुड़े सरकार के अनंतिम आंकड़े यह दर्शाते हैं कि उत्पादन में साल-दर-साल आधार पर होने वाली औसत वृद्धि की रफ्तार अगस्त में दर्ज की गई 12.5 फीसदी से घटकर सितंबर में चार महीने के निचले स्तर 8.1 फीसदी पर आ गई. आठ क्षेत्रों में से एक को छोड़कर बाकी सभी में विस्तार की रफ्तार सुस्त देखी गई. सिर्फ उर्वरकों में पिछले महीने के मुकाबले वृद्धि दर्ज की गई, क्योंकि किसानों ने रबी सीजन से पहले ही प्रमुख कृषि इनपुट का भंडारण कर लिया था. दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के अंतिम महीने में भारी बारिश, जिसकी वजह से सितंबर महीने में 13 फीसदी अधिशेष वर्षा हुई, ने भी सीमेंट, बिजली और इस्पात की मांग एवं उत्पादन में कमी लाने में योगदान दिया. इनमें से सभी क्षेत्रों में अगस्त महीने में दर्ज की गई दहाई अंकों वाली विकास की रफ्तार में उल्लेखनीय मंदी देखी गई. क्रमिक रूप से, दरअसल सभी आठ क्षेत्रों में उत्पादन में गिरावट आई और कुल सूचकांक अगस्त के स्तर से 4.8 फीसदी नीचे गिर गया. कोयले के क्षेत्र में उम्मीद की किरण दिखी. इस ईंधन के उत्पादन में साल-दर-साल आधार पर होने वाली वृद्धि अगस्त के 17.9 फीसदी से थोड़ी कम होकर 16.1 फीसदी की मजबूत रफ्तार पर बनी रही और उसमें सिर्फ 1.5 फीसदी का ही क्रमिक संकुचन दर्ज किया गया. स्वतंत्र रूप से, अक्टूबर महीने के अद्यतन सर्वेक्षण-आधारित मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े इस चिंता को बल देते हैं कि व्यापक आर्थिक रफ्तार एक बार फिर झोंके के अभाव में कम हो सकती है. मौसमी रूप से समायोजित किए जाने वाले एसएंडपी ग्लोबल इंडिया मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई ने पिछले महीने विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं की मांग में सुस्ती रहने के बीच क्षेत्रवार विकास को आठ महीने के निचले स्तर तक गिरने का संकेत दिया.



(द हिंदू)

### शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## बंद/बंदा/बंदी

**पास** नहीं आना, दूर नहीं जाना, तुमको सौगन्ध है कि आज मोहब्बत बंद है. यह पंक्ति 1974 ईस्वी में आयी फिल्म आपकी कसम के एक गीत की है, जिसे आनंद बक्शी ने लिखा है. बक्शी साहब सुपर हिट गाने लिखने में माहिर थे. फिलहाल, हम उनकी इस पंक्ति के बंद शब्द पर गौर कर रहे हैं, क्योंकि गीतकार ने इसमें मोहब्बत बंद होने की मजेदार कल्पना की है. इसी प्रसंग में शायर जौन एलिया के इस शेर की याद आती है- जानिए उससे निभेगी किस तरह, वो ख़ुदा है मैं तो बंदा भी नहीं. इसमें बंदा शब्द का प्रयोग हुआ है. बंद, बंदा और बंदी ये तीनों शब्द लोकप्रिय है. ये देखने में भले ही एक जैसे लगते हों, लेकिन मायने-मतलब में एक दूसरे बिल्कुल अलग हैं. तीनों के बीच समानता बस इस बात की है कि ये तीनों फारसी मूल के शब्द हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार बंद शब्द का मतलब संज्ञा पुल्लिंग के रूप में है अवरुद्ध, रोक, बांध, मेंड़, कैद, बंधन, अंगों का जोड़, सिला हुआ फीता, जिससे अंगरखा, अंगिया आदि के पल्ले को बांधते हैं, पांच या छह मिसरों के उर्दू-फारसी पद्य का टुकड़ा तथा विशेषण के रूप में रुका हुआ, बंधा हुआ, धरा या पकड़ा हुआ जिसकी गति या क्रिया रुद्ध हो. रोचक तथ्य यह है कि बंद जैसा ही शब्द बंदगी है, लेकिन इसका मतलब है किसी की अधीनता स्वीकार कर लेना, नमस्कार, अभिवादन, सलाम, नमस्ते, ईश्वरीय आराधना, उपासना या पूजा. ऐसा इसलिए कि बंदगी बंदा शब्द से बना है, जिसका मतलब है सेवक, दास, विनय दिखाने के लिए व्यक्ति द्वारा स्वयं के लिए सूचित शब्द. जैसे बंदा हर कार्य के लिए तैयार है, भक्त. बंदी शब्द हिंदी मूल का भी है और फारसी का भी. हिंदी मूल के बंद का मतलब संज्ञा पुल्लिंग के रूप में वंदना करनेवाले, यशगान करनेवाले चारण तथा संज्ञा स्त्रीलिंग के रूप में सिर का एक गहना, बंदनी.

# आओ, चौकीदार-चौकीदार खेलें!

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

शब्द, चौकीदार दो पदों से मिलकर बना है– चौकी+दार. मज़ेदार वह है जो मज़ा दे, असरदार वह है जो असर दे (करे). लेकिन कोई चौकीदार चौकी नहीं देता. पता नहीं वह उसका क्या करता है? उसके पास चौकी होती भी है या नहीं? यह भी नहीं मालूम. जो भी हो, चौकीदारी करने वाला व्यक्ति चौकीदार कहलाता है. सीधी सरल सी बात हैं. किसी भी मोहल्ले में रात में पहरा देने वाले या दिन में देखभाल करने हेतु नियुक्त व्यक्ति को चौकीदार या पहरेदार कहते हैं. चौकीदार चौकी-पहरे का काम करता है. लेकिन चौकीदारी कोई सरल काम नहीं है. चौकीदारी करते समय बड़ा चौकन्ना रहना पड़ता है. चाक-चौबंद. हर तरफ निगाह रखनी पड़ती है. पहरा लगाना पड़ता हैं. कहीं कोई गलत काम तो नहीं हो रहा है? कोई चोरी-चपाटी तो नहीं हो रही है? बहुत सतर्क रहना पड़ता है. उसे चारों तरफ निगाह रखनी होती है. चौकीदार रखवाला होता है. वह 'चौकी' पर तैनात रहता है. उसकी चौकी उसका वह क्षेत्र है जो चौकीदारी के लिए उसे सौंपा गया है. इस क्षेत्र की रक्षा करना उसका काम और कर्तव्य है. चौकीदार कई किस्म के होते हैं. कुछ को चौकीदारी के लिए वेतन मिलता है तो कुछ बिना वेतन लिए ही चौकीदारी करते हैं. कुछ लोग चौकीदारी को अपना धंधा बना लेते हैं और इसके लिए उन्हें वेतन मिलता है. कुछ लोग चौकीदारी प्रत्यक्षतः करते हैं तो कुछ ढंके-छिपे रूप में, चोरी से, चौकीदारी करते हैं. मां बाप अपने बच्चों की पहरेदारी करते हैं कि वे कहीं बिगड़ न जाएं. इसके लिए वे कोई वेतन नहीं लेते. पत्नी, पति की और पति, पत्नी की चौकीदारी करते हैं और इसके लिए वे भी कोई वेतन नहीं लेते. चौकीदार का काम सबपर निगाह रखने का है, लेकिन उसके हज़ार चौकस रहने के बावजूद भी चोर, चोरी से बाज़ भले ही आ जाएं, हेरा-फेरी से बाज़ नहीं आते. अपने धत्काम के लिए अवसर की तलाश में रहते हैं. निगाह हटी और दुर्घटना घटी. और तब सारा दोष चौकीदार को ही दिया जाता है. उसकी आंखों के नीचे काण्ड हो गया, और उसे पता ही नहीं चला! ये कैसी चौकीदारी है? ज़रूर इसमें चौकीदार की ही मिली-भगत रही होगी. बस, गली गली में शोर हो जाता है. चौकीदार चोर है. चौकीदार तो चौकीदार, चौकीदारी में उसका हाथ बंटाने वाला उसका कुता भी चोर है. ऐसे वक्त जो सचमुच चोर हैं वे साहूकार बन जाते हैं और 'चौकीदार चौकीदार' खेलने लगते हैं.



# क्रिकेट से यहां हारा बॉलीवुड !

***मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और श्रीलंका का वर्ल्ड कप मुकाबला देखने सेलिब्रिटी व हाई प्रोफाइल लोग पहुंचते दिखे. इस बीच केएल राहुल के आउट होने के बाद अथिया शेट्टी का रिएक्शन ऐसा रहा कि कैमरा उसी पर बार-बार घूमता नजर आया. मुंह पर हाथ और चेहरे पर उदासी.. आथिया के दिल चूर-चूर अंदाज वाली ये तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं. बॉलीवुड और क्रिकेटर के बीच प्यार-शादी का नाता पुराना है. लेकिन एक सच जरूर ध्यान आकृष्ट करता है कि क्रिकेटर से शादी के बाद हिरोइन पति, परिवार व बच्चों पर इतनी केंद्रित सी हो जाती हैं कि खुद का करियर भूल जाती हैं. ऐसे उदाहरण एक-दो नहीं, कई भरे पड़े हैं.***

एक जमाना था जब बॉलीवुड की हिरोइनें शादी की बात छिपाती थीं. हिरोइन की शादी उनकी करियर में ब्रेक माना जाता था. लेकिन आज का दौर और है. आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, कियारा आडवाणी... इंडस्ट्री में ऐसी कई हिरोइन हैं जो शादी के बाद भी लगातार काम कर रही हैं. शादी या बच्चे होने के बाद भी उनके काम पर असर नहीं पड़ा. लेकिन, इंडस्ट्री में कुछ ऐसी भी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने क्रिकेटर्स से शादी की और पति-परिवार पर ही पूरा ध्यान लगा करियर को भूल बैठीं. आइए, आज उन्हीं हिरोइन की चर्चा करें जिन्होंने शादी के बाद काम से ज्यादा अपने पति, बच्चे और परिवार पर फोकस किया और फिल्मों से तकरीबन आउट हो गईं.

## अथिया शेट्टी



अथिया शेट्टी अपने फिल्मी करियर की शुरुआत निखिल अडवाणी की फिल्म हीरो से किया था. इसके बाद आथिया फिल्म मोतीचूर चकनाचूर में, नवाज़ुद्दीन सिद्दीक़ी के साथ नज़र आईं. इसी साल जनवरी में उन्होंने क्रिकेटर केएल राहुल से शादी की. शादी के बाद अथिया किसी फिल्म में दिखाई नहीं दी हैं.

## हेजल कीच



हेजल कीच भारतीय मूल की ब्रिटिश मॉडल है. बिल्ला व बॉडीगार्ड फिल्मों के अलावा सुजुकी के विज्ञापन से भी उन्हें प्रसिद्धि मिली. कई धारावाहिकों में काम किया है. 12 नवंबर 1915 में युवराज सिंह से इन्होंने शादी की. इसके बाद से काम करना छोड़ चुकी हैं.

## नताशा स्टेनकोविक



नताशा स्टेनकोविक एक सर्बियन एक्ट्रेस, मॉडल और डांसर हैं. फेमस डायरेक्टर प्रकाश झा की फिल्म 'सत्याग्रह' से नताशा ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था. बिग बॉस के 8वें सीजन और बादशाह के सॉन्ग 'डीजे वाले बालू' से पॉपुलेरिटी मिली. नताशा सत्याग्रह, डैडी और फुकरे रिटर्न्स में काम चुकी हैं. 2018 में आई शाहरुख खान की जीरो में नताशा कैमियो रोल में नजर आयी थीं. 2019 में आयी ऋषि कपूर और इमरान हाशमी की द बॉड़ी में नताशा ने एक आइटम नंबर किया था. नताशा ने हार्दिक पांड्या से वर्ष 2020 में कोर्ट मैरिज की. और इसके बाद से फिल्मों में काम करना छोड़ चुकी हैं.

## अनुष्का शर्मा



अनुष्का शर्मा की पहली फिल्म 2008 में रिलीज हुई रब ने बना दी जोड़ी थी. इस फिल्म में वो शाहरुख खान के अपोजिट नजर आई थीं. फिर बैंड, बाजा बारात, एनएच 10, पीके, परी, जीरो आदि कई फिल्मों में अनुष्का का टैलेंट दिखा और जमाना उनका दीवाना हुआ. लेकिन बेटी वामिका के जन्म के बाद से किसी फिल्म में दिखाई नहीं दी हैं. उनकी आखिरी फिल्म 'जीरो' थी, अब वह लंबे समय बाद झूलन गोस्वामी की बायोपिक 'चकदा एक्सप्रेस' में नजर आएंगी.

## रीना रॉय



पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से शादी के बाद रीना रॉय ने फिल्मी दुनिया छोड़ दी. लेकिन, दोनों की शादी कुछ 7 साल तक ही चल पाई और दोनों अलग हो गए.

## गीता बसरा



2007 में आईं 'द ट्रेन' फ़िल्म में इमरान हाशमी के साथ बोल्ड सीन दे चुकीं गीता बसरा ने कई बॉलीवुड फ़िल्मों के साथ पंजाबी फ़िल्मों में भी काम किया है. फिर साल पांच साल एक दूसरे को डेट करने के बाद 2015 में गीता ने टीम इंडिया के स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह से शादी कर ली. शादी के बाद गीता ने इंडस्ट्री से पूरी तरह दूरी बना ली. हरभजन सिंह से शादी के बाद से गीता बसरा फिल्मों में काम करना छोड़ चुकी हैं. अभिनेत्री लंबे समय से किसी फिल्म में दिखाई नहीं दी हैं. दोनों की एक बेटी भी है जिसका नाम हिनाया हीर प्लाहा है.

## संगीता बिजलानी



इंडियन टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अज़हरुद्दीन ने एक्ट्रेस संगीता बिजलानी के साथ शादी की थी. पहली पत्नी से तलाक के बाद अज़हरुद्दीन ने संगीता बिजलानी संग निकाह किया था. क्रिकेटर अजहरुद्दीन से शादी के बाद संगीता बिजलानी ने अपने फिल्मी करियर पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया और बना-बनाया करियर बर्बाद कर दिया. हालांकि, इनका रिश्ता ज्यादा दिनों तक टीक नहीं पाया और बाद में दोनों अलग हो गए थे.

**टाइगर 3 का नया प्रोमो रिलीज**

# सलमान खान के लुक पर एक्साइटेड हुए फैंस

वाईआरएफ ने आज टाइगर 3 का नया प्रोमो शुक्रवार को रिलीज किया. 50 सेकंड के टाइगर इज बैक वीडियो प्रोमो के साथ मेकर्स ने दर्शकों को सरप्राइज दिया है. आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित और मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित, टाइगर 3 इस दिवाली, 12 नवंबर, रविवार को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज़ होनी है. इसके लिए एडवांस बुकिंग भारत में 5 नवंबर से शुरु होने वाली है. बता दें, टाइगर 3 ब्लॉकबस्टर वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की 5वीं फिल्म है.. जो एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर और पठान की घटनाओं पर आधारित है.

**इमरान और सलमान आमने-सामने**




प्रोमो में सलमान खान उर्फ टाइगर एक वन-मैन आर्मी के रूप में नजर आ रहे हैं जो अपने देश की रक्षा करने के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार है. प्रोमो में सलमान और इमरान हाशमी का आमना सामना भी दिखाया गया है. इस एक्शन प्रोमो में सलमान खान को फिल्म में शातिर मास्टरमाइंड और सुपर एजेंट टाइगर के दुश्मन इमरान हाशमी द्वारा धमकी दी जा रही है. दुश्मन किसी भी तरह भारत देश को नष्ट करना चाहता है. लेकिन उससे पहले उसका सामना टाइगर और जोया से होने वाला है.

# बादशाह के लिए तैयार गर्ल्स गैंग !

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के जन्मदिन (2 नवंबर) पर ग्रांड सेलिब्रेशन हुआ जिसमें सिनेमा जगत के तमाम सितारों ने रिश्कत की. इस पार्टी की कुछ तस्वीरें करीना कपूर ने सोशल मीडिया पर शेयर की है जिसमें वे अपनी पूरी गर्ल्स गैंग के साथ नजर आ रही हैं. तस्वीरों में करीना कपूर, करिश्मा कपूर, अमृता अरोड़ा और पूजा ददलानी काफी स्टाइल अंदाज में दिखाई दे रही हैं. करीना ने अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर डालते हुए लिखा, -'बादशाह हम लोग आपके लिए एकदम तैयार हैं.' शाहरुख खान की खास मैनेजर पूजा ददलानी का बर्थडे भी 2 नवंबर को होता है. इसलिए एक अन्य तस्वीर में करीना कपूर ने पूजा के साथ भी तस्वीर शेयर की और कैप्शन लिखा- 'सिनेमा को सेलिब्रेट कर रहे हैं. ये हैं मेरी प्यारी पूजा.'

**लाइम लाइट में यह गैंग**





गौरतलब है कि करीना कपूर की गर्ल्स गैंग हमेशा मीडिया की सुर्खियां बटोरेते रहती हैं. पार्टी हो या फंक्शन या कहीं आउटिंग, गर्ल्स गैंग लाइम लाइट में रहती हैं. इस गैंग में मलाइका अरोड़ा व फेमस सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट और मेकअप आर्टिस्ट मल्लिका भट्ट भी शामिल हैं.

**हस्ताक्षर**

# राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में मिसिंग पहुंच सकती, खोरठा क्यों नहीं !



**विनोद अनुपम**
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

खोरठा, संथाली, नागपुरी, मुंडारी, कुरुख में कितनी फिल्में बनी हैं? यदि बनी हैं तो कितनी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार तक पहुंची हैं, कितनी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, गोवा या फिर कांस तक पहुंची हैं. मिसिंग भाषा में फिल्म बूम्बा राईड देखते हुए सहज ही यह सवाल मन में आता है. जो लोग राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में अपनी भाषा की फिल्म नहीं शामिल होने का दोष संविधान की आठवीं अनुसूची में उसके शामिल नहीं को देते हैं, उन्हें मिसिंग भाषा के फिल्मकारों के बारे में अवश्य जानना चाहिए जिनकी जिद से असम- अरुणाचल प्रदेश के कुछ जिलों में रहने वाली मिसिंग जनजाति के लगभग 7 लाख लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा में उनके बीच की कहानियों पर 'बूम्बा राइड' जैसी यूनिवर्सल अपील की फिल्म बन रही है. लगभग 90 मिनट की 'बूम्बा राइड' ऐसी फिल्म है जिसके हर फ्रेम में मिसिंग जीवन का उतार चढाव दिखता है. अभाव में भी जीवन कितना खूबसूरत और सहज हो सकता है, निर्देशक विश्वजीत बोरा लगता है हर शाट में इसे स्थापित करना चाहते हैं. ठीक है, हमारे जीवन में भौतिक सुविधाएं नहीं हैं, अच्छे खाने नहीं हैं, सुंदर कपडे नहीं हैं, अच्छे घर नहीं है, अच्छे स्कूल नहीं है, सडकें नहीं हैं, पार्क नहीं है, लेकिन सबकी भरपाई अकेले प्रकृति कर देती है. बूम्बा और प्रकृति का सहज आत्मीय संबंध अभावों से घिरे जीवन को प्रदर्शित करती इस फिल्म को कभी उदास नहीं होने देती. मिसिंग जनजाति के लोग आमतौर पर




ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे हैं. कहानी ऐसे ही एक गांव बारमुकोली में फिल्माई गई है. उल्लेखनीय है कि फिल्म के लिए अभिनेताओं का चयन भी उन्हीं सामान्य ग्रामीणों के बीच से किया गया है. अपने अभिनय से शायद वे इसीलिए विस्मित भी करते हैं कि उन्हें अभिनय करना ही नहीं था, जो वे थे, बस वही दिखना था. ऐसा ही कलाकार 8 साल का इंद्रजीत पेगु भी है, जिसने बूम्बा की केंद्रिय भूमिका निभायी है, जिसके छोटे से जीवन में आए 'राइड' के साथ हमारी संवेदनाएं भी उपर नीचे होती है.

खास बात यह कि अपनी स्थानीय पहचान से पूरी ईमानदारी से जुड़ी यह फिल्म पूरे देश के राज्यपोषित प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है. आश्चर्य नहीं कि कांस फिल्म फेस्टिवल तक की सूची में यह फिल्म शामिल होती है. कहानी एक सरकारी प्राइमरी स्कूल की है, जिसमें तीन शिक्षक हैं, लेकिन एक ही विद्यार्थी, बूम्बा. न गांव के लोगों की स्कूली शिक्षा में रुचि है, न शिक्षकों की. एक बूम्बा की मां ही है जो किसी भी परिस्थिति में बूम्बा को पढाना चाहती. बूम्बा को और शिक्षकों को अहसास है कि स्कूल तब तक है, जब तक बूम्बा स्कूल आ रहा. उन्हें अपने वेतन के साथ मिड डे मील के लिए मिल रही सुविधाओं की चिंता है. निर्देशक इस सच्चाई को भी रेखांकित करने से नहीं चूकते कि हेडमास्टर अपनी बेटी को शहर के निजी स्कूल में पढ़ने भेज रहा है.

स्कूल से बूम्बा को कोई लगाव नहीं दिखता, उसकी भी रुचि बस स्कूल में मिल रही सुविधाओं में है. लेकिन एक पदाधिकारी द्वारा जब स्कूल की गड़बड़ी पकडी जाती है, और स्कूल बंद होने की स्थिति में आ जाता, तो बूम्बा को अपनी जवाबदेही का अहसास होता. बूम्बा की कोशिशों से स्कूल भी बच जाता है, पढाई भी बच जाती है और बच्चे भी स्कूल से जुडने लगते हैं. 'बूम्बा राइड' सही मायने में समाज की आखिरी पंक्ति में खडे आखिरी बच्चे के शिक्षा से जुडने की कथा है. यह उम्मीद की कहानी है.

सुखद कि यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित ही नहीं है, यहां सच, सच की तरह दिखता भी है. वास्तव में सिनेमा की सहज होती तकनीक की सार्थकता हिंदी या दक्षिण की मुख्यधारा की सिनेमा से नहीं आंकी जाती, इसके लिए मिसिंग जैसी भाषाओं में बन रही फिल्म को देखे जाने का आवश्यकता है, ताकि अपनी माटी की भाषा में फिल्म बनाने के लिए हम उत्साहित हो सकें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## अंक तालिका

| रैंक | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत (क्वा) | 07 | 07 | 00 | 14 | +2.102 |
| 2 | दक्षिण अफ्रीका | 07 | 06 | 01 | 12 | +2.290 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 06 | 04 | 02 | 08 | +0.970 |
| 4 | न्यूजीलैंड | 07 | 04 | 03 | 08 | +0.484 |
| 5 | अफगानिस्तान | 07 | 04 | 03 | 08 | −0.330 |
| 6 | पाकिस्तान | 07 | 03 | 04 | 06 | −0.024 |
| 7 | श्रीलंका | 07 | 02 | 05 | 04 | −1.162 |
| 8 | नीदरलैंड | 07 | 02 | 05 | 04 | −1.398 |
| 9 | बांग्लादेश (ई) | 07 | 01 | 06 | 02 | −1.446 |
| 10 | इंग्लैंड | 06 | 01 | 05 | 02 | −1.652 |

## एक नजर में

| नीदरलैंड | प्लेयर ऑफ द मैच | अफगानिस्तान |
|---|---|---|
| 179/10 | मोहम्मद नबी | 181/03 |

## आगे कौन

**सबसे अधिक रन**
545



क्विंटन डी कॉक, द. अफ्रीका

**सबसे अधिक विकेट**
18



दिलशान मधुशंका, श्रीलंका

**सिक्सर किंग** रोहित शर्मा : 20

**बाउंड्री**

| 6 | 4 |
|---|---|
| 427 | 1556 |

## फील्ड अपडेट

### बीएस कोटशीला की टीम बनी विजेता



**चांडिल।** शहीद अजित-धनंजय महतो विद्या निकेतन चोगा, ईचागढ़ मैदान में पूर्व मुखिया सह झारखंड आंदोलनकारी नेता दिवंगत दीनबंधु महतो की पुण्यतिथि पर एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने हिस्सा लिया. वहीं फाइनल मुकाबला बीएस कोटशीला और जेएससी जितिलबुरु के बीच खेला गया. इस मुकाबले में बीएस कोटशीला ने जेएससी जितिलबुरु को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया. दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा. दोनों टीम हम किसी से कम नहीं की तर्ज पर खेलते हुए अंतिम समय तक बराबरी पर रहे. इसके बाद विजेता टीम का निर्णय टॉस के जरिये किया गया.

### घाटशिला ने गालूडीह को 36 रनों से हराया



**चाकुलिया।** चाकुलिया के केदारनाथ झुनझुनवाला उच्च विद्यालय मैदान में झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे 16 वें विजय बोस क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार घाटशिला एकादश और गालूडीह एकादश के बीच मैच खेला गया. 22-22 ओवर के मुकाबले में घाटशिला एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 22 ओवर में पांच विकेट खोकर 182 रन बनाए. 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गालुडीह की टीम 15.4 ओवर में तीन विकेट खोकर 100 रन बना लिए थे. इसके बाद बारिश की वजह से खेल नहीं हो सका और घाटशिला एकादश ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत 36 रनों से जीत हासिल की.

# विश्व कप : एकतरफा मुकाबले में अफगानिस्तान ने नीदरलैंड को हराया

# अनस्टॉपेबल अफगानिस्तान

07 विकेट से जीता अफगानिस्तान



## अफगानिस्तान ने दर्ज की लगातार तीसरी जीत

भाषा। लखनऊ

मोहम्मद नबी (28 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी के बाद हशमतुल्लाह शाहिदी (नाबाद 56) और रहमत शाह (52) की अर्धशतकीय पारियों से अफगानिस्तान ने आईसीसी वनडे विश्व कप मैच में शुक्रवार को यहां नीदरलैड को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया. अफगानिस्तान की सात मैचों में यह चौथी जीत है और लगाता तीसरी जीत है. टीम अंक तालिका में आठ अंक के साथ पांचवें स्थान पर आ गयी है. टीम को अगले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की मजबूत चुनौती से निपटना है. नीदरलैंड की यह सात मैचों में पांचवीं हार है. अफगानिस्तान ने नीदरलैंड की पारी में 46.3 ओवर में 179 रन पर समेटने के बाद 31.3 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल किया.

### नीदरलैंड के चार बल्लेबाज रनआउट हुए

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड की टीम 46.3 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई. सायब्रांड एंगलब्रेक्ट ने 58 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके. वहीं नीदरलैंड के चार बल्लेबाज रन आउट हुए.

**अफगानिस्तान की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद और बढ़ी**

**अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंची अफगानिस्तान की टीम**

## स्कोरबोर्ड

| नीदरलैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बैरेसिल एबीडब्ल्यू बो मुजीब | 1 | 4 | 0 | 0 |
| ओडोड्र रन आउट (अजमतुल्लाह) | 42 | 40 | 9 | 0 |
| एकरमैन रन आउट (राशिद /इकराम) | 29 | 35 | 4 | 0 |
| सिब्रांड रन आउट (नबी/इकराम) | 58 | 86 | 6 | 0 |
| एडवर्ड्स रन आउट (इकराम) | 0 | 1 | 0 | 0 |
| बैस डी लीडे कै इकराम बो नबी | 3 | 6 | 0 | 0 |
| साकिब कै इकराम बो नूर | 3 | 15 | 0 | 0 |
| वान बीक कै इकराम बो नबी | 2 | 13 | 0 | 0 |
| वान डेर मेरवे कै जादरान बो नूर | 11 | 33 | 0 | 0 |
| आर्यन दत्त नाबाद | 10 | 22 | 0 | 0 |
| वैन मीकेरेन एलबीडब्ल्यू बो नबी | 4 | 24 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 16, कुल: 179/10, 46.3 ओवर, विकेट पतन: 3-1, 73-2, 92-3, 92- 4, 97-5, 113-6, 134-7, 152-8, 169- 9, 179-10, गेंदबाजी: मुजीब10-0-40-1, फजलहक फारूकी: 5-0-36-0, अजमतुल्लाह: 3-0-11-0, नबी: 9.3-1-28-3, राशिद खान: 10-0-31-0, नूर अहमद: 9-0-31-2

| अफगानिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज कै एडवर्ड्स बो वैन बीक | 10 | 11 | 2 | 0 |
| इब्राहिम जादरान बो वैन डेर मेरवे | 20 | 34 | 2 | 0 |
| रहमत शाह कै और बो साकिब | 52 | 54 | 8 | 0. |
| शाहिदी नाबाद | 56 | 64 | 6 | 0 |
| मतुल्लाह उमरजै नाबाद | 31 | 28 | 3 | 0 |

अतिरिक्त: 12, कुल :181/3 विकेट, 31.3 ओवर, विकेट पतन: 27-1, 55 -2, 129-3, गेंदबाजी : आर्यन दत्त: 8.3-0-49-0, लोगान वैन बीक: 7-0-30-1, पॉल वैन मीकेरेन: 5-0-35-0, रोलोफ वैन डेर मेरवे: 5-0-27-1, साकिब जुल्फिकार: 3-0 -25-1, कॉलिन एकरमैन: 3-0-12-0

## आज के मैच

### सेफा में पहुंचने के लिए पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को जीत की दरकार

**बेंगलुरु।** चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहा न्यूजीलैंड शनिवार को यहां विश्व कप के अपने महत्वपूर्ण मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगा जिसमें दोनों टीम सेमीफाइनल में पहुंचने की कोशिश के तहत जीत हासिल करने के लिए बेताब होंगी. टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत के बाद दोनों टीमों का भाग्य बदल गया जिससे दोनों सेमीफाइनल की दौड़ में मुश्किल स्थिति में पहुंच गयी. लगातार चार जीत से शुरुआत करने वाली न्यूजीलैंड की लय पर लगाम लग गयी तथा उसे भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से लगातार हार का सामना करना पड़ा. इससे उसके सात मैचों में आठ अंक हैं. वहीं पाकिस्तान की हालत तो और खराब है जिसके सात मैचों में छह अंक हैं.

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पलटवार करना चाहेगी इंग्लैंड की टीम

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के लिए इस विश्व कप में हालात बिलकुल ही अलग रहे हैं जहां एक टीम विश्व कप तालिका में सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए मजबूती से आगे बढ़ रही है तो वहीं दूसरी निचले पायदान पर है. अब शनिवार को एशेज श्रृंखला की दोनों प्रतिद्वंद्वी टीमें आमने सामने होंगी जिसमें उनकी कोशिश एक दूसरे को हराने की होगी. पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी बल्लेबाजी की बदौलत लगातार चार जीत से अपने खराब अभियान को पटरी पर वापसी करायी जिससे वह आठ अंक लेकर तीसरे स्थान पर चल रही है. गत चैंपियन इंग्लैंड को अपने बल्लेबाजों की विफलता के कारण चार हार का सामना करना पड़ा और टीम पिछले तीन मैचों में 170 रन या इससे कम के स्कोर पर आउट हो गयी.

# राज्य में पहली बार हुई हॉकी इंडिया की एजीएम

## भविष्य में यहां और भी इंटरनेशनल मैच होंगे : दिलीप तिर्की

खेल संवाददाता। रांची

हॉकी इंडिया की 13वीं वार्षिक आमसभा (एजीएम) शुक्रवार को मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम मीटिंग हॉल में आयोजित की गयी. झारखंड में पहली बार हुई एजीएम के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा कि पहली बार हॉकी की इंटरनेशनल प्रतियोगिता झारखंड में आयोजित की गयी. झारखंड के सीएम का शुक्रिया करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन का इसमें बहुत बड़ा योगदान है. वे हॉकी को काफी सपोर्ट कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि भविष्य में भी हम झारखंड में अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन करना चाहेंगे. हम ग्रास रूट पर काम करना चाहते हैं. उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में हॉकी इंडिया ने बहुत अच्छा परफॉर्मेंस किया है. हम एशियन जूनियर बॉयज और गर्ल्स में चैंपियन बने. एशियन चैंपियन ट्रॉफी में पुरुष टीम चैंपियन बनी. महिला टीम भी शानदार प्रदर्शन कर रही है. विजेताओं को कैश अवार्ड दिया जा रहा है. पहली बार हॉकी इंडिया ने अंडर 17 बालक और बालिका को यूरोप भेजा.



### पदक जीतनेवाली टीम के हर सदस्य को मिलेंगे 10 लाख

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने एजीएम में हुए फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सदस्य इकाइयों को मजबूत करने के लिए वर्ष 2023 में आयोजित हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली प्रत्येक सदस्य इकाई को 10 लाख रुपये का पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने बताया कि 2011 में जो भारतीय क्रिकेट टीम के साइकोलॉजिस्ट थे, वही वर्तमान में हॉकी टीम का हिस्सा हैं. छठी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में से कम से कम 4 में भाग लेने वाली प्रत्येक स्थायी राज्य सदस्य इकाई को 1.50 लाख रुपये का समर्थन मिलेगा. सभी छह राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाली इकाइयों को 9 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा. इसी प्रकार, एसोसिएट राज्य सदस्य इकाइयों को प्रत्येक हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनकी भागीदारी के लिए 1.50 लाख रुपये का 50% पुरस्कार दिया जाएगा, बशर्ते वे कम से कम 4 वार्षिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में खेले हों.

**फैंस हैं, तो हॉकी है : तैयब इकराम** तैयब इकराम ने कहा कि इंडियन हॉकी है, तो हॉकी वर्ल्ड है. हॉकी फैंस हैं, तो हॉकी है. जिस तरह से दर्शक बड़ी संख्या में मैच देखने आ रहे हैं, काफी गर्व महसूस हो रहा है.

### भारतीय टीम पीबीजी ईगल्स के लिए खेलेंगे मेदवेदेव

**नई दिल्ली।** अमेरिकी ओपन चैंपियन (2021) दानिल मेदवेदेव 21 दिसंबर से शुरू हो रहे साल के अंतिम टूर्नामेंट विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) के दूसरे सत्र में भारतीय टीम 'पीबीजी ईगल्स' के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे और टीम में उनके साथी रूस के आंद्रे रुबलेव होंगे. भारतीय टीम पुनीत बालान ग्रुप की है जिसने खेलों में विभिन्न लीग में नौ टीमें खरीदी हुई हैं. इस लीग को पूर्व भारतीय खिलाड़ी महेश भूपति का समर्थन प्राप्त है जिसका दूसरा चरण 21 से 24 दिसंबर तक अबुधाबी में खेला जायेगा जिसमें दुनिया के 16 सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. इस साल विम्बलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे मेदवेदेव ने कहा कि मैं अबुधाबी में विश्व टेनिस लीग के इस सत्र में जुड़ने से खुश हूं. मैं संयुक्त अरब अमीरात में कई दफा खेल चुका हूं और हमेशा वहां खेलने का आनंद लेता हूं. मैं इस साल वहां सकारात्मक तरीके से साल का अंत करने का लक्ष्य बनाये हूं. लीग के प्रारूप के मुताबिक चार टीम में चार-चार खिलाड़ी होंगे जो पुरुष और महिला एकल स्पर्धा तथा युगल और मिश्रित युगल खेलेंगे.

# अंडर-9 नेशनल शतरंज प्रति. के दूसरे राउंड की शुरुआत



संवाददाता। आदित्यपुर

सरायकेला जिले के होटल वेब इंटरनेशनल के प्रांगन में आयोजित अंडर 9 नेशनल शतरंज प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के खेल का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को किया गया. दूसरे राउंड के खेल में बालक वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त केरल के सफिन सफरुल्लाह खान ने काले मोहरों से खेलते हुए महाराष्ट्र के मुकील को हराया. दूसरे बोर्ड पर सफेद मोहरों से खेलते हुए पांडिचेरी के राहुल रामकृष्णन ने असम के मोनोदिप धर को हराया. तीसरे बोर्ड पर बंगाल के नरेंद्र अग्रवाल ने गुजरात के आदित्य पटेल को हराया. वही बालिका वर्ग में सफेद मोहरों से पहले बोर्ड पर खेल रही गत विजेता तमिलनाडु की श्रविणाका ने अपने ही राज्य की फेसिलिका को हराया. दूसरे बोर्ड पर काले मोहरों के साथ तेलंगाना की समहिता ने तमिलनाडु की धन्याश्री को हराया. तीसरे बोर्ड पर आंध्रा प्रदेश की सात्विका ने वरीय खिलाड़ी राजस्थान की आराधना को ड्रॉ कर सबको चौका दिया. तीसरे राउंड के खेल का उद्घाटन समाजसेवी तथा शहर के जाने माने खिलाड़ी फिडे मास्टर वत्सल सिंघानिया के पिताजी अनिल सिंघानिया और उनकी माता आशा सिंघानिया द्वारा शतरंज की बिशात पर पहली चाल चल कर संयुक्त रूप से किया.

**विश्व कप 2023**

## भारतीय टीम में भूमिका की स्पष्टता और रोहित शर्मा की बल्लेबाजी भारत के प्रदर्शन में निभा रही है अहम किरदार

# कहर बरपाती गेंदबाजी से भारतीय टीम को विश्व कप में रोकना मुश्किल



भाषा। नई दिल्ली

भारतीय टीम विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी जिसमें कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अन्य बल्लेबाजों का शानदार प्रदर्शन, तेज गेंदबाजों की कहर बरपाती गेंद और स्पिनरों का रन रोकना भले ही अहम रहा हो लेकिन मैदान पर आक्रामक प्रदर्शन के लिए इनके अलावा कुछ और भी है. महान क्रिकेटर वसीम अकरम का मानना है कि भारत का अभियान रोकने के लिए असाधारण प्रयास करना होगा लेकिन हर कदम पर आईसीसी खिताब का सूखा रोहित और अन्य साथी खिलाड़ियों को प्रेरित करने का काम करता रहा है जो जानते हैं कि इसके लिए काम अभी आधा ही हुआ है. गुरूवार को श्रीलंका को 302 रन से हराकर भारत ने सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया जो उसकी लगातार सातवीं जीत भी थी. रोहित के खिलाड़ियों को उनके नॉकआउट चरण में प्रदर्शन के आधार पर आंका जायेगा जो पिछले एक दशक में उनके लिए कमजोर कड़ी रही है.

### भारत के शीर्ष क्रम के रवैये में हुआ सुधार

कप्तान रोहित ने शीर्ष क्रम के रवैये में सुधार किया है क्योंकि पहले पावरप्ले में टीम के रूढ़िवादी रवैये की आलोचना की जाती थी. पर रोहित पहले 10 ओवरों में टीम के आक्रामक खेल के लिये जिम्मेदार हैं. रोहित ने 119.64 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है, जो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा है. वह 57.42 की औसत से 402 रन बनाकर उस सूची में शीर्ष पांच में शामिल हैं. उनके इस तरह के जोखिम भरे रवैये से शुभमन गिल (97 स्ट्राइक रेट) और विराट कोहली (89.47) जैसे खिलाड़ियों को अपनी लय से पारी बढ़ाने में मदद की. रोहित आने वाले मैचों में भी ऐसा ही जोखिम लेना जारी रखेंगे.

### बीच के ओवरों में भी गेंदबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा



भारत को पिछले कुछ समय में बीच के ओवरों में विकेट लेने में सुधार करने की जरूरत थी. जसप्रीत बुमराह की वापसी और कुलदीप यादव के गेंदबाजी में सुधार से भारत को यह अंतर खत्म करने में मदद मिली. भारत के लिये इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक 15 विकेट झटकने वाले बुमराह ने मैच के सभी चरण में और सभी परिस्थितियों में विकेट दिलाये. कुलदीप यादव अपनी बायीं हाथ की कलाई की स्पिन से प्रभावी रहे और अभी तक 10 विकेट झटक चुके हैं. रविंद्र जडेजा ने रनों की गति रोककर सफलता भी हासिल की. बुमराह की घातक गेंदबाजी के अलावा मोहम्मद शमी बेहतरीन सीम गेंदबाजी से बल्लेबाजों को गलतियां करने पर मजबूर कर रहे हैं और मोहम्मद सिराज भी जब लय में होते हैं तो कमाल कर देते हैं जिससे भारत का तेज गेंदबाजी आक्रमण दूसरी टीमों के लिये जलन का कारण बनता जा रहा है.

### टॉप पांच रन स्कोरर में दो भारतीय

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| 1. क्विंटन डी कॉक | 7 | 545 |
| 2. विराट कोहली | 7 | 442 |
| 3. रचिन रवीन्द्र | 7 | 415 |
| 4. डेविड वार्नर | 6 | 413 |
| 5. रोहित शर्मा | 7 | 402 |

### शमी ने तीन मैच में चटकाए 14 विकेट

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| 1. दिलशान मदुशंका | 7 | 18 |
| 2. शाहीन अफरीदी | 7 | 16 |
| 3. मार्को जानसन | 7 | 16 |
| 4. एडम ज़म्पा | 6 | 16 |
| 5. जसप्रित बुमरा | 7 | 15 |
| 6. मोहम्मद शमी | 3 | 14 |

### मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल हुए रोमारियो शेपर्ड

**मुंबई।** वेस्टइंडीज के आल राउंडर रोमारियो शेपर्ड 2024 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स से 'ट्रेड' (खरीदना) के बाद शुक्रवार को मुंबई इंडियंस से जुड़ गये. गुयाना के 28 साल के खिलाड़ी को लखनऊ की टीम ने 50 लाख रूपये में खरीदा था और उन्होंने आईपीएल 2023 में महज एक मैच खेला था. आईपीएल मीडिया परामर्श के अनुसार, रोमारियो शेपर्ड को मौजूदा टाटा आईपीएल ट्रेडिंग विंडो के दौरान टाटा आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने खरीद लिया. सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2022 नीलामी के दौरान रोमारियो को 7.75 करोड़ रूपये में खरीदा था लेकिन पदार्पण सत्र में उन्हें केवल तीन मैच खेलने को मिले थे.

# स्मॉग-फॉग से सांसों में घुलता जहर...



## केंद्र के आपातकालीन कदमों के इंतजार में दिल्ली

**नई दिल्ली।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता शुक्रवार को सुबह अत्यधिक गंभीर श्रेणी में चली गई, जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण फैला रहे ट्रकों, वाणिज्यिक चार पहिया वाहनों और सभी प्रकार की निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध समेत तमाम आपात उपाय लागू करने की आवश्यकता होती है. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा तैयार किए गए नीति दस्तावेज के अनुसार, ये कदम केंद्र की वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना के अंतिम चरण के तहत उठाए जाते हैं और आदर्श रूप में राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के 450 के आंकड़े को पार करने से कम से कम तीन दिन पहले लागू किए जाने चाहिए लेकिन, अभी दिल्ली और एनसीआर राज्यों से सभी आपात उपायों को लागू करने के लिए नहीं कहा गया है.

## आओ जानें

### तलाक दर

| | | | |
|---|---|---|---|
| भारत | 1% | संयुक्त राज्य अमेरिका | 45% |
| वियतनाम | 7% | दक्षिण कोरिया | 46% |
| ताजिकिस्तान | 10% | डेनमार्क | 46% |
| ईरान | 14% | इटली | 46% |
| मेक्सिको | 17% | कनाडा | 47% |
| मिस्र | 17% | नीदरलैंड | 48% |
| दक्षिण अफ्रीका | 17% | स्वीडन | 50% |
| ब्राजील | 21% | फ्रांस | 51% |
| तुर्की | 25% | बेल्जियम | 53% |
| कोलंबिया | 30% | फ़िनलैंड | 55% |
| पोलैंड | 33% | क्यूबा | 55% |
| जापान | 35% | यूक्रेन | 70% |
| जर्मनी | 38% | रूस | 73% |
| यूनाइटेड किंगडम | 41% | लक्ज़मबर्ग | 79% |
| न्यूजीलैंड | 41% | स्पेन | 84% |
| ऑस्ट्रेलिया | 43% | पुर्तगाल | 94% |
| चीन | 44% | | |

## ब्रीफ खबरें

### टिकट न मिलने पर पूर्व सांसद ने छोड़ी कांग्रेस

**इंदौर।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस से बगावत करके रतलाम जिले के आलोट क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पर्चा भरने वाले पूर्व लोकसभा सांसद प्रेमचंद गुड्डू ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफे की घोषणा कर दी. नतीजतन कुल 2.23 लाख मतदाताओं वाली इस सीट पर त्रिकोणीय चुनावी मुकाबला तय हो गया है. अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित आलोट क्षेत्र से कांग्रेस ने अपने मौजूदा विधायक मनोज चावला को टिकट दिया है.

### तूफान सियारन से इटली में तीन की मौत

**मिलान (इटली)।** तूफान सियारन ने बीती रात इटली में दस्तक दी और इसकी वजह से हुई भारी बारिश के कारण टस्कनी के एक बड़े हिस्से में बाढ़ जैसे हालात बन गए. लोग अपने घरों से बाहर नहीं जा सके, अस्पतालों में पानी भर गया और कई गाड़ियां पलट गईं. इस दौरान कम से कम तीन लोगों की जान जाने की खबर है जिसके बाद पश्चिमी यूरोप में तूफान से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है. इतालवी नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि तट पर लिवोर्नो शहर से लेकर मुगेलो की अंतर्देशीय घाटी तक तीन घंटे की अवधि में 200 मिलीमीटर (लगभग 8 इंच) बारिश हुई.

### नशामुक्ति केंद्र में लगी आग, 34 की मौत

**तेहरान।** पूर्वी ईरान में एक नशा मुक्ति केंद्र में शुक्रवार को आग लग जाने से कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य लोग घायल हो गए. ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने बताया कि देश की राजधानी तेहरान से करीब 200 किलोमीटर पश्चिमोत्तर में स्थित लैंग्राउड शहर के अस्पतालों में 17 घायलों को भर्ती कराया गया है. उसने बताया कि निजी नशामुक्ति केंद्र में शुक्रवार तड़के आग लगी, जिसमें 27 लोगों की मौत हो गई.

### माथेरान-नेरल मिनी ट्रेन आज से बहाल होगी

**मुंबई।** मुंबई के निकट प्रसिद्ध माथेरान-नेरल मिनी ट्रेन सेवा दिवाली की छुट्टियों से पहले चार नवंबर से बहाल हो जाएगी. मध्य रेलवे ने यह घोषणा की. मध्य रेलवे ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नेरल से माथेरान के लिए सुबह 8 बजकर 50 मिनट पर और पूर्वाह्न 10 बजकर 50 मिनट पर तथा माथेरान से नेरल के लिए अपराह्न पौने तीन बजे और शाम चार बजे ट्रेन सेवा उपलब्ध कराई जाएगी.

### बीएचयू में छात्रों का धरना प्रदर्शन समाप्त

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में आईआईटी की एक छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ और उसे निर्वस्त्र कर वीडियो बनाये जाने की घटना के बाद गुरुवार की सुबह से ही विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्र छात्राओं ने देर रात धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया. आईआईटी के जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के वादे के बावजूद छात्र धरना प्रदर्शन बंद करने को तैयार नहीं थे.

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने मानवीय सहायता के लिए युद्ध में विराम की दी सलाह

# इजराइल पर 'अल्प विराम' का बढ़ा दबाव

**भाषा। दी-अल-बलाह (गाजा पट्टी)**

हमास के आतंकवादियों के साथ लड़ रहे इजराइली सुरक्षा बलों ने गुरुवार को गाजा सिटी की घेराबंदी करने के बीच युद्ध में मारे गए फिलिस्तीनी नागरिकों की संख्या बढ़कर 9,000 हो गई. अमेरिका और अरब के नेताओं ने इजराइल पर गाजा की घेराबंदी में ढील देने और नागरिकों की मदद के लिए कम से कम कुछ समय के लिए युद्ध में विराम देने का दबाव बढ़ाया है. हमास के भीषण हमले के करीब चार हफ्ते बाद इजराइल का हमास आतंकवादियों के खिलाफ युद्ध जारी है. अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मानवीय सहायता आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए युद्ध में 'अल्प विराम' की सलाह दी है. खबर है कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन शुक्रवार को वार्ता के लिए इजराइल और जॉर्डन की यात्रा करेंगे. इस यात्रा का उद्देश्य फिलिस्तीन के लिए सहायता आपूर्ति की अनुमति और विदेशी नागरिकों एवं घायलों की निकासी का मार्ग प्रशस्त करना है. पिछले दो दिनों में करीब 800 लोग वहां से निकले हैं.

**दोहरी नागरिकता वाले 74 अमेरिकी नागरिकों ने गाजा पट्टी छोड़ दी :** बाइडन ने गुरुवार को कहा कि दोहरी नागरिकता वाले 74 अमेरिकी नागरिकों ने गाजा पट्टी छोड़ दी है. उन्होंने इजराइल-हमास युद्ध के संबंध में इजराइल और जॉर्डन के नेताओं के साथ परामर्श के लिए अपने शीर्ष राजनयिक को पश्चिम एशिया में भेजा है. व्हाइट हाउस ने पहले कहा था कि सात अक्टूबर को इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से लगभग 500 से 600 अमेरिकी नागरिक गाजा में फंसे हुए थे. तब से संघर्ष लगातार बढ़ता जा रहा है और इसका कोई अंत नजर नहीं आ रहा है.



**खास बातें**
- नेतन्याहू ने इससे पहले संघर्ष-विराम को खारिज किया था
- मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 9000 हुई

### गाजा के लिए मानवीय सहायता शामिल नहीं करना एक 'बड़ी गलती'

सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने कहा है कि 'आश्चर्यजनक रूप से गैर गंभीर' विधेयक के सीनेट में पारित हो पाने की कोई संभावना नहीं है. विधेयक में इजराइल के लिए उतनी ही राशि देने की बात की गई है, जितनी रकम का बाइडन ने अनुरोध किया था, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक निवास एवं कार्यालय ने कहा कि रिपब्लिकन योजना में गाजा के लिए मानवीय सहायता को शामिल नहीं करना एक 'बड़ी गलती' है क्योंकि इससे संकट गहरा गया है.

### कुछ समय के लिए इजराइल को संघर्ष विराम देना चाहिए

जॉर्डन ने इजराइल से अपना राजदूत बुला लिया है और युद्ध रुकने तक इजराइल के राजदूत को देश से बाहर रहने को कहा है. अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि अमेरिका आम संघर्ष विराम की दिशा में बढ़ने की बात नहीं कर रहा, लेकिन 'कुछ समय के लिए इसमें विराम' देना चाहिए.

### हम आगे बढ़ रहे हैं, हमें कोई नहीं रोक सकता : नेतन्याहू

इजराइल ने बाइडन के सुझाव पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन उसके प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने गुरुवार को कहा कि हम आगे बढ़ रहे हैं. हमें कोई रोक नहीं सकता. नेतन्याहू ने इससे पहले संघर्ष-विराम को खारिज कर दिया था. उन्होंने गाजा पट्टी में हमास के शासन को खत्म करने का संकल्प लिया. गाजा सिटी के दक्षिण में कई मील दूर स्थित बुरीज शरणार्थी शिविर में गुरुवार के हवाई हमले में एक आवासीय इमारत मलबे में तब्दील हो गई. गाजा के असैन्य सुरक्षा विभाग प्रवक्ता ने कहा कि इस हमले में कम से कम 15 लोगों की मौत हुई है और स्थानीय निवासियों ने कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई. अमेरिका के सहयोगियों सहित अरब देशों ने युद्ध को लेकर चिंता जताई है.

### इजराइल को 14.5 अरब डॉलर की सैन्य सहायता की मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने हमास के साथ युद्ध कर रहे इजराइल को 14 .5 अरब डॉलर की सैन्य सहायता मुहैया कराए जाने की गुरुवार को मंजूरी दी. यह मंजूरी हमास के साथ इस युद्ध में इजराइल के प्रति अमेरिका के व्यापक समर्थन को दर्शाती है, लेकिन इसके कारण सदन के नए स्पीकर माइक जॉनसन का दलगत रुख भी देखने को मिला जो डेमोक्रेटिक पार्टी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए सीधी चुनौती बन गया. जॉनसन ने तय नियमों से परे जाते हुए ऐसे रिपब्लिकन पैकेज की वकालत की, जिसमें आपात सहायता देने के लिए अन्य सरकारी खर्चों में कमी करने की बात की गई है. बाइडन ने कहा है कि वह इस विधेयक को लेकर वीटो का इस्तेमाल करेंगे.

## सीमा पार करने वाले भारतीयों की संख्या में 5 गुणा वृद्धि

# एक साल में लगभग 97,000 भारतीय गिरफ्तार : अमेरिका

**भाषा। वाशिंगटन**

अमेरिका में अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 के बीच गैरकानूनी रूप से सीमा पार कर घुसने के आरोप में रिकॉर्ड 96,917 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है. अमेरिका के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (यूसीबीपी) विभाग के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है. गैरकानूनी रूप से अमेरिकी सीमा पार करते हुए पकड़े गए भारतीयों की संख्या में पिछले वर्षों के मुकाबले पांच गुना वृद्धि हुई है. आंकड़ों के अनुसार, 2019-20 में 19,883 भारतीय पकड़े गए. 2020-21 में 30,662 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया था जबकि 2021-22 में यह संख्या 63,927 थी. अक्टूबर 2022 से इस साल सितंबर तक गिरफ्तार 96,917 भारतीयों में से 30,010 को कनाडाई सीमा पर और 41,770 को मेक्सिको के साथ लगती अग्रिम सीमा पर पकड़ा गया. वित्त वर्ष 2023 में 84,000 भारतीय वयस्क गैरकानूनी रूप से अमेरिका में आए. गिरफ्तार लोगों में 730 नाबालिग भी शामिल हैं. अमेरिकी सरकार का वित्त वर्ष एक अक्टूबर से 30 सितंबर तक होता है.

**खास बातें**
- यूसीबीपी विभाग के ताजा आंकड़ों से जानकारी मिली
- 2020-21 में 30,662 भारतीयों को गिरफ्तार किया गया था

# मैं नहीं चाहता सुप्रीम कोर्ट बन जाए तारीख-पे-तारीख अदालत

**भाषा। नई दिल्ली**

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को वकीलों से नए मामलों में स्थगन का अनुरोध नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि वह नहीं चाहते कि उच्चतम न्यायालय 'तारीख-पे-तारीख' अदालत बन जाए. दिन की कार्यवाही के आरंभ में प्रधान न्यायाधीश ने नए मामलों में वकीलों द्वारा स्थगन के अनुरोध का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पिछले दो महीने में वकीलों ने 3,688 मामलों में स्थगन का अनुरोध किया. प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी हैं. उन्होंने कहा कि जब तक अत्यंत जरूरी नहीं हो, तब तक कृपया स्थगन का अनुरोध नहीं करें.... मैं नहीं चाहता कि यह अदालत 'तारीख-पे-तारीख' अदालत बन जाए. 'तारीख-पे-तारीख' हिंदी फिल्म 'दामिनी' में सनी देओल का लोकप्रिय संवाद था.

**बोले चंद्रचूड़**
- बाहरी दुनिया के लिए बहुत खराब संकेत
- अदालतों में स्थगन की संस्कृति पर रोष प्रकट किया

## पिछले नौ वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये का एफडीआई हुआ : मोदी

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में इजाफा

**भाषा। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र एक उभरते हुए उद्योग के रूप में सामने आया है और पिछले नौ वर्षों में इसने 50,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित किया है. साथ ही उन्होंने फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान और भोजन की बर्बादी को कम करने पर भी जोर दिया.

मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रसंस्कृत खाद्य का निर्यात 150 प्रतिशत बढ़ा है और घरेलू प्रसंस्करण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की क्षमता भी मात्र 12 लाख टन से बढ़कर 200 लाख टन से अधिक हो गई है. प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में 'वर्ल्ड फूड इंडिया' के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए बाजरा के सेवन के लाभों पर भी बात की और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्य टोकरी के विविधीकरण की वकालत की. यह तीन दिवसीय कार्यक्रम पांच नवंबर को संपन्न होगा. प्रधानमंत्री ने एक लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को प्रारंभिक पूंजी सहायता वितरित की और 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2023' के तहत एक 'फूड स्ट्रीट' का उद्घाटन किया. इस आयोजन का उद्देश्य भारत को 'दुनिया की खाद्य टोकरी' के रूप में प्रदर्शित करना और 2023 को मोटे अनाज के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाना है.



**बोले पीएम**
- घरेलू प्रसंस्करण क्षमता में हुई उल्लेखनीय वृद्धि
- प्रसंस्कृत खाद्य का निर्यात 150 प्रतिशत बढ़ा

### यूक्रेन को 42.5 करोड़ डॉलर की नई सैन्य सहायता देगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन को 42.5 करोड़ डॉलर की नयी सैन्य सहायता देने की उम्मीद है. अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि इसमें ड्रोन को मार गिराने के लिए लेजर निर्देशित युद्ध सामग्री खरीदने के लिए करीब 30 करोड़ डॉलर का दीर्घकालीन वित्त पोषण भी शामिल है. उन्होंने बताया कि यह दीर्घकालीन धन यूक्रेन सुरक्षा सहायता पहल के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा. इसके अलावा बाइडन प्रशासन करीब 12.5 करोड़ डॉलर के हथियार और अन्य उपकरण उपलब्ध कराएगा. हथियारों में हाई-मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम्स और सतह से हवा में मार करने वाली राष्ट्रीय उन्नत मिसाइल प्रणाली के साथ ठंडे मौसम के लिए आवश्यक साजो-सामान शामिल हैं.

# यूट्यूबर एल्विश पर मुकदमा दर्ज

## नोएडा में सांप के जहर के साथ रेव पार्टी करता था यूट्यूबर

**भाषा। नोएडा**

बिग बॉस ओटीटी सीजन-2 के विजेता और यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ पुलिस ने गैर कानूनी तरीके से रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांप के जहर के कथित इस्तेमाल को लेकर मामला दर्ज किया है. इस मामले में पांच अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन एल्विश फरार है.

अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के कब्जे से कोबरा समेत नौ सांपों को बचाया गया. ये लोग गुरुवार को सेक्टर-51 के एक बैंक्वेट हॉल में रेव पार्टी के लिए एकत्र हुए थे. यह पार्टी पशु अधिकार संगठन 'पीपल फॉर एनिमल्स' (पीएफए) द्वारा बिछाया गया जाल था. उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से प्लास्टिक की बोतल में रखे सांप के 20 मिलीलीटर जहर को जब्त किया तथा इसे परीक्षण के लिए भेज दिया.





**बुरा फंसा**
- गिरफ्तार लोगों के कब्जे से नौ सांपों को बचाया
- बोतल में रखे 20 मिलीलीटर जहर भी किया जब्त

### आरोपियों के पास कई सांपों के जहर मिले

प्रखंड वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों के पास से पांच कोबरा सांप, एक अजगर, दो सैंड बुआ, एक रैट स्नेक और 20 मिलीलीटर सांप का जहर बरामद किया गया है. थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक संदीप चौधरी ने बताया कि इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है.

## साहित्य उत्सव इंडो-अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल 18-19 नवंबर को साहित्य महोत्सव की मेजबानी करेगा

# महोत्सव में दिखेगी भारत के 'कोवैक्सीन' की कहानी

**भाषा। न्यूयॉर्क**

अमेरिका में इस महीने होने वाले साहित्य महोत्सव में 60 से अधिक पुरस्कार विजेता, जाने माने लेखक एवं कवि एकत्रित होंगे और इस दौरान भारत में विकसित कोविड-19 रोधी टीके की कहानी से लेकर शुरुआती बौद्ध कला तक कई कलात्मक एवं शोध कार्यों की झलक दिखेगी. जाना-माना सांस्कृतिक संगठन 'इंडो-अमेरिकन आर्ट्स काउंसिल' (आईएएसी) 18-19 नवंबर को साहित्य महोत्सव, 2023 की मेजबानी करेगा. आईएएसी के उपाध्यक्ष राकेश कौल ने कहा कि हमारा मानना है कि आईएएसी साहित्य महोत्सव सिर्फ शब्दों का जमावड़ा नहीं है, बल्कि दुनिया का संगम है. यह महाद्वीपों को जोड़ने वाली आवाजों और संस्कृतियों का उत्सव है.

यह एक प्रामाणिक भारत-अमेरिकी अनुभव को भी प्रतिबिंबित करता है. आईएएसी ने एक बयान में कहा कि इस साल का महोत्सव असाधारण नवचेतना का सप्ताहांत और साहित्य, संस्कृति और बौद्धिक प्रवचन का उत्सव होगा.



**खास बातें**
- भारतीय बौद्ध कला की दिखेगी झलक
- यह साहित्य महोत्सव दुनिया का संगम है

### 'कोवैक्सीन' की यात्रा का वर्णन

महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में 'गोइंग वायरल : मेकिंग ऑफ कोवैक्सिन – द इनसाइड स्टोरी' पुस्तक और इसके लेखक प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बलराम भार्गव होंगे, जो पहले स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग में सचिव और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद में महानिदेशक के रूप में कार्य कर चुके हैं. भार्गव वर्तमान में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कार्डियोथोरेसिक केंद्र के प्रमुख हैं.

### लेखिका नीरजा चौधरी भी होंगी शामिल

महोत्सव में पद्मश्री पुरस्कार विजेता और 'द आइडिया ऑफ इंडिया : भारत ऐज ए सिविलाइजेशन' के लेखक सुभाष काक भी शामिल होंगे. 'मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट' के लिए दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशियाई कला के क्यूरेटर जॉन गाइ अपनी पुस्तक 'ट्री एंड सर्पेंट : अर्ली बुद्धिस्ट आर्ट इन इंडिया' पर चर्चा करेंगे. 'भली लड़कियां, बुरी लड़कियां' की लेखिका अनु सिंह चौधरी, 'द बुक ऑफ डिजायर' की लेखिका मीना कंडासामी और 'हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड' की लेखिका नीरजा चौधरी भी इसमें शामिल होंगी.

# ईडी, सीबीआई भाजपा के प्रचारक के तौर पर काम कर रहे हैं : कांग्रेस

**भाषा। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने राजस्थान में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक अधिकारी और उसके सहयोगी की गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो तथा आयकर विभाग भारतीय जनता पार्टी के प्रचारक और फ्रंटलाइन वरियर्स के रूप में काम कर रहे हैं. पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह दावा भी किया कि केंद्रीय एजेंसियों को यह लक्ष्य दिया जाता है कि वे विपक्षी नेताओं को डराकर भाजपा में शामिल कराएं तथा यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का टूलकिट है. राजस्थान के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की एक टीम ने मणिपुर में तैनात ईडी के एक अधिकारी और उसके सहयोगी को कथित रूप से परिवादी से 15 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है.



**खास बातें**
- ईडी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'टूलकिट' है
- ईडी के अधिकारी खुद रिश्वत ले रहे हैं

# सीधी: पेशाब कांड और बागी शुक्ला ने बढ़ाई मुश्किल

**सीधी जिला पिछले दिनों चर्चा में रहा आदिवासी पेशाब कांड के चलते. यहां प्रवेश शुक्ला नाम के व्यक्ति का एक आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब करते हुए वीडियो वायरल हुआ था. प्रवेश सीधी के भाजपा विधायक केदारनाथ शुक्ला का करीबी है. इसके बाद तूफान खड़ा हो गया था. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरी स्थिति को संभालने के लिए उस आदिवासी को बुलाकर उसके पैर धोए और माफी मांगी. तभी से लग रहा था कि केदारनाथ शुक्ला को टिकट नहीं मिलेगा. यहां से भाजपा ने सीधी की मौजूदा सांसद रीति पाठक को विधानसभा चुनाव में उतारा है. सुपर आठ शृंखला में आज पढ़िए सीधी विस क्षेत्र और रीति पाठक की स्थिति पर रिपोर्ट...**

**पंकज मुकाती**
**वरिष्ठ पत्रकार, भोपाल**

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले सीधी सीट की चर्चा तेज हो गई है. पेशाब कांड के बाद सुर्खियों में आई सीधी सीट पर भाजपा मुश्किल में आ सकती है. आदिवासी पेशाब कांड से चीन बार के विधायक केदारनाथ शुक्ला का नाम जुड़ने के बाद उनका टिकट कट गया. भाजपा ने सांसद रीति पाठक को मैदान में उतारा है. शुक्ला निर्दलीय लड़ेंगे. वहीं कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष ज्ञान चौहान पर दांव खेला है.

**पेशाब कांड की वजह से कटा केदारनाथ शुक्ला का टिकट:** सीधी में प्रवेश शुक्ला ने आदिवासी के ऊपर पेशाब की थी. इसे लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर जोरदार हमला किया था. आरोपी प्रवेश विधायक केदारनाथ शुक्ला का करीबी है. भाजपा पर मध्यप्रदेश में आदिवासियों के अपमान का आरोप लगा. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आदिवासी के पैर धोकर डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश की. इतने हंगामे के बाद विधायक केदारनाथ शुक्ला का टिकट कटना तय माना जा रहा था और हुआ भी वही, शुक्ला को टिकट नहीं मिला.

**कितना असर डालेगा ब्राह्मण वोट बैंक ?**

सीधी के चुनावी समीकरण में ब्राह्मण वोट बैंक बड़ा असर डालता रहा है. इस बार के चुनाव में भी ब्राह्मण वोट बैंक पर उम्मीदवारों की नजरें हैं. रीति पाठक और केदारनाथ शुक्ला दोनों ही ब्राह्मण समाज के हैं. रीति कमल के फूल के नीचे हैं, तो केदारनाथ शुक्ला निर्दलीय. कांग्रेस के ज्ञान चौहान को ब्राह्मण वोट बटोरने के लिए कोई बड़ा दांव खेलना होगा. अब इस बार जनता किसे वोट देगी ये देखना दिलचस्प होगा.



**पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहीं रीति**

सीधी से रीति पाठक ने लगातार 2 लोकसभा चुनाव जीते हैं. हालांकि वे विधानसभा चुनाव पहली बार लड़ेंगी. केदारनाथ शुक्ला भाजपा के कद्दावर नेता माने जाते हैं. टिकट कटने के बाद वे निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं. कहीं न कहीं ये त्रिकोणीय मुकाबला हो गया है.

- विधानसभा में 2.24 लाख से ज्यादा मतदाता हैं. इनमें से 1.6 लाख से ज्यादा महिलाएं हैं. वहीं 1.17 लाख पुरुष मतदाता हैं. इस क्षेत्र में गोंड वोटर्स की संख्या सबसे ज्यादा है. वहीं ब्राह्मण, क्षत्रिय और साहू मतदाता निर्णायक स्थिति में नजर आते हैं. शहरी इलाके में व्यापारी वर्ग ही हार-जीत तय करता है.

## 2018 में क्या हुआ था?

सीधी विधानसभा सीट पर 2018 में भाजपा के केदारनाथ शुक्ला ने जीत दर्ज की थी. शुक्ला ने कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल को 19 हजार 986 वोटों से हराया था. इस सीट पर 45 प्रतिशत वोटिंग हुई थी. इस बार सांसद रीति पाठक चुनाव लड़ेंगी. रीति ने 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के अजय सिंह को हराया था.

## सीधी सीट का इतिहास

2018 – केदारनाथ शुक्ला (भाजपा)
2013 – केदारनाथ शुक्ला (भाजपा)
2008 – केदारनाथ शुक्ला (भाजपा)
2003 – इंद्रजीत कुमार (कांग्रेस)
1998 – इंद्रजीत कुमार (कांग्रेस)
1993 – पतिराज सिंह (कांग्रेस)
1990 – अमर सिंह (भाजपा)
1985 – अन्नथ सिंह (भाजपा)
1980 – पतिराज सिंह (कांग्रेस)
1977 – जगन्नाथ सिंह (जेएनपी)

# छत्तीसगढ़ : महिला मतदाता निभाएंगी महत्वपूर्ण भूमिका

**राजकुमार सोनी**
**वरिष्ठ पत्रकार**

छत्तीसगढ़ में नामांकन वापसी के बाद अब चुनाव प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है. दो चरणों में होने वाले चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी सहित स्टार प्रचारक मतदाताओं को रिझाने में लगे हैं. लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार चुनाव में महिला मतदाताओं की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी. वजह है 2018 की तुलना में पुरुषों के मुकाबले 1,19, 370 महिला मतदाता अधिक वोट डालेंगी.

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में इस बार कांग्रेस और भाजपा से कुल 33 महिलाएं मैदान में हैं. उपचुनावों को छोड़ दें तो वर्ष 2003 से 2018 तक हुए चार विधानसभा चुनावों में दोनों दलों ने कुल 86 महिलाओं को टिकट दिया. इनमें से 38 ने जीत दर्ज की थी. राज्य गठन के बाद से अब तक हुए विधानसभा उपचुनावों में भी चार महिलाओं ने सफलता हासिल की. इस तरह अब तक चुनी गईं महिला विधायकों की संख्या 42 हो जाती है. इनमें से 22 कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा पहुंचीं. भाजपा से 17, बसपा से दो और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) से एक विधायक चुनी गईं. कांग्रेस ने इस बार भी महिलाओं पर भरोसा जताते हुए 18 को मैदान में उतारा है. जबकि, भाजपा ने 15 महिलाओं को ही टिकट दिया है. इसके अलावा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) समेत अन्य क्षेत्रीय दलों ने भी महिला प्रत्याशियों को स्थानीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए मैदान में उतारा है. मप्र से अलग होकर बनने के बाद से छत्तीसगढ़ में हुए चार विधानसभा चुनावों में भाजपा-कांग्रेस समेत अन्य दलों और निर्दलीय महिला प्रत्याशियों का कुल आंकड़ा 371 है. इस बार के चुनाव में खास बात यह भी है कि पुरुषों के मुकाबले 1,19, 370 महिला मतदाता अधिक हैं. विधानसभा चुनाव-2023 में इस बार मतदाताओं की संख्या कुल दो करोड़ तीन लाख 93 हजार 160 हैं. वहीं पहले 30 अक्टूबर तक और भी मतददाता जुड़े है जिनकी संख्या कुल 32 हजार 920 है. मतदाता सूची को अभी लॉक किया गया है, जिसके अनुसार राज्य में मतदाताओं की सूची में लिंगानुपात 1,012 हैं वहीं, आप को बता दें कि 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाताओं की सामान्य संख्या 7,29, 267 हैं.

# राजस्थान : क्या नतीजों में भी दिखेगा गहलोत का जादू ?

**शुभम संदेश चुनाव डेस्क**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जादू कांग्रेस के उम्मीदवारों की सूची में दिखाई दे रहा है. उन्होंने अपने अधिकांश समर्थकों के लिए टिकट सुनिश्चित करा दिए हैं. उनके धुर विरोधी सचिन पायलट और पार्टी आलाकमान में कई दूसरे नेता कई नामों पर एतराज जताते रहे, पार्टी के अंदरूनी सर्वे में जिन 50 मौजूदा विधायकों के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर की बात निकल कर सामने आई, फिर भी ज्यादातर उम्मीदवार गहलोत की पसंद के हैं. उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को कांग्रेस के लिए जीत का मंत्र माना जाता है, इसलिए राजस्थान में पार्टी की धुरी गहलोत हैं. 3 दिसंबर के नतीजों से पता चलेगा कि गहलोत की चुनावी रणनीति कितनी कामयाब होती है. फिलहाल राजस्थान में कांग्रेस के लिए गहलोत ही जादूगर हैं. लेकिन जिस चुनावी जंग में गहलोत की इज्जत और किस्मत दांव पर लगी है, उसे जीतने के लिए क्या उम्मीदवारों की बेहतरीन फौज तैयार की गई है?

अपने वफादारों को टिकट देने के अलावा, गहलोत ने अपने दो मुखर आचोलकों को भी पटखनी दे दी. ये दोनों मौजूदा विधायक थे, लेकिन उन्हें टिकट नहीं दिया और इस तरह अपना दबदबा कायम रखा. मौजूदा सूची में जिन छह विधायकों के नाम नहीं हैं, उनमें से दो हाल के वर्षों में गहलोत के बड़े कटु आलोचक रहे हैं. पहले भरत सिंह, जिन्होंने कई बार गहलोत को चुभती हुई चिट्ठियां लिखीं. खास तौर से पिछले पांच वर्षों के भ्रष्टाचार की शिकायत करते हुए. उनकी जगह इस बार सांगोद सीट से भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया गया है.

गहलोत के मंत्रिमंडल में पूर्व कैबिनेट मंत्री भानु प्रताप सिंह को रीति-नीति वाला नेता माना जाता है. अपने काम से काम रखने वाले. इसके अलावा, खिलाड़ी लाल बैरवा, जो शायद पायलट खेमे के विधायकों में सबसे मुखर हैं, को बसेड़ी निर्वाचन क्षेत्र से हटा दिया गया है. हालांकि वह राज्य एससी आयोग के अध्यक्ष थे. बैरवा ने तुरंत इस कदम की निंदा करते हुए कहा, कि यह "सरकार बचाने का अजीब पुरस्कार" है.

जिन लोगों के नाम उम्मीदवार सूची से हटाए गए हैं, उनमें से ज्यादातर सचिन पायलट खेमे वाले हैं लेकिन उनके कई समर्थक टिकट पाने में कामयाब रहे हैं. इनमें सबसे प्रमुख नाम पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और मौजूदा विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत का है, जिन्हें श्रीमाधोपुर सीट पर बहाल रखा गया है. शेखावत उन विधायकों में शुमार थे जो 2020 में पायलट की अगुवाई वाली बगावत के समय मानेसर गए थे. अपनी सेहत का हवाला देते हुए शेखावत ने पेशकश की थी कि उनके बेटे को टिकट दिया जाए लेकिन कांग्रेस ने उन्हीं पर भरोसा जताया. उनकी उम्र 72 साल है. शेखावत की उम्मीदवारी के साथ, यह बात साफ हो जाती है कि कांग्रेस आगामी चुनावों के लिए 70 से ज्यादा उम्र वाले नेताओं को मैदान में उतार रही है.



पार्टी ने अपनी पिछली सूची में एक दर्जन से अधिक बुजुर्ग नेताओं को पहले ही नामांकित किया था. नई सूची में 84 वर्षीय अमीन खान, 82 वर्षीय दीपचंद खैरिया और 80 वर्षीय महादेव सिंह खंडेला जैसे 10 बुजुर्ग नेता शामिल हैं.

इनमें से ज्यादातर उम्रदराज नेता गहलोत की पीढ़ी के हैं और सीएम के करीबी माने जाते हैं. राजस्थान में लगभग 49 लाख नए वोटर्स हैं, और ये लोग उन्हें कितना प्रभावित कर पाएंगे, यह देखना बाकी है. गौरतलब है कि राजस्थान में नौजवान वोट कांग्रेस और भाजपा की किस्मत का फैसला कर सकते हैं.

खुशकिस्मती से, कांग्रेस ने नई सूचियों में दो दर्जन से ज्यादा नए चेहरों को मैदान में उतारा है. इनमें सबसे ज्यादा चर्चा पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ की है, जिन्हें इस साल उदयपुर से मैदान में उतारा गया है. यह सीट भाजपा का गढ़ रही है जहां आरएसएस के कद्दावर नेता गुलाब चंद कटारिया चुनाव लड़ते रहे हैं. लेकिन उन्हें असम का राज्यपाल बना दिया गया और अब कांग्रेस यहां फतह की तैयारी में है. गौरव वल्लभ मशहूर अर्थशास्त्री हैं. वह कांग्रेस के आर्थिक एजेंडा पर काम करते रहे हैं और पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे के करीबी माने जाते हैं. उन्होंने पीसीसी की तजुर्बेकार चीफ गिरिजा व्यास की जगह ली है, जो 2018 के चुनाव में यह सीट हार गईं थीं.

एक और नया चेहरा, 36 वर्षीय विकास चौधरी हैं जिन्हें किशनगढ़ से मैदान में उतारा गया है. वह 2018 के चुनावों में इस सीट से भाजपा के उम्मीदवार थे, लेकिन इस बार उनकी जगह अजमेर से भाजपा सांसद भागीरथ चौधरी को चुन लिया गया. विकास चौधरी वसुंधरा राजे के वफादार हुआ करते थे. टिकट न मिलने के बाद विकास ने बगावत कर दी, और पिछले हफ्ते झुंझुनू जिले में प्रियंका गांधी की रैली में कांग्रेस में शामिल हो गए. उम्मीदवारों की सूची में एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर का नाम शामिल है, जो 2018 में जहाजपुर से मौजूदा विधायक के रूप में हार गए थे, लेकिन उन्हें फिर से मैदान में उतारा गया है.

दिलचस्प यह है कि भाजपा के दिवंगत दिग्गज नेता जसवंत सिंह के बेटे मानवेंद्र सिंह को बाड़मेर की सिवाना सीट से मैदान में उतारा गया है, हालांकि वह जैसलमेर सीट से टिकट मांग रहे थे. वह 2018 में सबसे चर्चित उम्मीदवारों में से एक थे जब उन्होंने भाजपा छोड़ी थी और तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के खिलाफ खड़े हुए थे. कांग्रेस ने मौजूदा सूची में सात महिला उम्मीदवारों को भी मैदान में उतारा है, लेकिन उनमें से छह नए चेहरे हैं.

कांग्रेस ने अब 12 मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है और नई सूची में तीन नाम और जोड़े गए हैं. पार्टी ने अलवर जिले की तिजारा सीट पर भाजपा सांसद बाबा बालक नाथ को चुनौती देने के लिए इमरान खान को अपना उम्मीदवार घोषित किया है. कुछ हफ्ते पहले, खान के नाम का ऐलान तिजारा से बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के उम्मीदवार के तौर पर किया गया था, लेकिन अब वह मौजूदा विधायक संदीप कुमार की जगह चुन लिए गए हैं.

तिजारा से भाजपा नेता बालक नाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करीबी माने जाते हैं. वह कट्टर हिंदूवादी नेता हैं. इमरान खान से उनकी चुनावी टक्कर इस सीट पर जबरदस्त ध्रुवीकरण पैदा कर सकती है.

गौरतलब है कि कांग्रेस भी अपने एक दर्जन से ज्यादा परास्त उम्मीदवारों को दोहरा रही है. इनमें भीमराज भाटी शामिल हैं जो पाली से पांच चुनाव हार चुके हैं, और रफीक मंडेलिया हैं जो 2013 और 2018 में दो विधानसभा चुनाव और 2014 और 2019 में दो लोकसभा चुनाव हार चुके हैं.


कांग्रेस ने अब 12 मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है और नई सूची में तीन नाम और जोड़े गए हैं. पार्टी ने अलवर जिले की तिजारा सीट पर भाजपा सांसद बाबा बालक नाथ को चुनौती देने के लिए इमरान खान को अपना उम्मीदवार घोषित किया है. कुछ हफ्ते पहले, खान के नाम का ऐलान तिजारा से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार के तौर पर किया गया था, लेकिन अब वह मौजूदा विधायक संदीप कुमार की जगह चुन लिए गए हैं. तिजारा से भाजपा नेता बालक नाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करीबी माने जाते हैं. वह कट्टर हिंदूवादी नेता हैं. योगी ने राजस्थान में अपनी पहली चुनावी सभा भी तिजारा में ही की है. इमरान खान से उनकी चुनावी टक्कर इस सीट पर जबरदस्त ध्रुवीकरण पैदा कर सकती है.

गौरतलब है कि कांग्रेस भी अपने एक दर्जन से ज्यादा परास्त उम्मीदवारों को दोहरा रही है. इनमें भीमराज भाटी शामिल हैं जो पाली से पांच चुनाव हार चुके हैं, और रफीक मंडेलिया हैं जो 2013 और 2018 में दो विधानसभा चुनाव और 2014 और 2019 में दो लोकसभा चुनाव हार चुके हैं.


## कॅरियर-काउंसिलिंग

# फॉरेंसिक साइंस की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना कॅरियर

**एजुकेशन रिपोर्टर। रजनीश प्रसाद**

फॉरेंसिक विज्ञान एक वैज्ञानिक अनुशासन है, जिसमें अपराधों की जांच के लिए वैज्ञानिक तरीकों और प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाता है. यह फॉरेंसिक वैज्ञानिकों को अपराध स्थल से सबूतों की जांच और विश्लेषण करने में सक्षम बनाता है और इसका उपयोग यह समझने के लिए किया जाता है कि अपराधी ने यह कृत्य कैसे किया और उसका मकसद क्या रहा होगा. अपनी खोजी, फॉरेंसिक कार्य के माध्यम वे ऐसे सुराग देने में सक्षम हो सकते हैं, जो अपराधी को पकड़ने में पुलिस की सहायता कर सकते हैं. फॉरेंसिक साइंस की सहायता से वैज्ञानिक सिद्धांतों का उपयोग कर अपराधों में मिले सबूतों की जांच-पड़ताल करते हैं. फॉरेंसिक साइंटिस्ट कानून और अपराध-निवारक के संयोजक डोमेन में काम करते हैं. मॉडर्न न्यायपालिका सिस्टम, फॉरेंसिक साइंटिस्ट की विशेषज्ञता और क्षमताओं पर काफी हद तक निर्भर करता है. इस काम में आपका कुशल, निष्पक्ष और सटीक होना सबसे महत्वपूर्ण है.

### फॉरेंसिक साइंस के विषय

- अपराध और इन्वेस्टिगेशन तकनीक
- डीएनए आइसोलेशन

### फॉरेंसिक साइंस के विषय

- संदिग्ध दस्तावेज
- फॉरेंसिक विष विज्ञान
- डीएनए प्रोफाइलिंग
- फॉरेंसिक भौतिकी
- फॉरेंसिक बॉयोलॉजी
- साइबर फॉरेंसिक एंड लॉ
- फॉरेंसिक फोटोग्राफी
- एनालिटिकल केमिस्ट्री
- फॉरेंसिक मनोविज्ञान

### कोर्स

**डिप्लोमा**

- फॉरेंसिक मेडिसीन में डिप्लोमा
- फॉरेंसिक डिप्लोमा (ऑनलाइन)

**अंडर ग्रैजुएट**

- बीएसी फॉरेंसिक साइंस
- बैचलर ऑफ एक्सीडेंट फॉरेंसिक
- बैचलर इन क्रिमिनल जस्टिस फॉरेंसिक साइंस
- बैचलर ऑफ फॉरेंसिक साइंस
- बैचलर ऑफ लॉ (ऑनर्स)
- बैचलर ऑफ क्रिमिनोलॉजी
- बैचलर इन फॉरेंसिक इन्वेस्टिगेशन
- बैचलर ऑफ अप्लाइड साइंस इन फॉरेंसिक स्टडीज

**पोस्ट ग्रैजुएट**

- एमएससी फॉरेंसिक साइंस
- मास्टर ऑफ फॉरेंसिक बिहेवियरल साइंस
- एमएससीइन फॉरेंसिक साइकोलॉजी
- मास्टर्स इन फॉरेंसिक एंथ्रोपोलॉजी
- मास्टर ऑफ फिलॉसफी इन फॉरेंसिक साइंस

### भारत में फॉरेंसिक साइंस के लिए कॉलेज

- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी
- नॉर्थकैप यूनिवर्सिटी
- एसजीटी यूनिवर्सिटी, गुड़गांव
- गुजरात यूनिवर्सिटी
- एमिटी यूनिवर्सिटी
- पारुल यूनिवर्सिटी
- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी
- पांडिचेरी यूनिवर्सिटी
- अपेक्स यूनिवर्सिटी

### क्यों करें फॉरेंसिक विज्ञान का अध्ययन

- **न्याय में योगदान** : फॉरेंसिक विज्ञान पाठ्यक्रम आपराधिक न्याय प्रणाली में अपराधियों की पहचान करने, पकड़ने और उन्हें दोषी ठहराने में मदद करने के साथ-साथ निर्दोषों को दोषमुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. फॉरेंसिक विज्ञान पाठ्यक्रमों का अध्ययन करके, उम्मीदवार निष्पक्ष और उचित कानूनी प्रक्रिया सुनिश्चित करने में सीधे योगदान दे सकते हैं.
- **विविध कॅरियर अवसर** : फॉरेंसिक विज्ञान पाठ्यक्रमों के स्नातक विभिन्न प्रकार की सेटिंग्स में काम कर सकते हैं, जिनमें अपराध प्रयोगशालाएं, कानून प्रवर्तन एजेंसियां, चिकित्सा परीक्षक कार्यालय, अनुसंधान संस्थान और निजी परामर्श फर्म शामिल हैं. फॉरेंसिक साइंस कॅरियर विकल्पों की यह विविधता उम्मीदवारों को एक ऐसा रास्ता चुनने की अनुमति देती है जो उनकी रुचियों और शक्तियों के अनुरूप हो.
- **उच्च मांग** : आपराधिक जांच और कानूनी कार्यवाही में सहायता के लिए कुशल फॉरेंसिक वैज्ञानिकों की लगातार मांग है. यह मांग स्थिर और पूर्ण कॅरियर के अवसरों को जन्म दे सकती है.
- **विविध क्षेत्रों का एक्सपोजर** : फॉरेंसिक विज्ञान पाठ्यक्रम डीएनए विश्लेषण और विष विज्ञान से लेकर डिजिटल फॉरेंसिक और फॉरेंसिक मानव विज्ञान तक विशिष्टताओं की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करता है. यह प्रदर्शन उम्मीदवारों को रुचि के उन क्षेत्रों को खोजने में मदद कर सकता है जिन पर आपने पहले विचार नहीं किया होगा.

### स्पेशलाइजेशन

- फॉरेंसिक सीरोलॉजी
- फॉरेंसिक रसायन
- फॉरेंसिक बॉयोलॉजी
- फॉरेंसिक बैलिस्टिक
- फॉरेंसिक वनस्पति विज्ञान
- फॉरेंसिक एंटोमोलॉजी
- फॉरेंसिक विष विज्ञान




### कॅरियर स्कोप

- फॉरेंसिक साइंटिस्ट
- फॉरेंसिक इंजीनियर
- क्राइम रिपोर्टर
- लिखावट विशेषज्ञ
- फॉरेंसिक एक्सपर्ट
- कानूनी काउंसलर
- जांच अधिकारी
- रिसर्चर
- क्राइम इन्वेस्टिगेटर
- कानूनी सलाहकार



### फॉरेंसिक साइंस के कुछ चर्चित विश्वविद्यालय

**1. लोकनायक जयप्रकाश नारायण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिमिनोलॉजी एंड फोरेंसिक साइंस, दिल्ली:** पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो द्वारा 1972 में स्थापित, यह भारत में फोरेंसिक विज्ञान के अध्ययन के लिए अग्रणी संस्थानों में से एक है. संस्थान को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त है और आज यह विभिन्न सफल पाठ्यक्रमों का दावा करता है. संस्थान फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में विभिन्न पोस्ट-ग्रेजुएशन डिप्लोमा और मास्टर पाठ्यक्रम चलाता है. मूल पात्रता किसी भी स्ट्रीम में स्नातक होना है लेकिन कुछ विशिष्ट पाठ्यक्रम जैसे एमएससी फॉरेंसिक विज्ञान विज्ञान स्नातकों को प्राथमिकता देता है. सरकारी इंटर्नशिप और इंटेलिजेंस ब्यूरो में सीधे नियुक्ति इस संस्थान में प्रवेश के लिए प्रमुख आकर्षण हैं.

**2. इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, मुंबई:** इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस मुंबई में है. यह संस्थान महाराष्ट्र सरकार के अधीन अपना संचालन चलाता है. संस्थान का पाठ्यक्रम छात्रों को अनुसंधान और अपराध विज्ञान की नई तकनीकों के लिए पर्याप्त समय प्रदान करने पर केंद्रित है. संस्थान द्वारा फॉरेंसिक साइंस में अंडरग्रेजुएट बीएससी से लेकर मास्टर्स और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा तक कई तरह के पाठ्यक्रम पेश किए जाते हैं. इनमें से प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए पात्रता मानदंड अलग-अलग हैं.

**3. आईएफएस शिक्षा विभाग, पुणे:** आईएफएस पुणे देश में अग्रणी फॉरेंसिक विज्ञान शिक्षा संस्थानों में से एक है. इसे भारत सरकार, महाराष्ट्र सरकार जैसे विभिन्न संस्थानों से मान्यता मिली है और इसके अलावा, यह डन और ब्रैडस्ट्रीट, अमेरिकी संघीय सरकार के साथ पंजीकृत है. संस्थान छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के स्व-चालित, बाहरी और नियमित पाठ्यक्रम प्रदान करता है. अधिकांश पाठ्यक्रम छोटी अवधि और लंबी अवधि के विकल्प के साथ फॉरेंसिक विज्ञान का गहन अध्ययन हैं.

**4. ओयू : उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद:** उस्मानिया विश्वविद्यालय में विज्ञान महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1918 में हुई थी. यह फॉरेंसिक विज्ञान के अध्ययन के लिए सबसे प्रीमियम कॉलेजों में से एक है. राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान का दावा करने वाली उस्मानिया यूनिवर्सिटी आज फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में अपना नाम बना चुकी है. विश्वविद्यालय को हैदराबाद स्थित केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा निर्देशित होने का सौभाग्य प्राप्त है. फोरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए बहुत सारी सुविधाओं से पूरी तरह सुसज्जित, उस्मानिया विश्वविद्यालय भारत में सबसे अच्छे पाठ्यक्रमों में से एक को क्रियान्वित करता है. विश्वविद्यालय केवल परास्नातक और डॉक्टरेट पाठ्यक्रम प्रदान करता है . फीस और प्रवेश से संबंधित विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट अधिक उपयोगी होगी.

**5. डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय , सागर:** हरे-भरे पेड़ों और सुरम्य परिदृश्य के बीच डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय का माहौल अध्ययन लायक है. यह विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय का एक हिस्सा है. विश्वविद्यालय के संकायों और विभागाध्यक्षों के रूप में बहुत सारे प्रतिष्ठित न्यायाधीश और वकील हैं. नवीनतम तकनीक से सुसज्जित, अपराध विज्ञान विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए अत्यधिक सक्रिय है कि छात्र फोरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में निर्दोष हों. विश्वविद्यालय स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री प्रदान करता है . प्रवेश के लिए मई के महीने में एक विशिष्ट प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है.

**6. बीयू : बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी:** झांसी में स्थित, यह एकमात्र विश्वविद्यालय है जो अंतरराष्ट्रीय तकनीकों का दावा करने वाली कंप्यूटर फॉरेंसिक प्रयोगशाला से सुसज्जित है. विश्वविद्यालय बहुत अधिक शोध पर ध्यान केंद्रित करता है और छात्रों को इसके लिए प्रोत्साहित करता है. विश्वविद्यालय फोरेंसिक विज्ञान में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट पाठ्यक्रम प्रदान करता है. पात्रता और शुल्क के बारे में अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखी जा सकती है.

**7. गुजरात फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी , गांधीनगर:** यह भारत का पहला विश्वविद्यालय है, जो पूरी तरह से फॉरेंसिक साइंस के अध्ययन के लिए समर्पित है. नवीनतम तकनीक से पूरी तरह सुसज्जित एक हाई-टेक परिसर, विश्वविद्यालय को अपने अद्वितीय बुनियादी ढांचे पर गर्व है. छात्र यहां मास्टर या डॉक्टोरल डिग्री का विकल्प चुन सकते हैं या शॉर्ट टर्म कोर्स के साथ ई-लर्निंग की सुविधा का भी लाभ उठा सकते हैं.


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)